RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 305
नई दिल्ली, सोमवार, 16 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




हिंदू का मतलब विश्व का सबसे उदारतम मानव : भागवत

राष्ट्रीय-10

# केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद छोड़ने का दिया प्रस्ताव

**संजय राय।** नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल से बाहर आने के 48 घंटे के भीतर अचानक इस्तीफा देने की घोषणा कर एक बार फिर राजनीतिक पंडितों को हैरत और गफलत में डाल दिया है। अपने फैसलों से सबको चौंकाने वाले केजरीवाल ने स्वेच्छा से इस्तीफे की पेशकश करके एक तीर से कई निशाने साधने का काम किया है। उनका यह फैसला कई मायनों में आम आदमी पार्टी के लिए मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है। आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली मुख्समंत्री अरविंद कहा कि वह अगले दो दिन बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देगी कि मैं ईमानदार हूं, तब तक सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। इस दौरान उन्होंने यह भी ऐलान किया कि उनके साथ मनीष सिसोदिया ने भी फैसला लिया है कि वह भी उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का पद तभी संभालेंगे, जब जनता चुनाव में जीता कर ईमानदारी का प्रमाण पत्र दे देगी। जल्द ही विधायक दल बैठक में दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का नाम तय किया जाएगा। भाजपा ने आम आदमी पार्टी के संयोजक पर पटवार करते हुए उनके इस फैसले को जनसंपर्क की की कवायद और नाटक करार दिया है।

आम आदमी पार्टी के मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने अरविंद केजरीवाल ने मांग की कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव महाराष्ट्र के साथ फरवरी 2025 के बजाय नवंबर 2024 में कराए जाएं। उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि आज से दो दिन बाद वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने जा रहा हैं और तब तक सीएम की कुखी पर नहीं बैठेंगे जब तक जनता मुझे इमानदारी का प्रमाण पत्र नहीं दे देती। जेल से बाहर आने के बाद अग्निपरीक्षा देना चाहते हैं। उन्होंने सभी राज्य के मुख्यमंत्रियों से अनुरोध किया कि वे किसी भी स्थिति में इस्तीफा न दें और जेल से ही सरकार चलाएं। सूत्रों का कहना है कि उनके इस्तीफे ने कई लोगों को चौंका दिया, लेकिन यह फैसला उतना अप्रत्याशित नहीं हो सकता जितना लगता है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें गत शुक्रवार को जमानत दे दी, लेकिन कई शर्तों के साथ, जो उपराज्यपाल को अधिक अधिकार देती हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण प्रतिबंध उनके मुख्यमंत्री कार्यालय जाने पर प्रतिबंध, आधिकारिक फायलों पर हस्ताक्षर नहीं करना। अगर जरूरी है हस्ताक्षर करना तो उपराज्यपाल की मंजूरी लेना होगा। उन्हें दिल्ली सचिवालय में प्रवेश करने से भी रोक दिया गया है। इस आश्चर्यजनक फैसले ने सभी को हैरान कर दिया है कि दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि अगर वह इस्तीफा देते हैं तो सुनीता केजरीवाल, राखी बिड़लान, आतिश, गोपाल राय और संदीप पाठक सीएम पद के शीर्ष दावेदारों में शामिल हैं। इस चौंकाने वाली घोषणा से आप को चुनावी लाभ मिल सकता है क्योंकि केजरीवाल ने अपनी हालिया घोषणा को नैतिकता के रूप पेश किया, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया कि जब तक उन्हें मतदाताओं से ईमानदारी का प्रमाण पत्र नहीं मिल जाता, तब तक वह सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। केजरीवाल ने दावा किया उन्होंने अपने जीवन में कुछ नहीं कमाया, मेरा और मेरी पार्टी का बैंक खता खाली है। मैंने जीवन में इज्जत और ईमानदारी के अलावा कुछ नहीं कमाया।




नई दिल्ली में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप के अन्य नेता कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए। *रंजन डिमरी/पायनियर*

राजनीतिक विशेषज्ञों ने कहा कि इस कदम का मकसद केजरीवाल के नेतृत्व में भ्रष्टाचार और शासन के बारे में बात करना है और यह आप और उसके समर्थकों को ईमानदारी और जवाबदेही के आख्यान के इर्द-गिर्द लामबंद करने का काम भी करता है। इस बीच, सिर्फ कुछ महीनों के लिए सीएम चुनने से अक्सर सत्ता संघर्ष और बाद में बड़े पैमाने पर बाहर निकलने की स्थिति पैदा हो जाती है, जैसा कि हाल ही में झारखंड में झामुमो के हेमंत सोरेन और चंपई सोरेन के बीच और 2014 में बिहार में जेडी(यू) प्रमुख नीतीश कुमार द्वारा जीतन राम मांझी से शीर्ष सीट वापस लेने के बाद देखा गया था।

इस बीच भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने इसे पीआर स्टंट करार देते हुए दावा किया कि केजरीवाल समझ गए हैं कि दिल्ली की जनता के बीच उनकी छवि एक ईमानदार नेता की नहीं है। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा जमानत की शर्तों के कारण केजरीवाल के पास इस्तीफा देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। सिरसा ने दावा किया कि केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाने के लिए पार्टी विधायकों को मनाने के लिए सीएम पद से इस्तीफा देने के लिए दो दिन का समय मांगा। भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने केजरीवाल की घोषणा को दिल्ली की जनता की जीत करार दिया। उन्होंने कहा, आखिरकार भ्रष्ट केजरीवाल को इस्तीफा देना ही पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट की सख्त कार्रवाई के कारण यह इस्तीफा मजबूरी में दिया जा रहा है, जो व्यक्ति जेल से सरकार चलाने पर अड़ा था, उसे आज इस्तीफा देना पड़ा। यह भ्रष्टाचार के खिलाफ दिल्ली की जनता की बड़ी जीत है। प्रदेश भाजपा के हरीश खुराना ने सवाल किया कि आप नेता नाटक क्यों कर रहे हैं। 48 घंटे बाद क्यों, उन्हें आज ही इस्तीफा दे देना चाहिए। पहले भी उन्होंने ऐसा किया है। दिल्ली के लोग पूछ रहे हैं, वह सचिवालय नहीं जा सकते, फइलों पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते। फिर क्या मतलब है। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने इस्तीफा दिया है। पिछली बार जब केजरीवाल ने इस्तीफा दिया था, तब उनकी सरकार ने केवल 49 दिन काम किया था और इस फैसले को मास्टरस्ट्रोक के रूप में सराहा गया था क्योंकि आप ने वर्ष 2015 में 70 विधानसभा सीटों में से 67 सीटें जीतकर लगभग सभी सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा को केवल 3 सीटें मिली थीं। आप लोग सोच रहे होंगे कि मैं अभी जेल से बाहर आया हूं, वह इस्तीफा क्यों देने जा रहे हैं। उन्होंने मेरे खिलाफ आरोप लगाए हैं। वे कह रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर शर्तें रखी हैं। ( शेष पृष्ठ 9 )





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा जमशेदपुर में टाटानगर-पटना वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। पीटीआई

# मतदाताओं को मिली वंदे भारत की सौगात

**दीपक कुमार झा।** जमशेदपुर/रांची

**कुछ राज्यों** में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने मतदाताओं को लुभाने के लिए वंदे भारत ट्रेनों की सौगात दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई और 660 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ किया। खराब मौसम के कारण सुबह टाटानगर रेलवे स्टेशन से ट्रेनों और अन्य परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा, क्योंकि रांची से टाटा तक हेलीकॉप्टर सेवा संभव नहीं थी।

प्रधानमंत्री मोदी रांची पहुंचे और कार्यक्रम को वर्चुअली शेड्यूल करना पड़ा। प्रधानमंत्री ने लोगों से टाटानगर नहीं पहुंच पाने के लिए माफी मांगी क्योंकि खराब मौसम के कारण मेरा हेलीकॉप्टर रांची से उड़ान नहीं भर सका। बाद में प्रधानमंत्री तय कार्यक्रम के अनुसार राजनीतिक कार्यक्रमों और परिवर्तन महारैली में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से जमशेदपुर पहुंचे।

मोदी झारखंड, गुजरात और ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर हैं, जहां वे कई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और 12,460 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और शुभारंभ करेंगे। झारखंड में इस नवंबर में चुनाव होने हैं। उन्होंने रांची में झारखंड, ओडिशा, बिहार और यूपी के लिए छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, अन्नपूर्णा देवी और

**● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई और 660 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ किया**

संजय सेठ और झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार टाटानगर स्टेशन पर मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि चुनाव वाले राज्यों महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर के लिए भी कुछ रेल परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। मोदी ने कहा, झारखंड में रेलवे लाइन बिछाने, उनका दोहरीकरण करने और रेलवे स्टेशनों पर आधुनिक सुविधाएं विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि विकास में पिछड़ रहे झारखंड में भी इन परियोजनाओं के शुरू होने से तेजी से विकास होगा। केंद्र ने झारखंड के विकास के लिए अपना निवेश बढ़ाया है। इस साल झारखंड को रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 7,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। अगर हम पिछले 10 वर्षों के बजट की तुलना करें तो यह 16 गुना अधिक है। पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड उन राज्यों की सूची में शामिल हो गया है जहां रेलवे नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है।

# न्याय की राह पर कोलकाता

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**केंद्रीय जांच** ब्यूरो ने रविवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल बलात्कार और हत्या मामले में अस्पताल के अधिकारियों और पुलिस के एक वर्ग के बीच 'बड़ी साजिश' और 'गहरी सांठगांठ' का आरोप लगाया है। ताला पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अभिजीत मंडल को गिरफ्तार करने और भ्रष्टाचार के आरोप में पहले से जेल में बंद आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को फिर से गिरफ्तार करने के एक दिन बाद यह आरोप सीबीआई के वकीलों ने लगाते हुए सियालदाह कोर्ट में बताया कि दोनों पक्षों ने सबूत नष्ट करने और मामले को दबाने की साजिश रची थी। मंडल और घोष दोनों को नामित अदालत ने 3 दिन की सीबीआई रिमांड दी है।

सीबीआई ने इस घटना को 'संस्थागत हत्या' करार देते हुए रिमांड पत्र के बिंदु 8 में बताया कि कैसे प्रभारी अधिकारी ने पीड़िता के शव का अंतिम संस्कार करने की अनुमति देने में अतिरिक्त जल्दबाजी दिखाई। रिमांड पत्र में कहा गया है कि जब परिवार के सदस्यों ने दूसरी बार शव परीक्षण की मांग की तो पुलिस ने जल्दबाजी में अंतिम संस्कार की अनुमति दी। घटना की रिपोर्ट पुलिस द्वारा पहली बार प्राप्त होने (सुबह 10.03 बजे) और



कोलकाता में रविवार को सियालदह कोर्ट से बाहर निकलते हुए डॉक्टर बलात्कार और हत्या मामले में आरोपी अभिजीत मंडल। न्यायालय ने मंडल को 17 सितंबर तक सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। पीटीआई

एफआईआर दर्ज करने (रात 11.30 बजे) के बीच 14 घंटे से अधिक के अंतराल पर सवाल उठाते हुए सीबीआई ने अदालत को बताया कि इतना ही नहीं, थाने का प्रभारी अधिकारी एक घंटा देरी से आया था, उन्होंने साथ यह भी बताया कि कैसे पीड़िता की बेहोशी की हालत का वर्णन करते हुए एक सामान्य डायरी नंबर 542 दर्ज किया गया। जबकि मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने पहले ही मृत अवस्था में शव की जांच कर ली थी।

वकील ने कहा कि सीबीआई पुलिस द्वारा की गई जानबूझकर की गई गलती के पीछे के कारण को समझने की कोशिश कर रही है। वकील ने अदालत को यह भी बताया कि जिस तरह से अस्पताल के अधिकारियों ने उसी अस्पताल के अंदर पोस्टमार्टम करने पर जोर दिया वह भी सूर्यास्त के बाद, जहां घटना हुई थी और यह बेहद संदिग्ध मामला था। सूत्रों ने सीबीआई वकील के हवाले से कहा, इसके अलावा, जब पोस्टमार्टम करने वाले सर्जनों में से एक ने सूर्यास्त के बाद पोस्टमार्टम करने के लिए अपेक्षित पुलिस अनुमति मांगी, तो ताला पुलिस स्टेशन के एक सब-इंस्पेक्टर को कथित तौर पर अनुमति पत्र लिखने के लिए कहा गया, जो उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर था,

आरजीकेएमसीएच की एक पोस्टग्रेजुएट महिला डॉक्टर के साथ 8 अगस्त की रात को बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस के एक वर्ग और अस्पताल अधिकारियों के बीच गहरी साठगांठ को स्पष्ट करते हुए, सीबीआई ने कहा कि यह दिखाने के लिए सबूत हैं कि घटना के दिन घोष और मंडल ने बार-बार टेलीफोन पर बातचीत की थी। वकीलों ने कहा कि इसके अलावा, मंडल ने पूरे अपराध स्थल पर अस्पताल के लोगों और बाहरी लोगों की भीड़ को घंटों तक रहने दिया... लोग आते-जाते रहे और सबूतों से छेड़छाड़ की गई। उन्होंने कहा कि यह सब कोलकाता पुलिस के कुछ शीर्ष अधिकारियों के सामने हुआ। सीबीआई सूत्रों ने यह भी कहा कि मंडल के अलावा चार और पुलिस अधिकारी भी उनकी जांच के दायरे में हैं। इनमें एक भारतीय पुलिस सेवा का अधिकारी भी शामिल है। केंद्रीय एजेंसी के सूत्रों ने कहा, इनमें से कुछ अधिकारियों को पूछताछ के लिए जल्द ही नोटिस भेजा जाएगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि सीबीआई और पुलिस के बीच कुछ भी नहीं है और जो भी कदम उठाए जा रहे हैं, वे जांच के हित में उठाए जा रहे हैं।

# मौसम की मार से जूझ रहा पूरा भारत, बारिश बनी आफत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/कोलकता

**भारी बारिश** पूरे देश में अपना रौद्र रूप दिखा रही है। मूसलाधार बारिश से सड़कों पर पानी भर गया है, जानमाल का नुकसान और यातायात बाधित हुआ है। कई राज्यों में भूस्खलन से भारी तबाही हुई है। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक, मानसून की लगातार बारिश ने शहरों की सड़कों को जलमग्न सड़कों, के कारण बचाव कार्यों को प्रभावित करने के साथ ही स्थानीय लोगों को परेशानी से जूझने के लिए मजबूर होना पड़ा। भारतीय मौसम विभाग ने रविवार को पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें रविवार और सोमवार को अत्यधिक भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। बांग्लादेश और उससे सटे पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में बने गहरे दबाव के कारण अगले दो दिनों में छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश, बिहार और त्रिपुरा में बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी करते हुए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, भारत में इस मानसून में अब तक 795.9 मिमी की सामान्य बारिश के मुकाबले 857.5 मिमी बारिश दर्ज हुई है। उल्लेखनीय है कि अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, पंजाब और चंडीगढ़ में बारिश की कमी वाले राज्य हैं और इस साल मानसून के जाने में दो सप्ताह बाकी हैं। आंकड़ों पर नजर डालने से पता चलता है कि पूर्वी और उत्तर-पूर्वी उप-मंडल में 1233.9 मिमी की सामान्य बारिश के मुकाबले 1047 मिमी बारिश हुई है, जो अब तक 15 प्रतिशत कम है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख सहित उत्तर-पश्चिम भारत में 552.5 मिमी की सामान्य बारिश के मुकाबले 590.9 मिमी बारिश हुई है, जो इस मौसम में लगभग 7 प्रतिशत अधिक है।

मध्य भारत में 906.8 मिमी की सामान्य बारिश के मुकाबले 1068.5 मिमी बारिश हुई, जो अब तक 18 प्रतिशत अधिक है। दक्षिण प्रायद्वीप में 631.5 मिमी की सामान्य बारिश के मुकाबले 759.8 मिमी बारिश हुई, जो इस साल लगभग 20 प्रतिशत अधिक है। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में हो रही मूसलाधार बारिश ने राष्ट्रीय राजधानी में सितंबर में वार्षिक और मौसमी औसत बारिश को पार कर लिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस महीने शहर में 1,000 मिमी बारिश दर्ज की गई है जो वर्ष 2021 के बाद से सबसे अधिक और कम से कम पिछले एक दशक में दूसरी सबसे अधिक बारिश है, जबकि मानसून के मौसम में सामान्य तौर पर 650 मिमी बारिश होती है। इस महीने में 125.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से 55 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, इस साल लगातार बारिश ने शहर को जाम का कर दिया है, क्योंकि बारिश के कारण शहर में जलभराव, अंडरपास बंद होना और यातायात जाम की स्थिति पैदा हो गई है, साथ ही शहर में कभी-कभी दृश्यता में कमी भी देखने को मिलती है। इसके कारण डूबने और बिजली के करंट लगने से लोगों की जान भी गई है और कथित तौर पर दिल्ली में अब तक लगभग 40 लोगों की मौत हो चुकी है।



दक्षिण प्रायद्वीप में 631.5 मिमी की सामान्य बारिश के मुकाबले 759.8 मिमी बारिश हुई, जो इस साल लगभग 20 प्रतिशत अधिक है। आईएमडी ने मछुआरों को चेतावनी भी जारी की है, जिसमें समुद्र में संभावित उथल-पुथल के कारण 16 सितंबर की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के उत्तरी भाग और बांग्लादेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तटों पर न जाने की सलाह दी गई है। गंगा के तटीय पश्चिम बंगाल (कोलकाता सहित) और उत्तरी ओडिशा और झारखंड के आस-पास( शेष पृष्ठ 9 )

# भंगेल एलिवेटेड रोड की डिजाइन को मिली हरी झंडी

## परियोजना में करीब 500 करोड़ खर्च किया जाएगा, 6 लेन की 5.50 किमी की एलिवेटेड रोड का होगा निर्माण

- अब 90 मीटर तक करीब आधा मीटर चौड़ाई कम की जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडवासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। दरअसल आईआईटी रुड़की द्वारा प्राधिकरण की डीएससी रोड पर बन रही भंगेल एलिवेटेड रोड के डिजाइन को मंजूरी दे दी गई है। हालांकि पहले प्राधिकरण की ओर से समाधान निकाला गया था कि केवल एलिवेटेड के स्ट्रक्चर को जगह देने के लिए तोड़ा जाएगा, लेकिन अगर ऐसा होता तो दोनों इमारतें करीब 2.5 मीटर टूट जाती है साथ ही इनकी छतें भी टूट जाती। ऐसे में अब इस फैसले को बदल दिया गया है।


फाइल फोटो

प्राधिकरण को शासन की ओर से आदेश मिला था कि किसी नेशनल एजेंसी से डिजाइन को अप्रूव कराया जाए। जिसके बाद प्राधिकरण की ओर से ये डिजाइन आईआईटी को भेज दिया गया था। इसके तहत एलिवेटेड रोड की चौड़ाई आधा मीटर कम की जाएगी। यह चौड़ाई एलिवेटेड के पिलर संख्या 121 से 124 तक करीब 90 मीटर तक कम होगी। इसके बाद चौड़ाई सामान्य हो जाएगी। इसके कारण एलिवेटेड के निर्माण में दो इमारतों का आना है। इन भवनों को भी करीब डेढ़ फीट तक तोड़ा जाएगा। सिविल विभाग के इस प्रस्ताव को प्राधिकरण बोर्ड ने हरी झंडी दिखा दी थी। जिसके बाद आईआईटी रुड़की को इसकी फाइल कॉपी भेजी गई थी। अब वहां से डिजाइन सहित बजट को भी मंजूरी दे दी गई है। आईआईटी रुड़की की मंजूरी मिलने के बाद भंगेल एलिवेटेड पर इसी अनुसार काम शुरू किया जा रहा है।

इस पर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री का कहना है कि, डीएससी रोड पर जंक्शन नंबर 10,11,12 के ऊपर बरौला व भंगेल और सेक्टर-42, सेक्टर 48, सेक्टर 49, सेक्टर 101, सेक्टर 107 के पास 6 लेन की 5.50 किमी की एलिवेटेड रोड का निर्माण किया जा रहा है।

हालांकि इस काम में एक बहुमंजिला इमारत आने के बाद समास्या आ गई थी। अब 90 मीटर तक करीब आधा मीटर चौड़ाई कम की जाएगी। इस एलिवेटेड के निर्माण में करीब 500 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किया जा रहा है। प्राधिकरण की तरफ से पहले ये समाधान निकाला गया था कि केवल एलिवेटेड के स्ट्रक्चर को जगह देने के लिए तोड़फोड़ का कार्य किया जाएगा। लेकिन अगर ऐसा होता तो दोनों इमारतें करीब 2.5 मीटर तो टूटती ही साथ ही इनकी छतें भी टूट जाती।

इसलिए इस फैसलें को बदलकर अब तैयारी यह है कि यहां पर कम तोड़फोड़ करने के लिए करीब 90 मीटर की लंबाई में आधा मीटर चौड़ाई कम कर दी जाएगी।

यह चौड़ाई दोनों तरफ की सड़क की कम होगी। डेढ़ फीट तक इमारत के एक हिस्से को तोड़ दिया जाएगा। जिससे उसके स्ट्रक्चर और एलिवेटेड के स्ट्रक्चर पर किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचेगा। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस एलिवेटेड रोड का निर्माण जून साल 2020 में शुरू हुआ था। अनुबंध के मुताबिक 7 दिसंबर 2022 तक पूरा होना था लेकिन विवाद के कारण यह काम आधा-अधूरा करके ही बंद था।

# गाजियाबाद में करंट से क्रेन के ड्राइवर समेत 2 की मौत

- हाईटेंशन लाइल के चपेट में आई क्रेन, एक बाइक सवार भी झुलसा



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के वेव सिटी इलाके में शनिवार देर रात कंटेनर को निकाल रही क्रेन हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। इस हादसे में क्रेन चालक की करंट लगने से मौके पर मौत हो गई, जबकि तार टूटने से बाइक सवार युवक घायल हो गया।

अस्पताल में उसने भी दम तोड़ दिया। ये हादसा वेव सिटी थाना क्षेत्र में कुडियागडी के पास हुआ। रजवाहे किनारे ईको मैक फैक्ट्री है। यहां पर शनिवार रात करीब डेढ़ बजे एक कंटेनर आया था, जो फैक्ट्री के गेट पर फंस गया। उसे निकालने के लिए क्रेन बुलवाई गई। कंटेनर निकालते वक्त क्रेन चालक का ध्यान नहीं गया और क्रेन का हुड ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से जा टकराया। इससे पूरी क्रेन में करंट उतर आया और ड्राइवर शकील अहमद निवासी गगन एन्क्लेव, कविनगर गाजियाबाद की मौके पर मौत हो गई।

क्रेन का हुड टकराने से हाईटेंशन लाइन का तार टूट गया। इससे बाइक सवार युवक चांद निवासी काजीपुरा चपेट में आ गया। वो गंभीर रूप से झुलस गया। उसको तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान चांद की भी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# ट्रेन टिकट कैंसिल कराने में 4.22 लाख गंवाए

- जालसाज ने गूगल पर नंबर डालकर ठगा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद की एक महिला को ट्रेन का टिकट कैंसल कराने के लिए गूगल से मिले नंबर पर कॉल करना भारी पड़ गया। दरअसल, वो नंबर फ्रॉड का था। उसने महिला को अपनी बातों में ऐसा फंसाया कि वो कुछ समझ नहीं पाई और खाते से 4 लाख 22 हजार रुपए निकाल लिए।

पूरे मामले में पीड़ित महिला ने गाजियाबाद के थाना कौशांबी में एफआईआर कराई है। वैशाली निवासी प्रमिला वोहरा ने बताया- मैंने एक रेलवे टिकट ऑनलाइन बुक कराई थी। ऐन वक्त पर ट्रेन कैंसिल हो गई। इसलिए मैंने टिकट कैंसिल कराने के लिए गूगल पर हेल्पलाइन नंबर सर्च किया। वहां से मुझे एक नंबर मिला। मैंने उस पर कॉल की।

कॉल उठाने वाले व्यक्ति ने रेलवे हेल्पलाइन से खुद को सतीश शर्मा बताया। उसने टिकट कैंसिल कराने के लिए मुझे एक एप डाउनलोड करने को कहा और उस एप का लिंक भेजा। मैंने एप डाउनलोड कर लिया। उसके अंदर एक फार्म मौजूद था।

इसमें नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और कंप्लेंट का कॉलम भरना था। कंप्लेंट वाले कॉलम में मैंने रिफंड भर दिया। प्रमिला वोहरा ने बताया-पूरा फॉर्म भरने के बाद कथित जालसाज ने मुझसे पूछा कि आप रिफंड किस तरह से लेना चाहती हो। मैंने यू पीआई का ऑप्शन दिया। इस पर उसने कहा कि यूपीआई में प्रॉब्लम चल रही है। नेट बैंकिंग के थ्रू रिफंड आ सकता है। मैंने नेट बैंकिंग की इन्फॉर्मेशन डाल दी। इसके बाद मुझे फॉरगेट पासवर्ड का मैसेज आया और चंद मिनटों में मेरे बैंक खाते से पैसे कटने शुरू हो गए। एसबीआई अकाउंट से 1.24 लाख रुपए, पीएनबी अकाउंट से 2.98 लाख रुपए कट गए। पीड़ित महिला के अनुसार-मेरा मोबाइल हैंग जैसा हो चुका था। ऐसा लग रहा था, जैसे मोबाइल का रिमोट फ्रॉड के हाथ में हो। मैंने एटीएम कार्ड को ब्लॉक करना चाहा तो वो भी नहीं हुआ।

# पड़ोसी ने बुजुर्ग महिला को धक्का मारा, मौत

गाजियाबाद। मधुबन बापूधाम में शनिवार देर रात झगड़े में पड़ोसी के धक्का देने से 70 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। महिला अपने बेटे और पड़ोसी के बीच हो रहे विवाद को शांत करवाने का प्रयास कर रही थी।

पुलिस ने आरोपित पड़ोसी को गिरफ्तार कर लिया है। मधुबन बापूधाम जे ब्लॉक स्थित एलआईजी फ्लैट में रहने वाले बिजेंद्र का पड़ोसी माजिद से किसी बात पर विवाद हो गया था। दोनों के बीच हुए विवाद को शांत करने पहुची बिजेंद्र की मां रामवती (70) को माजिद ने धक्का दे दिया। सिर पत्थर में लगने से महिला अचेत हो गई। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# ग्रेटर नोएडा में 6 लेन का आरओबी बनाने की तैयारी

- ग्रेनो-दादरी का रास्ता आसान होगा, 194 करोड़ के प्रोजेक्ट का ब्लू प्रिंट तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) के विकास और दादरी तथा ग्रेटर नोएडा के बीच यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए पल्ला के पास रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज को अब छह लेन का बनाने का निर्णय लिया गया है।

पहले यह चार लेन का प्रस्तावित था, लेकिन आईआईटीजीएनएल (इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड) की पहल पर दो अतिरिक्त लेन की स्वीकृति मिल गई है। इन दो लेन की लागत आईआईटीजीएनएल ही वहन करेगा।



आईआईटीजीएनएल द्वारा बोड़ाकी के पास विकसित किए जा रहे मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) में तीन प्रमुख परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

ग्रेटर नोएडा रेलवे टर्मिनल बोड़ाकी हाल्ट को ग्रेटर नोएडा रेलवे टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल आदि की ओर जाने वाली 50 से अधिक ट्रेनें यहां से संचालित होंगी। इससे यात्रियों को दिल्ली, नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। अंतर्राज्यीय और लोकल बस अड्डा- नया बस अड्डा उद्योगों में काम करने वालों के लिए घर जाने की सुविधा प्रदान करेगा और लोकल बसें भी यहीं से मिलेंगी। मेट्रो कनेक्टिविटी नोएडा-ग्रेटर नोएडा को जोड़ते हुए डिपो स्टेशन से एमएमटीएच तक मेट्रो कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी।

इन परियोजनाओं की कागजी प्रक्रिया अंतिम चरण में है और अगले छह महीनों में इनके निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। पल्ला के पास रेलवे लाइन पार करने के लिए बन रहे ओवरब्रिज को शुरू में चार लेन का बनाया जा रहा था। लेकिन, आईआईटीजीएनएल की कोशिशों के बाद इसे अब छह लेन का बनाया जाएगा, जिससे यातायात की सुविधा और बेहतर होगी और एमएमटीएच के विकास में तेजी आएगी।

## संक्षिप्त समाचार


उत्तर प्रदेश ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष हरवीर पाल का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### हरवीर पाल ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**नोएडा।** गेझा गांव पर सुधीर अवाना जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा नोएडा महानगर के आवास पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष हरवीर पाल का स्वागत किया और उनके साथ भाजपा सदस्यता अभियान को डोर टू डोर चलाया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष हरवीर पाल ने कहा कि, ओबीसी मोर्चा के सभी पदाधिकारी तथा सदस्य भाजपा के सदस्यता अभियान में जुट जाए तथा अधिक से अधिक सदस्य बनाकर भाजपा को फिर दुनियां की सबसे बडी पार्टी बनाने मे अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर रोहित चौधरी पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी,जिला अध्यक्ष उमेश पहलवान ,जिला उपाध्यक्ष सुधीर अवाना, जिला उपाध्यक्ष राम किशन यादव ,जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी विनीत प्रजापति, सुरेंद्र बंसल, संदीप अवाना आदि मौजूद रहे।

### स्कूल मैनेजर पर लगा छात्रा से छेड़खानी का आरोप

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-113 में आवासीय स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा नौ की छात्रा के साथ स्कूल के मैनेजर पर छेड़खानी और बदसलूकी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी स्कूल का मैनेजर होने के साथ टीचर भी है। पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी (15) विद्यालय में पढ़ाई कर रही है। आरोप है कि स्कूल के मैनेजर ने किशोरी के साथ तीन-चार बार ऐसी हरकत की, जोकि आपत्तिजनक और अश्लील रही। किशोरी ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपी मैनेजर नरेंद्र ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। कई बार विरोध करने के बाद भी जब आरोपी की हरकतों में सुधार नहीं हुआ तो किशोरी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। छात्रा मूल रूप से दूसरे जिले की निवासी है। घटना की जानकारी होने के बाद किशोरी के परिवारीजन शनिवार को अन्य लोगों के साथ थाने पर पहुंचे। परिजनों की मांग यह थी कि एफआईआर दर्ज कर आरोपी टीचर को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। मामले की जानकारी होते ही एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र और एसीपी ट्विंकल जैन थाने पर पहुंच गईं। आरोपी टीचर की गिरफ्तारी का आश्वासन मिलने के बाद थाने पर मौजूद पीड़ित पक्ष के लोग वहां से हटे। पुलिस इस मामले में स्कूल मैनेजमेंट और अन्य छात्रों से भी सोमवार को पूछताछ करेगी।

### जेवर में युवक पर जानलेवा हमला

**नोएडा।** ऊंची दनकौर निवासी एक व्यक्ति ने परिवार के लोगों पर पुरानी रंजिश को लेकर लोहे की रॉड से हमला कर घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का पास के ही एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रविवार को नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित अनिल नागर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनके ही परिवार के लोगों से उनका विवाद चला आ रहा है। आरोप कि इसी बात को लेकर आरोपियों ने शनिवार की रात पीड़ित पर उस वक्त हमला कर दिया। जब वह अपने घर से घेर की तरफ जा रहे थे। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उन पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया। जिससे उनके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है। बाद में आसपास के लोगों को आता देख आरोपी पक्ष पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। लहूलुहान स्थिति में पीड़ित को परिवार के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मांगे, विपुल, अतुल, रिंकू और पिंटू समेत 5 के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी पर दबंग किस्म के हैं। जिनके डर की वजह से परिवार के लोग घर से बाहर भी नहीं निकल पा रहे हैं।

# उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाया जाएगा, डिजाइन रिलीज

- 49 करोड़ में होगा काम, 30 केएमपीएच होगी स्पीड लिमिट, 18 सितंबर को कंपनी का होगा चयन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाया जाना है। इसके लिए चौथी बार टेंडर जारी किया गया है। 18 को टेंडर खोला जाएगा। 3 कंपनियां आने पर ही किसी एक कंपनी का चयन किया जाएगा।

पहली बार किए गए टेंडर में तीन कंपनियां आई थीं। केपीसी प्रोजेक्ट लिमिटेड, लीजा इंजीनियर प्राइवेट लिमिटेड और तीसरी सुनील गर्ग एंड कंपनी आई थी। लेकिन ये तीनों की कंपनियां डिस क्वालिफाइड हो गई। दूसरी और तीसरी बार के टेंडर में दो कंपनियां आई। नियमानुसार जब तक तीन कंपनियां नई आती तब तक टेंडर खोला नहीं जाता। अधिकारियों ने बताया कि इस बार थोड़ा बदलाव किया गया है। यहां होने वाला सिविल और इलेक्ट्रिकल काम एक साथ ही किया जाएगा। ये काम एक कंपनी ही कर सकती है। इस रोड को मॉडल बनाने के लिए 49.40 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसका फाइनल डिजाइन भी सामने आ गया है। एक बार यह सड़क मॉडल बन जाती है, तो यहां सड़क के किनारे सर्विस सेंटर को अपनी कार अंदर की खड़ी करनी होगी। बाहर खड़ होने से यहां जाम लगता है।



मॉडल रोड बनाने से पहले गोल चक्कर पर बनी अस्थाई पुलिस चौकी को शिफ्ट किया जाएगा। ये चौकी कहा बनाई जाएगी इसका स्थान चिह्नित नहीं है। इस पूरे रास्ता की स्पीड लिमिट 30 किमी प्रतिघंटा होगी। इससे ज्यादा होने पर सड़क पर लगे स्पीड मीटर से ऑटोमैटिक चालान जनरेट हो जाएगा। इसका ध्यान रखना होगा।

# दिल्ली-मेरठ मार्ग पर तेज रफ्तार बस ने भाई-बहन को कुचला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुरादनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल से पहले ट्यूशन जाने के लिए ऑटो के इंतजार में खड़े भाई-बहन को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने कुचला। हादसे में बहन की मौत हो गई। जबकि भाई की हालत गंभीर बनी हुई है।

गांव जलालाबाद निवासी सचिन कुमार परिवार सहित रहते है। उनकी 15 साल की बेटी निकिता और बेटा शिवम ट्यूशन पढ़ने के लिए रोजाना मोदीनगर जाते है। दोपहर एक बजे के आसपास भाई-बहन गांव जलालाबाद से पैदल चलकर गंगनहर पुल के पास पहुंचे। वह मोदीनगर जाने के लिए कृष्णा सागर होटल के सामने ऑटो के इंतजार में खड़े थे। इसी बीच मुरादनगर की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने भाई बहन को कुचल दिया। दोनों को तुरन्त मोदीनगर के जीवर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर डॉक्टरों ने निकिता को मृत घोषित कर दिया। जबकि शिवम की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

# युवक को बंधक बनाकर मांगी फिरौती

- मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुरादनगर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने युवक का अपहरण कर स्वजन से सवा लाख की फिरौती मांगी। मना करने पर युवक की हत्या करने की धमकी दी। युवक को मनोटा स्थित ओयो होटल रायल आर्बिट इन के कमरे में बंधक बनाए रखा। एक युवक पिस्टल सटाए उसके पास बैठा रहा। पुलिस ने युवक के स्वजन की सूचना पर होटल में छापेमारी कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया।

युवक को सकुशल उसके स्वजन को सौंपा गया है। आरोपितों ने पुलिस को बताया कि कर्ज उतारने के लिए रंगदारी मांगी थी। आरोपित पहले से ही युवक के परिचित थे। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि संगम विहार दिल्ली के रहने वाले लक्ष्मण ने शिकायत की थी कि उनके दोस्त आकाश को कुछ लोगों ने मुरादनगर स्थित ओयो होटल रायल आर्बिट इन में बंधक बनाकर रखा हुआ है। आरोपित उसे छोड़ने के बदले में सवा लाख रुपये की फिरौती मांग रहे हैं। पुलिस को सूचना देने पर आकाश की हत्या करने की धमकी दी गई है। सूचना पर पुलिस आला अधिकारी हरकत में आए और टीम गठित की गई। तत्काल पुलिस ने होटल पर छापेमारी की। मौके से आकाश को बंधन मुक्त कराया और चार आरोपितों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपित हनुमानपुरी मोदीनगर का संजय, बखरवा मोदीनगर का दीपक, दिल्ली के बुराड़ी का आकाश व हरियाणा के गुरुग्राम सेक्टर दस का तरुण हैं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से उनकी दोस्ती आकाश से हुई थी।

इन दिनों चारों आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। कर्ज भी हो गया था। इसलिए उन्होंने आकाश को बंधक बनाया। एसीपी ने बताया कि आरोपितों के पास से पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

# लोक अदालत में 334608 वादों का निस्तारण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय व तहसील स्तर पर जनपद न्यायाधीश अवनीश सक्सेना की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय गौतमबुद्धनगर में किया गया।



जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल 134468 वाद तथा प्री-लिटिगेशन स्तर पर राजस्व न्यायालय द्वारा 86695 मामले तथा बैंक द्वारा 216 मामलें, एनपीसीएल द्वारा 112 मामलें व यूपीपीसीएल द्वारा 2250 मामलें तथा श्रम न्यायालय द्वारा 496 मामलें व धनराशि 54350629 है, पुलिस विभाग द्वारा 4737 मामलों का निस्तारण किया गया। बीएसएनएल द्वारा 73 मामलें तथा तथा यातायात विभाग द्वारा 81290 मामलों का निस्तारण किया गया तथा परिवहन विभाग द्वारा 22615 मामलों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार प्री-लिटिगेशन के 200140 मामलें निस्तारित हुए। ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 334608 वाद निस्तारित हुए। अवनीश सक्सेना, जिला जज 02 वादों का निस्तारण किया गया। मयंक चौहान, भूमि अर्जन पुनर्वासन एंव पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण द्वारा 22 वाद हैं। कुनाल वेपा, पीठासीन अधिकारी, मोटा दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा 36 वाद व समझौता धनराशि 29321545 है। बुद्धि सागर मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 32 वाद है। प्रतिक्षा नागर, अपर जिला जज-प्रथम द्वारा 3 वाद है। विकास नागर, अपर जिला जज, पोक्सो कोर्ट प्रथम द्वारा 1 वाद हैं। संजय सिंह, अपर जिला जज-तृतीय द्वारा 15 वाद है। चन्द्र मोहन श्रीवास्तव अपर जिला जज, पोक्सो कोर्ट प्रथम द्वारा 575 वाद व जुर्माना 6508980 है। बुशरा आदिल रिजवी, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 12 वाद हैं।

# डीएनडी से एक्सप्रेसवे तक जाम मुक्त होगी सड़क

- स्टेटस रिपोर्ट के बाद आएगी 1190 प्लाट की योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के अलग-अलग सेक्टर में 1190 प्लाट खाली है। ये प्लाट औद्योगिक, आवासीय , कॉमर्शियल, संस्थागत और फैसिलिटी के है। ये प्लाट या तो आवंटित नहीं है यदि है तो इन पर निर्माण नहीं किया गया है।

प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने निर्देश दिए कि इन प्लाट का वर्तमान स्टेटस क्या है। यदि ये प्लाट अनाबंटित है या फिर लीज डीड की शर्त के अनुसार निर्माण नहीं हुआ है तो नियमानुसार इनको निरस्त किया जाए। साथ ही योजना निकाली जाए।


नोएडा प्राधिकरण की बैठक में अधिकारियों संग सीईओ लोकेश एम।

बैठक में उन्होंने एनएसईजेड के पास जाम को समाप्त करने के लिए यहां क्रासिंग का निर्माण कराया जाए। जिसमें सड़कों का चौड़ीकरण, फुटपाथ की ऊंचाई कम करना, ट्राइपोड की चौड़ाई कम करते हुए सौन्दर्य करण किया जाए।

उन्होंने निर्देशित किया कि उक्त स्थल का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद इसकी डिटेल तैयार की जाए। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे के इस भाग में लगने वाले भीषण जाम की समस्या को कम करने के लिए दोनों ओर रास्ता को चौड़ा किया जाए। जिसमें मार्ग की सर्विस लेन को मेन कैरिज वे के साथ जोड़ते हुए रोड का सेक्शन बढ़ाया जाएगा। इसके लिए स्थलीय निरीक्षण किया जाए और अन्य विकल्प भी देखे जाए। बॉटेनिकल गार्डन से दिल्ली बॉर्डर तक डीएससी मार्ग का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

ये रास्ता करीब 9 किमी का है। इस एरिया में सड़क के दोनों ओर उद्यान, फुटपाथ री-डिजाइन, स्ट्रीट लाइट, म्यूरल, वॉल पेंटिंग, वेन्डिंग जोन आदि को शामिल करते हुए रास्ते को मॉडल रोड के रूप में विकसित कर मॉडल किया जाए। गेझा सेक्टर-93 में स्थित तालाब को ग्रामीण और सेक्टर वासियों की सुविधा के लिए 1.75 एकड़ तालाब के मूल ढांचे में परिवर्तन किए बिना सौंदर्यीकरण किया जाए। जिसमें क्षतिग्रस्त रैम्प का पुनर्निर्माण किया जाए। परिक्रमा के लिए 3 मीटर चौड़ा पाथ-वे, ग्रीन एरिया, सरोवर की रेलिंग एवं सरोवर के अंदर स्टोन पिचिंग का प्रावधान है।

# जेवर में तेज बारिश से छत टूटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेवर में पिछले कई दिनों से जारी बारिश जेवर क्षेत्र के लोगों के लिए आफत बन गई है। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के जगनपुर गांव में रविवार को बारिश के चलते एक मकान की छत टूटकर गिर गई। इस हादसे में एक पशु की मौत हो गई, जबकि अन्य बाल-बाल बच गए।

परिवार के लोगों का कहना है कि गनीमत रही कि वे घटना के वक्त अन्य कमरे में मौजूद थे। जगनपुर गांव निवासी रतिराम ने बताया कि उनके मकान के एक कमरे में पशु रहते हैं जबकि अन्य कमरों में उनका परिवार रहता है। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण रविवार को कई पशु उस कमरे में बंधे हुए थे। अचानक मकान की छत टूटकर गिर गई, जिससे एक पशु की मौत हो गई। इस दौरान अन्य पशु बाल-बाल बच गए। रतिराम ने कहा कि उन्होंने मरने वाले पशु को हाल ही में सवा लाख रुपये में खरीदा था। वहीं, रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा गांव में भी रमेश नाम के किसान के मकान की छत टूट गई। इस हादसे में चार पशु गंभीर रूप से घायल हो गए। गनीमत रही कि परिवार के लोग घटना के वक्त कमरे से बाहर थे। इसके अलावा क्षेत्रभर में जगह-जगह मकानों में दरारें आ गई हैं, जिससे लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर बारिश इसी तरह जारी रही, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग ने स्थिति का जायजा लिया है और प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# आचार संहिता का पालन करें प्रत्याशी: पर्यवेक्षक

## उम्मीदवार व उनके प्रतिनिधियों की बैठक में ऑब्जर्वर बोले, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आदर्श आचार संहिता तय की है। इसका पालन करना सभी उम्मीदवारों के लिए अनिवार्य है। यह बात जिले की बादशाहपुर व गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक नरेंद्र कुमार दुग्गा, गुड़गांव व सोहना के व्यय पर्यवेक्षक कुंदन यादव तथा पटौदी व बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के व्यय पर्यवेक्षक श्रवण कुमार बंसल ने कही।

वे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के कांफ्रेंस हॉल में जिले की विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों व उनके प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए दी। इस बैठक में बादशाहपुर विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंकित कुमार चौकसी भी उपस्थित रहे। बादशाहपुर व गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक नरेंद्र कुमार दुग्गा ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की पालना करना सभी के लिए अनिवार्य है। किसी उम्मीदवार या उनके समर्थकों द्वारा बार-बार आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया जाएगा तो संबंधित उम्मीदवार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बैठक में उम्मीदवारों व उनके प्रतिनिधियों द्वारा पूछे सवालों के जवाब भी दिए।



पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में उम्मीदवारों व उनके प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते सामान्य व व्यय पर्यवेक्षक।

### बिना अनुमति के प्रचार सामग्री नहीं लगाए

गुड़गांव व सोहना के व्यय पर्यवेक्षक कुंदन यादव ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रचार सामग्री लगाने व जनसभा के लिए स्थान निर्धारित किए गए है। सभी उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार में आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही प्रचार सामग्री लगानी चाहिए। इसके साथ ही जनसभा स्थलों व लाउड स्पीकर के इस्तेमाल आदि की आवश्यक अनुमति प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के कही भी प्रचार सामग्री नहीं लगी होनी चाहिए।

**पर्यवेक्षकों को मोबाइल पर भी दें शिकायत या सूचना:** गुरुग्राम में सामान्य, व्यय व पुलिस ऑब्जर्वर को उनके मोबाइल नंबर भी चुनाव संबंधी सूचना या शिकायत की जा सकती है। 75-पटौदी (अ.जा.) व 78-सोहना के सामान्य पर्यवेक्षक समीर वर्मा, आईएएस को 8800556524 तथा 76-बादशाहपुर व 77-गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक नरेंद्र कुमार दुग्गा, आईएएस को 9289739501 पर संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह गुड़गांव व सोहना के व्यय पर्यवेक्षक कुंदन यादव, आईआरएस को 9289739500 तथा पटौदी व बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के व्यय पर्यवेक्षक श्रवण कुमार बंसल, आईआरएस 9289739503 पर संपर्क किया जा सकता है। पुलिस पर्यवेक्षक गजराव भूपाल, आईपीएस से 8008889163 पर संपर्क किया जा सकता है।

### प्रचार पर पूरी निगरानी

पटौदी व बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के व्यय पर्यवेक्षक श्रवण कुमार बंसल ने कहा कि जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या एफएसटी, वीएसटी, वीवीटी आदि टीम गठित कर रखी है। चुनाव प्रचार के दौरान यह टीम पूरी तरह एक्टिव है। साथ ही बैंकों में होने वाले लेन-देन की आयकर विभाग भी मॉनिटर कर रहा है। ऐसे में सभी उम्मीदवारों को नियमों के दायरे में रहकर अपना चुनाव प्रचार करना चाहिए।

## कांग्रेस प्रत्याशी के भाई ने पूर्व विधायक के गुंडों पर मारपीट का आरोप लगाया

**फरीदाबाद।** जिले के बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की प्रत्याशी पराग शर्मा के भाई ने आरोप लगाया है कि पूर्व विधायक शारदा राठौर के गुंडों ने उनके साथ बृहस्पतिवार को उस वक्त मारपीट की थी, जब वह नामांकन दाखिल करने अपनी बहन के साथ जा रहे थे। पुलिस ने रविवार को बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता वैभव शर्मा ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि घटना के समय राठौर भी मौके पर मौजूद थी और गुंडों में पूर्व विधायक राठौर का भाई भी शामिल था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है लेकिन इसमें किसी को भी नामजद आरोपी नहीं बनाया गया है।

कांग्रेस नेता एवं बल्लभगढ़ की पूर्व विधायक राठौर को पार्टी ने टिकट नहीं दिया और पराग शर्मा को इस सीट से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया है। राठौर ने बतौर निर्दलीय उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वैभव शर्मा द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार 12 सितंबर को उनकी बहन अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए एसडीएम कार्यालय गई थीं।

## क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगने वाले 2 धरे

- मोबाइल टावर लगाने, गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप की फ्रेंचाइजी, पतंजलि व वाहन एजेंसी देने के नाम पर करते थे ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी करने वाले 2 आरोपियों को हनुमान चौक उद्योग विहार से पुलिस ने काबू किया है। जिनकी पहचान कुंदन पटेल निवासी गांव थालपोश जिला नवादा (बिहार) व रणजीत कुमार निवासी गांव जैतीपुर जिला नालंदा (बिहार) के रुप में हुई। पूछताछ के दौरान कई अन्य अपराधों का भी खुलासा हुआ है।

सहायक पुलिस आयुक्त साइबर अपराध प्रियांशु दीवान, साइबर अपराध थाना पूर्व के प्रबंधक निरीक्षक नवीन कुमार की टीम ने सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई की। आरोपियों ने बताया कि वे लोगों से क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपी कुंदन पटेल व उसके साथी को अदालत में पेश करके रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान कुंदन ने खुलासा किया कि उसके आसपास के गांवों में विशेषकर जिला नवादा, नालंदा, शेखपुरा कस्बा, वारसलीगंज व बिहार शरीफ कस्बे में काफी संख्या में युवक मोबाइल टावर लगाने, गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप की फ्रेंचाइजी, पतंजलि, वाहन एजेंसी व अन्य एजेंसी/फ्रेंचाइजी दिलाने/देने के नाम पर ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपी ने बताया कि उसके इलाके के युवक लोगों के पास मैसेज करके तथा सोशल मीडिया के माध्यम से उक्त कार्यों के लिए विज्ञापन डालते हैं। फर्जी सैंक्शन लेटर देकर लोगों से ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से भी फर्जी बनाए हुए टॉवर, गैस एजेंसी व फर्जी लोन पास करने के सैंक्शन लेटर और इसी तरह के अन्य कई प्रकार के फर्जी कागजात बरामद हुए हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे इस तरह की किसी भी ठगी करने वाले साइबर ठगों के झांसे में न आएं और जागरुक रहें।

# प्रत्याशियों को आज अलॉट होंगे चुनाव चिन्ह

- चारों विधानसभाओं में 62 प्रत्याशियों ने किया है नामांकन
- आज सायं 3 बजे तक ले सकते हैं नाम वापस

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

सोमवार की शाम 3 बजे जिला की चारों विधानसभा पटौदी, बादशाहपुर, गुड ?ांव व सोहना के नामांकन भरने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह अलॉट किए जाएंगे। जो उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र वापिस लेने के इच्छुक हैं, वे सोमवार 16 सितंबर की शाम 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र फॉर्म-5 भरकर वापस ले सकते हैं। उसके बाद नामांकन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने रविवार को बताया कि नामांकन वापिस लेने के लिए सम्बन्धित उम्मीदवार द्वारा फॉर्म 5 भरकर देना अत्यंत जरूरी है। अगर उम्मीदवार नहीं है तो फार्म 5 भरने के लिए कैंडिडेट, एजेंट और प्रस्तावक को उम्मीदवार की लिखित में अनुमति लेना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जिला में पटौदी विधानसभा में 8, बादशाहपुर में 15, गुड ?ांव विधानसभा में 20 व सोहना विधानसभा में 19 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हुए है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी उम्मीदवारों से आह्वान किया कि वे चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों की पालना करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उम्मीदवारों से कहा कि वे रैली, रोड़ शॉ व अन्य कार्यक्रमों के लिए प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उम्मीदवार कों रैली, रोड़ शो व अन्य कार्यक्रमों की अनुमति के लिए 48 घंटे पहले ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अगर कोई उम्मीदवार इन आदेशों की उल्लंघना करता है तो उसके खिलाफ निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए 5 अक्टूबर को मतदान होगा।

# 'चुनाव जीतने पर स्वास्थ्य और रोजगार पर रहेगा अधिक ध्यान'

- भाजपा उम्मीदवार एजाज बोले, पुन्हाना में खिलेगा कमल

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

नूंह जिले के पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र से अपने चचेरे भाई और कांग्रेस उम्मीदवार मोहम्मद इलियास के खिलाफ चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार मोहम्मद एजाज खान ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा पर उनका सबसे अधिक ध्यान होगा। खान ने दावा किया कि इस विधानसभा क्षेत्र में कमल खिलेगा। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मुस्लिम समुदाय से दो उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है, जिनमें से एक एजाज खान हैं और दूसरे उम्मीदवार पूर्व विधायक नसीम अहमद हैं, जो फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र से मैदान में हैं। भाजपा उम्मीदवार खान ने कहा कि लोगों को वह समय याद है, जब उनके पिता चौधरी सरदार खान (हरियाणा के पूर्व मंत्री) ने मेवात क्षेत्र के लगभग 4,600 युवाओं को नौकरियां दी थीं। खान (56) ने कहा कि (यदि निर्वाचित हुआ तो) रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा पर मेरा सबसे अधिक ध्यान होगा।

# नए विजन के साथ करेंगे विकास: प्रताप

- कहा- राज्य में जनता के पूर्ण विश्वास और समर्थन से बनेगी कांग्रेस की सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह ने बड़खल विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे जनसम्पर्क के दौरान लोगों का हजूम उमड़ रहा है। जहां जगह जगह हजारों की संख्या में लोग एकत्र होकर विजय प्रताप सिंह का पगड़ी बांध कर व फूलमालाओं से भव्य स्वागत कर रहे हैं विजय प्रताप सिंह ने कहा कि समय नजदीक आ रहा है पिछले दस सालों में बर्बाद हुए बड़खल विधानसभा क्षेत्र का नए विजन के साथ विकास लोगों के आर्शिवाद कर करूंगा। बड़खल विधानसभा उनका परिवार है और लोगों के सुख दुख के लिए उनके दरवाजे 24 घंटे खुले हुए हैं। यह बातें विजय प्रताप सिंह ने रविवार को दर्जन भर से अधिक सभाओं को सम्बोधित करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने शिव दुर्गा विहार, एनआईटी, लक्कड़पुर, सैक्टर-21बी, सैनिक कॉलोनी, दयालबाग, सैक्टर-21डी, एसजीएम नगर में आयोजित जनसभाओं में शिरकत की और जन आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस मौके पर विजय प्रताप ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने फरीदाबाद शहर में जो काम कराए, भाजपा ने उन पर पानी फेरने का काम किया है। आज बड़ी भयावह स्थिति है कि क्षेत्र के लोग बुनियादी सुविधाओं से त्रस्त हैं। लेकिन, वादा करता हूं कि कांग्रेस सरकार आने पर आपको बुनियादी सुविधाओं के लिए धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। पूर्व मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने फरीदाबाद में पानी, बिजली एवं सडक़ों पर बहुत काम किया है विकास के इसी एजेण्डे को लेकर क्षेत्र नवनिर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए सीवर के नाम पर डकार लिए गए, लेकिन जगह-जगह सीवर का पानी भरा हुआ है। इतना ही नहीं गरीब लोगों के राशन कार्ड काट दिए गए।

## सेना से भागा व्यक्ति हेरोइन समेत गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को कहा कि पुलिस ने सेना से भागे एक व्यक्ति के पास से 12 किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। यादव ने कहा कि अमृतपाल सिंह उर्फ फौजी पाकिस्तान से संबद्ध हेरोइन तस्करी रैकेट का एक बड़ा सदस्य है। तरनतारन के कासेल गांव का निवासी फौजी अगस्त 2024 से फरार था, जब 33 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी के बाद उसके साथी सरताज को जम्मू बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया था। यादव ने कहा कि इस गिरोह का जाल अन्य देशों में फैला है और इसकी अगुवाई तरनतारन के मियांपुर गांव का अमृतपाल सिंह बाथ कर रहा है।

# एसयूवी चालक ने चेतावनी को किया था नजरअंदाज: पुलिस

- फरीदाबाद अंडरपास हादसे में दो बैंककर्मियों की मौत पर प्रशासन ने किया दावा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



हरियाणा में ओल्ड फरीदाबाद रेलवे अंडरपास में बारिश के पानी में कार डूबने से उसमें सवार दो बैंक कर्मचारियों की मौत के मामले में एक पुलिस अधिकारी ने दावा किया है कि वे (बैंककर्मी) अवरोधकों और चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए अपने वाहन को अंडरपास में ले गए थे। पुलिस ने बताया कि फरीदाबाद में एक निजी बैंक की शाखा में कोषाध्यक्ष विराज (26) और प्रबंधक पुण्याश्रय शर्मा (48) शुक्रवार रात गुरुग्राम से ग्रेटर फरीदाबाद स्थित अपने घर लौट रहे थे, तभी रात करीब 11:50 बजे उनकी एसयूवी कार पानी से भरे अंडरपास में फंस गई थी। उन्होंने बताया कि एसयूवी-700 सभी चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए अंडरपास में घुस गई और गहरे पानी में फंस गई, जिससे वाहन में पानी घुस गया। पुलिस ने बताया कि राहगीरों ने कार में फंसे दोनों लोगों को बाहर निकलने की काफी कोशिश की और उन्हें बाहर निकाल भी लिया गया, लेकिन विराज की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, शर्मा को बादशाह खान सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को हुई भारी बारिश के कारण अंडरपास जलमग्न हो गया था और एहतियात के तौर पर कारों को अंडरपास की तरफ नहीं जाने की चेतावनी दी जा रही थी। पुलिस उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने बताया, अंडरपास में पानी भरने के कारण इसके प्रवेश द्वार पर अवरोधक लगा दिए गए थे।

पुलिस अधिकारियों ने एसयूवी में सवार लोगों को दूसरे रास्ते से जाने के लिए कहा था। उन्होंने कहा, विराज और शर्मा ने अवरोधक हटा दिए थे और अंडरपास से गुजरने की कोशिश की। पानी में फंसने के बाद कार के दरवाजे पूरी तरह बंद हो गए थे, जिससे दोनों की मौत हो गई। दोनों मृतकों के एक सहकर्मी ने बताया कि विराज और शर्मा रात को बैंक से निकले थे। सहकर्मी अर्जुन सिंह ने कहा, विराज गाड़ी चला रहा था। वह दिल्ली-एनसीआर में नया था और शायद उसे नहीं पता था कि रास्ते में पानी भरा हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार



### कॉलेज की स्वयं सेविकाओं ने सीखे फर्स्ट एड के गुर

**पलवल।** जिला उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल के अध्यक्ष डा. हरीश कुमार वशिष्ठ के कुशल मार्गदर्शन और सचिव बिजेंद्र सौरोत की देखरेख में जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल ने सरस्वती महिला महाविद्यालय में शनिवार को विश्व प्राथमिक सहायता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया। इस अयोजन की अध्यक्षता महाविद्यालय की युवा रेडक्रॉस इकाई की काउंसलर सोनिया भारद्वाज ने की। इस सेमिनार में यूथ रेडक्रॉस तथा कॉलेज की स्पोर्ट्स विंग की 150 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल की जिला प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह ने छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष सितंबर माह के दूसरे शनिवार को विश्व फर्स्ट एड दिवस के रूप मे मनाया जाता है। उन्होंने प्राथमिक सहायता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को फर्स्ट-एड का ज्ञान होना चाहिए।

### महिला सुरक्षा के लिए हरियाणा पुलिस की नई पहल

**गुरुग्राम।** हरियाणा पुलिस ने अपनी आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली के तहत एक नई पहल शुरू की है जिससे अकेले यात्रा कर रही महिलाएं रात के समय अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस के संपर्क में रह सकती हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस सेवा का लाभ उठाने के लिए महिलाएं अब 112 डायल कर सकती हैं और पुलिस नियंत्रण कक्ष के साथ व्हाट्सएप पर अपनी लाइव लोकेशन साझा कर सकती हैं। अधिकारी ने बताया कि उनके पास अपने गंतव्य तक पहुंचने तक पुलिस के साथ बातचीत करने का विकल्प भी होगा। उन्होंने कहा कि पंजीकरण के लिए महिलाएं 112 पर कॉल कर सकती हैं और अपना यात्रा विवरण साझा कर सकती हैं, जिसमें नाम, मोबाइल नंबर, प्रस्थान और आगमन स्थान तथा अपेक्षित यात्रा समय शामिल है। हरियाणा डायल 112 टीम महिला के स्थान को ट्रैक करेगी।

# राव नरबीर ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

बादशाहपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी सालों से अनूठी मुहिम चलाए हुए हैं। अपनी चुनावी जनसभाओं में भी वे लोगों को पर्यावरण का संदेश देना नहीं भूलते।

रविवार को राव नरबीर सिंह ने अपनी हर जनसभा में लोगों से अपील की कि वह पर्यावरण प्रदूषण पर नकेल कसने के लिए कुछ बड़े बदलावों में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि हम लोग कागज का कम से कम इस्तेमाल करके पर्यावरण को बचा सकते हैं। हर साल लाखों पेड़ कागज बनाने के लिए काटे जाते हैं, इसलिए आवश्यक है कि हम वैवाहिक कार्यक्रम व अन्य फंक्शन में कार्ड न छपवाएं। आजकल आधुनिक जमाना है। वाट्सएप व सोशल मीडिया के अन्य माध्यम से हम निमंत्रण दे सकते हैं। अगर इस तरह के प्रयास हम लोगों ने किए तो लाखों पेड़ों को बचाया जा सकेगा। उन्होंने सभाओं में मौजूद लोगों से पालीथिन के इस्तेमाल को बंद करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पालीथिन के कारण हमारा भविष्य खतरे में पड़ रहा है और पृथ्वी प्रदूषित हो रही है। इसका इस्तेमाल आज से ही बंद करना होगा।



भाजपा प्रत्याशी राव नरबीर सिंह खुली जीप में चुनाव प्रचार के दौरान।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह की माता की शोक सभा में पहुंचे अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह की माताजी श्रीमती मिश्री देवी की शोक सभा रविवार को गुरुग्राम के माता रोड स्थित शुभ वाटिका में आयोजित की गई। शोकसभा में उपस्थित विभिन्न पूर्व व वर्तमान प्रशासनिक अधिकारियों सहित अनेक गणमान्य ने दिवगंत आत्मा को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने के लिए प्रार्थना की। शोक सभा में अंत में उपस्थित जनमानस द्वारा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी गई।



श्रीमती मिश्री देवी का 7 सितंबर को 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार 8 सितंबर को सुखराली स्थित शिव शमशान भूमि में किया गया। महिला सशक्तिकरण के लक्ष्यों के साथ निरंन्तर अग्रसर रही स्व. मिश्री देवी ने अपने जीवन में दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसे विषयों पर आवाज मुखर रखते हुए महिला सशक्तिकरण पर बल दिया।

# पृथला को विकसित बनाना ही मेरा पहला लक्ष्य: शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

पृथला विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा ने कहा है कि भाजपा सरकार ने दस सालों में हरियाणा में अभूतपूर्व विकास किया है, शहरी क्षेत्र हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र, सभी जगह विकास का पहिया बराबर चला है।

पृथला क्षेत्र में भाजपा का विधायक न होने के बावजूद भी सरकार ने यहां विकास कार्यो में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ी, इससे साबित होता है कि भाजपा सबका साथ-सबका विकास की नीति के तहत काम करती है, लेकिन अबकि बार क्षेत्र की जनता पृथला क्षेत्र में कमल खिलाने का मन बना चुकी है। श्री शर्मा अपने चुनावी अभियान के तहत गांव साहूपुरा, सागरपुर, जवां, अटेरना, हीरापुर, नरहावली, नरियाला, अटाली आदि में सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रुप से वरिष्ठ भाजपा नेता डा. बलदेव अलावलपुर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा, सुखबीर मलेरना आदि मौजूद थे।



इस दौरान सभाओं में उमड़ी छत्तीस बिरादरी के लोगों ने एक स्वर में टेकचंद शर्मा को विजयी बनाकर हरियाणा विधानसभा भेजने का भरोसा दिलाया। सभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा ने कहा कि जनता ने उन्हें 2014 में बसपा की टिकट पर विजयी बनाकर विधानसभा में भेजा था, उस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार के साथ जुड़कर पृथला क्षेत्र में रिकार्ड 2500 करोड़ के विकास कार्य करवाए थे, इसके बावजूद उनके दिल में पृथला क्षेत्र के लिए अनेकों परियोजनाएं ऐसी थी, जिन्हें वह यहां लाने वाले थे, लेकिन 2019 में भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया।

# बांस काटकर किया दशहरा पर पुतले बनाने का शुभारंभ

- सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्केट नंबर 1 धूमधाम से मनाएगा दशहरा पर्व: राजेश भाटिया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्केट नंबर-एक में दशहरा पर्व मनाने के लिए पुतलों का बांस काटकर विधिवत रुप से शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मंदिर के मुख्य अतिथि विजय प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि रेणुका विजय प्रताप सिंह व प्रधान राजेश भाटिया द्वारा पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात पास काट कर विधिवत रूप से रावण के पुतले बनाने की शुरूआत की गई। इस अवसर पर प्रधान राजेश भाटिया ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया, उन्होंने कहा कि फरीदाबाद शहर में इस बार दशहरा बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर कमेटी के सभी पदाधिकारी व सदस्यगण इस कार्य को लेकर पूरी तत्परता से जुटे हुए है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षो से कुछ राजनेताओं ने राजनीति द्वेष के चलते दशहरा मनाने पर रोक लगा रखी थी।

लेकिन अब ऐसे राजनेताओं को जनता ने उनकी जगह दिखला दी है इसलिए सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर इस बार दशहरा पर्व धूमधाम से मनाएगा। उन्होंने बताया कि आज रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण आदि के पुतलों को बनाने की शुरूआत हो गई है, दूरदराज से कारीगर इन पुतलों को तैयार करेंगे।



# भाजपा शासन में प्रदेश की स्थिति सुधरीः सीएम

## पिहोवा में भाजपा प्रत्याशी जयभगवान शर्मा के कार्यालय के उद्घाटन मौके पर पहुंचे नायब सैनी व सुभाष सुधा

**पायनियर समाचार सेवा।** पिहोवा



भाजपा प्रत्याशी के कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में बोलते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

पिहोवा विधानसभा क्षेत्र के इस्माइलाबाद में रविवार सुबह भाजपा कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंचे और उनके साथ राज्यमंत्री एवं थानेसर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा भी उपस्थित रहे।

पिहोवा हलके के भाजपा प्रत्याशी जयभगवान शर्मा ने सीएम नायब सैनी और राज्यमंत्री सुभाष सुधा के पिहोवा हलके के इस्माईलाबाद में पहुंचने पर फूल-मालाएं पहनाकर और गुलदस्ते भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान सीएम नायब सिंह सैनी, राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं, मंडल - प्रमंडल अध्यक्षों की मौजूदगी में भाजपा प्रत्याशी जयभगवान शर्मा ने इस्माइलाबाद में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय के उद्घाटन के दौरान हरियाणा एक -हरियाणवी एक, सबका साथ-सबका विकास और भाजपा के जयघोष से पूरा पंडाल गूंज उठा। सीएम नायब सैनी व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने भाजपा प्रत्याशी जयभगवान शर्मा को कार्यालय शुभारंभ होने की बधाई दी और विधानसभा चुनाव में पिहोवा हलके की प्रंचड जीत के लिए शुभकामनाएं दीं। मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा शासन में लोगों ने यह अनुभव किया है कि हरियाणा बदला है और हरियाणा की स्थिति पहले से कहीं बेहतर हुई है। सैनी ने कहा कि पहले की सरकारों में नौकरियों में खर्ची-पर्ची चलती थी लेकिन अब ना तो खर्ची चलती है ना पर्ची चलती है और ना ही मर्जी चलती है। भाजपा सरकार के शासन में केवल गरीबों, किसानों, युवाओं की मेहनत और लगन चलती है। सीएम नायब सैनी ने कार्यालय शुभारंभ अवसर पर मौजूद जनसमूह से अपील करते हुए कहा कि वे भाजपा की सरकार बनाने के लिए आगामी 5 अक्तूबर को कमल के सामने वाला बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाएं। कार्यालय शुभारंभ से पूर्व भाजपा प्रत्याशी जयभगवान शर्मा ने रितेश छाबड़ा व अपनी पूरी टीम के साथ नगरखेड़ा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद वे कार्यालय उद्घाटन स्थल पर पहुंचे।

जयभगवान शर्मा ने कहा कि उद्घाटन मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राज्यमंत्री सुभाष की गरिमामयी उपस्थिति हलके में पार्टी को मजबूती प्रदान करेगी। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जनता का आशीर्वाद मिलने पर पिहोवा हलके में विकास की गति और अधिक बढ़ेगी। यहां पर जन-जीवन खुशहाल होगा और अनेक महत्वकांक्षी योजनाओं को रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी में किसानों के लिए विश्राम गृह के निर्माण की पूरी कोशिश की जाएगी। पिहोवा हलके में स्वरोजगार, सेवा, चिकित्सा, समर्पण के नित नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश पुरोहित, उपाध्यक्ष नेत्रपाल राणा, नवीन गर्ग उपाध्यक्ष, सोनू गर्ग उपाध्यक्ष, सुखदेव शर्मा कमोदा उपाध्यक्ष, सलिंद्र सिंह खिदरपुरा उपाध्यक्ष, रामलाल प्रजापत उपाध्यक्ष, नरेश आर्य मंडल महामंत्री, गुलशन शर्मा मंडल महामंत्री, परमजीत कौर सैनी मंडल मंत्री, परमजीत सिंह रंगरेटा, सरदार हरमीत सिंह, दीपक कुमार एडवोकेट, महेश तलवाड़, मनोज शर्मा, सुशील गर्ग कोषाध्यक्ष, दुष्यंत सैनी मीडिया प्रमुख, निर्भय छाबड़ा मीडिया सहप्रमुख, अमित सैनी आईटी प्रमुख, जगदीश मेहला सोशल मीडिया प्रमुख व मयंक शर्मा सोशल मीडिया सह प्रमुख समेत सैंकड़ों जनसमर्थक मौजूद रहे।



विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कुरुक्षेत्र में फ्लैग मार्च करते स्थानीय पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवान।

# पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

- पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर के चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए किया प्रेरित

जिला पुलिस विधानसभा चुनाव को लेकर अलर्ट मोड पर है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के दिशा निर्देशानुसार रविवार को विधानसभा चुनाव के मध्यनजर थाना शाहबाद एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व सीआईएसएफ की टुकड़ी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिले में विधानसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों व सीआईएसएफ जवानों के साथ मिलकर थाना शहर शाहबाद एरिया में फ्लैग मार्च निकाला। थाना शाहबाद प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीमों का फ्लैग मार्च शाहबाद शहर एरिया के विभिन्न गलियों व मार्गों से होकर गुजरा।

पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के पुलिस टीम लिए प्रेरित किया। जनता से अपील की गई कि वह चुनाव के समय किसी भी असमाजिक तत्व के बहकावे में न आकर किसी प्रकार के लालच देने वालों की सूचना तुरन्त अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन/चौंकी या पुलिस कन्ट्रोल रूम में दें ।

# हर वर्ग के हितों का ध्यान रखती है भाजपा सरकारः सुधा

- राधे मंदिर में आयोजित गणेश उत्सव में शामिल हुए भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा

**पायनियर समाचार सेवा।** थानेसर



कुरुक्षेत्र के एल्पाइन होटल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सीनियर सिटीजन फोरम द्वारा आयोजित सीनियर सिटीजन वार्षिक बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में थानेसर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा ने शिरकत की। बैठक में भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा ने फाउंडेशन प्रेसिडेंट केके चौधरी के साथ दीप प्रज्जवलित करके बैठक का शुभारंभ किया। बैठक को संबोधित करते हुए सुधा ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के लोगों के हितों का ध्यान रखती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक का इलाज की योजना शुरू की। जिसमें 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग किसी भी अस्पताल में अपना इलाज बिना किसी शुल्क करा सकते हैं। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि आज इस बैठक में सभी उपस्थित जनों से निवेदन है कि आने वाली 5 अक्तूबर को अधिक से अधिक संख्या में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें।

थानेसर हलके के गांधी नगर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान रविवार को सतीश छत्तीसगढ़िया ने अपने साथियों दिनेश कुमार, नरेश कुमार, नंद दास, राजाराम, युवराज, अंकुश, राधेश्याम, कार्तिक, सन्नी, मनोज, संजू, रोहन, कोमल, मुन्ना, शंकर व भूरा सहित अन्य कई साथियों ने भाजपा परिवार में विश्वास जताते हुए अपना समर्थन भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा को दिया। वहीं, भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा ने सतीश और उनकी पूरी टीम को भाजपा को समर्थन देने पर धन्यवाद किया।

# हरियाणा में स्टार प्रचारकों में राजस्थानी नेताओं का दबदबा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

- भाजपा व कांग्रेस ने दिग्गज नेताओं को सौंपी हरियाणा की कमान

हरियाणा विधानसभा के चुनावी दंगल में भाजपा व कांग्रेस राजस्थान के नेताओं को खूब तवज्जो दे रही है। दोनों पार्टियों की ओर से अब तक एक दर्जन से ज्यादा नेता चुनावी ड्यूटी में लगाए गए हैं। इनमें वर्तमान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे तक का नाम शामिल हैं।

भाजपा के स्टार प्रचारकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ राजस्थान के पांच नेताओं को शामिल किया गया है। इनमें ? हरियाणा प्रभारी और राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डिप्टी सीएम दीया कुमारी शामिल हैं।

कांग्रेस ने भी स्टार प्रचारकों की एक सूची जारी की है. सूची में कुल 40 नाम हैं, जिसमें सबसे पहला नाम अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का है. कांग्रेस की सूची में राजस्थान के 3 नेताओं को जगह दी गई है। इनमें पहला नाम पूर्व सीएम अशोक गहलोत का है। अशोक गहलोत हरियाणा में कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक भी बनाए गए हैं।

पर्यवेक्षक का काम चुनाव की मॉनिटरिंग करना। कांग्रेस के संगठन में चुनाव के वक्त इस पद को अहम माना जाता है. सरकार आने पर पर्यवेक्षक की रिपोर्ट के आधार पर ही मुख्यमंत्री का चयन होता है।

स्टार प्रचारक की लिस्ट में दूसरा नाम पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का है।पायलट कांग्रेस के तेजतर्रार वक्ता माने जाते हैं. तीसरा नाम प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का है। इसके अलावा कांग्रेस ने राजस्थान के कुछ विधायकों को भी ग्राउंड की जिम्मेदारी दे रखी है। इन नेताओं को एक-एक सीट जीताने का काम सौंपा गया है।

**इसलिए राजस्थान के नेताओं को तरजीहः** हरियाणा की सीमा सबसे ज्यादा पंजाब से लगती है। इसके बाद दिल्ली और फिर राजस्थान से, लेकिन यहां के चुनाव में जिस तरह से राजस्थान के नेताओं को तरजीह मिल रही है। हरियाणा में भी राजस्थान की तरह ही जाटों का सियासी दबदबा है। कांग्रेस ने जाटों को साधने के लिए जहां राजस्थान के अपने लोकप्रिय नेता गोविंद सिंह डोटासरा को आगे किया है। उसी तरह बीजेपी में सतीश पूनिया जाटों को लुभाने के लिए आगे आए हैं। भजनलाल शर्मा ब्राह्मण चेहरा हैं और हरियाणा के पड़ोसी राज्य के मुख्यमंत्री हैं. हरियाणा में ब्राह्मणों की आबादी करीब 10 प्रतिशत हैं।

# नायब ही है हरियाणा में भाजपा के मुख्यमंत्री पद का चेहराः प्रधान

- विज की टिप्पणी पर हरियाणा चुनाव के लिए भाजपा प्रभारी ने दिया स्पष्टीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा के मुख्यमंत्री पद का चेहरा हैं और पार्टी उनके नेतृत्व में राज्य में जीत की हैट्रिक बनाएगी।

प्रधान का यह बयान तब आया, जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद अगर पार्टी सत्ता में लौटती है तो वह मुख्यमंत्री पद के लिए दावा पेश करेंगे। विज की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर हरियाणा चुनाव के लिए भाजपा प्रभारी प्रधान ने करनाल में संवाददाताओं से कहा, एक पार्टी कार्यकर्ता होने के नाते उन्होंने ऐसा कहा होगा, लेकिन नायब सिंह सैनी भाजपा के मुख्यमंत्री पद का चेहरा हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हरियाणा में विधानसभा चुनाव राज्य के लोकप्रिय नेता सैनी के नेतृत्व में लड़ रही है। उन्होंने कहा, हरियाणा विधानसभा चुनाव में विजई होकर भाजपा हैट्रिक बनाएगी। प्रधान ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आरक्षण पर हालिया टिप्पणी हरियाणा विधानसभा चुनाव में एक राजनीतिक मुद्दा होगी। उन्होंने दावा किया, कुछ दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि जब उनकी पार्टी सत्ता में आएगी तो वह आरक्षण खत्म कर देगी। यह कोई नई बात नहीं है।

# भाजपा सत्ता में लौटी तो मुख्यमंत्री पद के लिए दावा पेश करूंगाः विज

- पार्टी पहले ही कर चुकी है नायब सिंह के मुख्यमंत्री बने रहने की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** अंबाला



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के पूर्व मंत्री अनिल विज ने रविवार को कहा कि राज्य में पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद अगर पार्टी सत्ता में लौटती है तो वह मुख्यमंत्री पद के लिए दावा पेश करेंगे। छह बार के विधायक विज की इस टिप्पणी से पहले ही भाजपा स्पष्ट कर चुकी है कि अगर वह सत्ता में लौटती है तो नायब सिंह सैनी ही मुख्यमंत्री रहेंगे। विज ने कहा, मैंने आज तक पार्टी से कभी कुछ नहीं मांगा...हरियाणा के लोग मुझसे मिलने आ रहे हैं। यहां तक कि अंबाला में भी लोग मुझसे कहते हैं कि मैं सबसे वरिष्ठ हूं, लेकिन मैं मुख्यमंत्री नहीं बना। लोगों की मांग और वरिष्ठता के आधार पर इस बार मैं मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश करूंगा।

अंबाला कैंट से विधायक विज ने कहा, पार्टी मुझे मुख्यमंत्री बनाती है या नहीं, यह उस पर निर्भर करता है। लेकिन अगर वह मुझे मुख्यमंत्री बनाती है, तो मैं हरियाणा की तकदीर और तस्वीर बदल दूंगा। अंबाला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान की गई टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर बाद में विज ने कहा, मैं पार्टी का सबसे वरिष्ठ विधायक हूं और छह चुनाव जीत चुका हूं तथा सातवां चुनाव लड़ रहा हूं। मैंने अब तक अपनी पार्टी से कभी कुछ नहीं मांगा है। विज (71) ने कहा, लेकिन पूरे हरियाणा और मेरे अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोग मुझसे मिल रहे हैं... मैं मुख्यमंत्री पद के लिए दावा पेश करूंगा। उन्होंने कहा, इस पर फैसला पार्टी आलाकमान को लेना है। जब उनसे कहा गया कि सैनी को पहले ही मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया जा चुका है तो विज ने कहा, दावा करने पर कोई रोक नहीं है। मैं अपना दावा करूंगा, पार्टी को जो फैसला लेना होगा, वह लेगी। चुनाव में अब कुछ ही सप्ताह शेष रह गए हैं, ऐसे में उनके निर्णय के समय के बारे में पूछे जाने पर विज ने कहा कि लोगों के उनसे मिलने आने के बाद उन्होंने यह निर्णय लिया।

गौरतलब है कि मार्च में मनोहर लाल खट्टर की जगह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। हरियाणा की 90 विधानसभा सीट के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। जब 2014 में भाजपा पहली बार अपने बल पर हरियाणा में सत्ता में आई थी, तो विज, रामबिलास शर्मा समेत कुछ अन्य भाजपा नेताओं के साथ मुख्यमंत्री पद की दौड़ में आगे थे, लेकिन पार्टी ने उस समय पहली बार विधायक बने मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाया था। हाल ही में भाजपा को टिकट न पाने वाले अपने कुछ नेताओं की नाराजगी का सामना करना पड़ा है। रणजीत सिंह चौटाला, लक्ष्मण नापा, करण देव कंबोज और कुछ अन्य भाजपा नेताओं ने पार्टी छोड़ दी।

पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा को भी इस बार महेंद्रगढ़ से टिकट नहीं दिया गया। मार्च में, विज इस बात से नाराज बताए गए थे कि जब पार्टी ने मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटाने और उनकी जगह नायब सिंह सैनी को लाने का फैसला किया था, तो उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने उस समय कहा था कि उन्हें इस बारे में भाजपा विधायकों की बैठक में पता चला जिसमें सैनी के नाम की घोषणा की गई। विज को बाद में सैनी के नेतृत्व वाली कैबिनेट में जगह भी नहीं मिली। वरिष्ठ भाजपा नेता ने मार्च में सैनी के शपथग्रहण समारोह से भी दूरी बना ली थी। अप्रैल में अंबाला में जनसभा को संबोधित करते हुए विज ने किसी का नाम लिए बिना कहा था कि कुछ लोगों ने उन्हें अपनी पार्टी में अजनबी बना दिया है। विज ने उस समय कहा था, माना कुछ लोगों ने मुझे मेरी पार्टी में ही बेगाना बना दिया है, पर कई बार बेगाने अपने लोगों से भी ज्यादा काम कर जाते हैं। मनोहर लाल सरकार में गृह मंत्री रहे विज का खट्टर के मुख्यमंत्री रहते अकसर उनसे टकराव होता था। विज यही कहते रहे हैं कि वह भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं, लेकिन जो भी कहना होता है, वह साफ-साफ कहते हैं।

# पशु कल्याण व नशामुक्ति विषय पर कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, में विशेषज्ञ वार्ताः पशु कल्याण और नशामुक्ति विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में दो प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए, और डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. दीक्षित गर्ग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। प्रो. दीक्षित गर्ग के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने छात्रों को व्यक्तित्व विकास, मानव मूल्यों, और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में प्रो. दीक्षित गर्ग के साथ अन्य प्रतिष्ठित प्रोफेसर, जैसे धीरेज कुमार शर्मा, थान सिंह सैनी, लव कुमार, श्वेता राठी, और विजय वर्मा भी उपस्थित रहे। इसके बाद, पशु कल्याण कार्यकर्ता अरविंद ने अपने व्याख्यान और प्रस्तुति के माध्यम से पशु कल्याण और सक्रियता पर गहन जानकारी दी।

# जजपा ने की चार उम्मीदवारों की शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

- जजपा ने लगाया आरोप, समाजसेवा के बहाने मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे बलराज कुंडू, सुभाष गांगुली, धर्म सिंह व रविंद्र मछरौली
- कैथल के जिला उपायुक्त की भी भेजी शिकायत, उपायुक्त ने जिला परिषद की बैठक स्थगित की

हरियाणा में जननायक जनता पार्टी ने प्रदेश के चार अलग-अलग उम्मीदवारों की केंद्रीय चुनाव आयोग से शिकायत की है। इनमें दो उम्मीदवार कांग्रेस के भी शामिल हैं। जजपा ने कहा है कि ये चारों उम्मीदवार समाज सेवा के बहाने आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं तथा मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश में हैं। जजपा ने कैथल के जिला उपायुक्त की भी शिकायत की है, जिन पर आरोप है कि उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए जिला परिषद की बैठक बुलाई है।

इन चारों में महम विधानसभा सीट से हरियाणा जनसेवक पार्टी के प्रत्याशी बलराज कुंडू, सफीदों से कांग्रेस उम्मीदवार सुभाष गांगुली, समालखा से कांग्रेस उम्मीदवार धर्म सिंह छौकर और समालखा से आजाद उम्मीदवार रविंद्र मछरौली शामिल हैं। इन चारों उम्मीदवारों ने अपने-अपने हलके में मुफ्त बस सेवा चला रखी है।

बलराज कुंडू साल 2019 में भाजपा से बागी होकर विधानसभा चुनाव लड़े थे और जीत गये थे, जिसके बाद उन्होंने कुछ दिनों तक राज्य की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार को समर्थन दिए रखा, लेकिन बाद में पूर्व सहकारिता राज्य मंत्री मनीष ग्रोवर के साथ विवाद के चलते कुंडू ने भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। फिर कुंडू ने अपनी हरियाणा जनसेवक पार्टी बना ली थी।

सुभाष गांगुली सफीदो से कांग्रेस के विधायक रहे हैं, जबकि धर्म सिंह छौकर और रविंद्र मछरौली भी समालखा से विधायक रह चुके हैं। जजपा के कार्यालय सचिव रणधीर सिंह की ओर से केंद्रीय चुनाव आयोग में भेजी शिकायत में कहा गया कि मतदाताओं को फ्री बस सेवा का लालच देकर प्रभावित कर रहे है। धार्मिक स्थलों और शिक्षण संस्थानों तक मुफ्त बस सेवा का लालच मतदाताओं को दिया जा रहा। जजपा ने चारों उम्मीदवारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के की मांग की है। जननायक जनता पार्टी ने चुनाव आयोग को कैथल के डीसी के खिलाफ भी शिकायत दी थी, जिस पर अब जिला उपायुक्त ने अगले आदेश तक कैथल जिला परिषद की बैठक स्थगित करने का आदेश दे दिया है।

शिकायत में जजपा ने कहा था कि डीसी ने आचार संहिता का उल्लंघन किया है। डीसी ने आचार संहिता लगने के बावजूद 16 सितंबर को कैथल जिला परिषद की बैठक बुलाई है। बैठक में डीसी द्वारा एजेंडे रखना भी आचार संहिता का उल्लंघन है। शिकायत में कहा गया कि जिला चुनाव अधिकारी होने के बावजूद डीसी नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। जजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत पर कार्रवाई करते तुरंत प्रभाव से बैठक पर रोक लगाने की मांग की थी।

# हरियाणा के मुकाबले जम्मू कश्मीर में नेताओं ने अधिक संख्या में मांगी रैलियों की अनुमति

**नई दिल्ली।** आंकड़ों से यह जाहिर होता है कि विधानसभा चुनावों के मद्देनजर रैलियों के आयोजन एवं बैठक स्थल की बुकिंग के लिए जम्मू कश्मीर में राजनीतिक नेताओं ने हरियाणा के अपने समकक्षों की तुलना में करीब चार गुना अधिक अनुमति ली है। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव तीन चरणों में हो रहा है जो 18 सितंबर से शुरू होगा, जबकि हरियाणा में विधानसभा चुनाव एक ही चरण में पांच अक्टूबर को होना है। जम्मू कश्मीर और हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालयों में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, निर्वाचन आयोग के सुविधा ऐप्लीकेशन के माध्यम से केंद्र शासित प्रदेश में रैली मैदानों और हॉल के लिए 3,100 से अधिक अनुमति दी गई हैं। आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा में इस तरह की 850 से अधिक अनुमति दी गई है। ग्यारह और 12 सितंबर को जम्मू कश्मीर के दौरे पर निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से कहा कि रैलियों या बैठकों में भाग लेने वालों की संख्या पर अंतिम क्षणों में कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा।

# राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं का आगाज

- हॉकी में लड़कियों ने जींद ने फरीदाबाद को 5-0 से हराया

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

राज्य स्तरीय स्कूली आयु 14, 17, 19 आयु वर्ग की चैस, हॉकी व साइकिलिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने किया।

सहायक खेल शिक्षा अधिकारी राधेश्याम शर्मा व सहायक मौलिक शिक्षा अधिकारी हरीश शर्मा ने बताया कि शाहाबाद में हाकी प्रतियोगिता, आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर में चैस तथा राष्ट्रीय मार्ग 152 पर साइकिलिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न जिलों से लगभग 4 हजार खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। साइकिल प्रतियोगिता को सुचारू रूप से चलने के लिए मार्ग पर पुलिस द्वारा व्यवस्था की गई। शिक्षा विभाग द्वारा खिलाड़ियों के ठहराव की उचित व्यवस्था करके शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। ताकि खिलाड़ियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

खेल प्रवक्ता चन्द्रभान कमोदा ने बताया की प्रतियोगिताओं में हाकी प्रतियोगिता में लड़कियों ने अंडर - 14 में जींद ने फरीदाबाद को 5-0 से हराया। चैस अंडर-19 लड़कियों ने अंबाला ने करनाल को 4-0 से हराया। साइकिलिंग प्रतियोगिता में अंडर- 17 में कुरुक्षेत्र ने प्रथम स्थान, पानीपत ने द्वितीय स्थान व पंचकूला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कमल बंसल, कंवरपाल, रणदेव संदीप, रवीना, राजेंद्र सिंह, अनिल मोर, संजीव कुमार, दलविंदर सिंह, किरण कुमार आदि मौजूद रहे।

# क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन करेगा दिल्ली नगर निगम

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) 16 सितंबर से 30 सितंबर 2024 तक नजफगढ़ जोन में स्वच्छता क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन कर रहा है। यह लीग स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य उन स्वच्छता सैनिकों के अथक प्रयासों को पहचानना और उनका उत्सव मनाना है, जो हमारे शहर को साफ रखने के लिए दिन-रात काम करते हैं। स्वच्छता क्रिकेट प्रीमियर लीग के सभी मैच वार्ड 126, खैरा गांव में स्थित हरिकिशन क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाएंगे। खास बात यह है कि केवल स्वच्छता कर्मी ही इस लीग में भाग ले सकेंगे। यह लीग उन मेहनती स्वच्छता कर्मचारियों के लिए एक विशेष आयोजन है, जो हमारे समुदाय की स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यह लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप में खेली जाएगी। जिसमें भाग लेने वाली टीमों को चार समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक मैच 10 ओवर का होगा, हालांकि सेमी-फाइनल और फाइनल मैच अधिक प्रतिस्पर्धा और रोमांचक के लिए 20 ओवर के रखे गए हैं। यह क्रिकेट लीग न केवल हमारे स्व%छता सैनिकों के एथलेटिक कौशल को प्रदर्शित करने का एक मंच है, बल्कि शहर की स्वच्छता और भलाई के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान भी है।

## अलविदा येचुरी

### असमय निधन

**सीताराम येचुरी** का असमय निधन माकपा और भारतीय वाम राजनीति को तगड़ा धक्का है। माकपा महासचिव तथा वरिष्ठ वामपंथी विचारक सीताराम येचुरी अब हमारे बीच नहीं हैं। उनकी मृत्यु दिल्ली में लंबी बीमारी के बाद हुई। भारत के सर्वाधिक लोकप्रिय वामपंथी राजनेता येचुरी ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी और भारतीय राजनीति में गहरा खाली स्थान छोड़ा है। पार्टी के महासचिव तथा भारतीय वामपंथी आंदोलन के प्रमुख विचारक के रूप में सीताराम येचुरी को माकपा के भीतर वैचारिक विभाजनों के बीच सेतु की भूमिका निभाने की क्षमता के कारण जाना जाता था। वे गुटों में विभाजित पार्टी में एकजुटता पैदा करते थे। उनके नेतृत्व में माकपा ने खासकर अपने मजबूत गढ़ों-पश्चिम बंगाल व केरल में घटती प्रासंगिकता की चुनौतियों से निपटने का प्रयास किया। येचुरी के व्यावहारिक दृष्टिकोण ने मार्क्सवादी कट्टरता तथा आधुनिक राजनीति की आवश्यकताओं के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करते हुए अक्सर दक्षिणपंथी शक्तियों, खासकर भाजपा पर लगाम लगाने के लिए, गैर-वामपंथी पार्टियों से गठबंधनों को प्रोत्साहित किया। महासचिव के रूप में उनका कार्यकाल ऐसे युग में पार्टी को पुनर्जीवित करने के प्रयासों से रेखांकित होता है जब कम्युनिस्ट विचारधाराओं का आकर्षण कमजोर हुआ है। संकटों के बीच प्रसन्न तथा सहज बने रहने के स्वभाव ने पार्टी में उनके अनेक प्रशंसक बनाए थे। युवा पीढ़ी से संवाद करने की उनकी क्षमता वास्तव में उल्लेखनीय थी। उनका प्रभाव माकपा और व्यापक वाम गठबंधनों से बाहर तक था जिससे वे देश में प्रगतिशील राजनीतिक विमर्श निर्धारित करने वाली एक प्रमुख शक्ति बन गए थे।



माकपा ने हाल ही में अपने दो प्रमुख नेताओं को खोया है। केवल एक महीने पहले बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन हुआ था और अब येचुरी के दिवंगत होने के बाद पोलित ब्यूरो में खाली स्थान भरना कठिन होगा। जहां बुद्धदेव भट्टाचार्य ने वामपंथ में व्यावहारिक अर्थशास्त्र को प्रवेश दिया था, वहीं सीताराम येचुरी ने वामपंथी राजनीति को ज्यादा मध्यमार्गी ध्रुवीकरण की ओर बढ़ाया था। येचुरी का निधन माकपा के लिए बड़ी चुनौती है। पार्टी के भीतर आंतरिक टकरावों से निपटने की उनकी क्षमता ने ही पार्टी को वैचारिक आधार पर विभाजन से बचाया था। यह टकराव कट्टरपंथियों तथा ज्यादा व्यावहारिक राजनीति के पक्षधर नेताओं के बीच था। उनकी अनुपस्थिति नेतृत्व में ऐसा खाली स्थान छोड़ सकती है जिसके कारण वर्तमान तनाव और गंभीर हो सकते हैं। येचुरी के वारिस का चयन यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा कि माकपा अपने मध्यमार्गी दृष्टिकोण पर चलती रहेगी अथवा वह ज्यादा कट्टरपंथी दिशा में झुकेगी। लेकिन अपनी बौद्धिक क्षमता तथा राजनीतिक समझ के कारण येचुरी जैसे कद्दावर नेता की पूर्ति करना आसान नहीं होगा। हालिया वर्षों में वामपंथी पार्टियां भारत के अधिकांश भागों में चुनावी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही हैं क्योंकि भाजपा और क्षेत्रीय पार्टियों ने उस खाली स्थान को भर दिया है जिस पर परंपरागत रूप से वामपंथ का कब्जा था। एक सज्जन राजनेता के रूप में भारतीय राजनीति सीताराम येचुरी को हमेशा याद रखेगी। वे पार्टी राजनीति से ऊपर उठ कर भारतीय राजनीति में विचारों के व्यापक गठबंधन बनाने में सक्षम थे। येचुरी की अनुपस्थिति का गंभीर अनुभव न केवल उनके कामरेडों को, बल्कि हर ऐसे व्यक्ति को होगा जो उनको एक दयालु व सद्भावनापूर्ण नेता के रूप में देखता था।

# जसवंत सिंह ने निभाई जिम्मेदारी

**जसवंत सिंह ने अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता से कंधार विमान अपहरण कांड से निपटने का काम किया। उन्होंने 161 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली।**

**भूपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं)





जसवंत सिंह ने अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता से कंधार विमान अपहरण कांड से निपटने का काम किया। उन्होंने 161 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली। हालिया ओटीटी सीरीज़- 'आईसी-814' में पात्रों के गलत नामकरण पर लोगों का 'भारी गुस्सा' उमड़ कर सामने आया। आखिरकार सरकार के दबाव में सीरीज़ जारी करने वाले प्लेटफार्म ने अपहरणकर्ताओं के असली नाम शामिल करने पर सहमति जताई। हालांकि, इसके साथ ही अपरिहार्य रूप से सैनिक-राजनेता और विद्वान जसवंत सिंह द्वारा कंधार विमान अपहरण कांड से निपटने में निभाई भूमिका भी सामने आई। निसंदेह इस विमान अपहरण कांड ने भारतीय प्रशासन में व्याप्त भयानक कुप्रबंधन के कारण एक काली छाया छोड़ी थी। इससे खुफिया एजेंसियों के बीच समन्वय व एकजुटता की कमी के साथ विभिन्न पक्षों के बीच कमजोर जुड़ाव भी दिखा जिसके कारण विमान को अमृतसर से उड़ने की अनुमति दी गई।

लेकिन जनता की स्मृति में अभी जसवंत सिंह की वह छवि बनी हुई है जब वे आईसी-814 विमान के यात्रियों तथा चालक दल के सदस्यों को रिहा कराने के लिए तीन आतंकियों को लेकर कंधार गए थे। उस समय वह लोगों ने इसे तत्कालीन केन्द्र सरकार की 'संप्रभु कमजोरी' के रूप में देखा, जबकि दूसरे लोगों का मानना था कि तत्कालीन असंभव दिखने वाली परिस्थितियों में बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत ही एकमात्र माध्यम था। लेकिन यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि उस समय बंधकों और विमान को अपहरणकर्ताओं से मुक्त कराने के लिए 'एंटेबे शैली' की छापामार कार्रवाई लगभग असंभव हो गई थी।

स्वयं जसवंत सिंह ने इस प्रकरण के बारे में कहा, 'यह बुरे निर्णय और बहुत बुरे निर्णय के बीच एक विकल्प था।' अपहृत विमान के बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति-सीसीएस का एक सामूहिक निर्णय था। उस समय सीसीएस की अध्यक्षता तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी और उसमें गृह मंत्री, एनएसए, रक्षा मंत्री तथा विदेश मंत्री जसवंत सिंह शामिल थे। लेकिन ऐसे में सवाल उठता है कि बाद में इसका दोष केवल जसवंत सिंह पर क्यों डाला गया? इसका जवाब कई तरीके से दिया जा सकता है। पहला, एक व्यक्ति के रूप में जसवंत सिंह की दृढ़ता तथा उनके द्वारा अपना 'कर्तव्य' समझने की भावना थी, जबकि दूसरा, वे दूसरों की तुलना में उस स्थिति की गंभीरता को ज्यादा बेहतर तरीके से समझते थे। हालांकि, दूसरे लोग भी इस जटिल व सवालिया फैसले का समान रूप से हिस्सा थे। इसके साथ ही यह सवाल भी है कि आखिरकार जसवंत सिंह ने अपने साथियों का दोष अपने ऊपर लेने से पूरी ताकत के साथ इनकार क्यों नहीं कर दिया? उस समय निकटस्थ लोगों का मानना था कि इसका संबंध जसवंत सिंह की अपनी छवि की भावना तथा अंतर्निहित चेतना से गंभीर रूप से जुड़ा था। सम्मानित सैनिक हमेशा अपने काम को बिना किसी हिचक के या कोई महानता की भावना प्रदर्शित किए करते हैं।

मेजर जसवंत सिंह प्रशंसनीय 'सेंट्रल इंडिया हार्स' के एक घुड़सवार थे और उन्होंने समय-पूर्व भारतीय सेना से त्यागपत्र दे दिया था। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपने पूरे सार्वजनिक जीवन में सैनिक सेवा के दौरान प्राप्त विरासत और मूल्यों का सम्मान किया। सेना ने उनको परिभाषित किया था और उन्होंने बिना किसी 'सेवानिवृत्ति लाभ' के उसे छोड़ा था। उन्होंने कहा था, 'मेरी सेवा ही मेरा लाभ है। सेना ने मुझे जो दिया है, जो सिखाया है और उसने मुझ में जो छोड़ा है वही मेरी अमूल्य पेंशन है।' ऐसा ही 'सज्जन और अधिकारी' वाला गुण पूर्व अमेरिकी रक्षा सचिव जेम्स मैटिस में था। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के बेलगाम प्रबंधन से असहमति व्यक्त करते हुए भी फ्रांसीसी अभिव्यक्ति 'डिवार डी रिजर्व', यानी मौन रहने का दायित्व निभाया था।

जब आईसी-814 के बारे में एक के बाद दूसरा गलत कदम उठाया जा रहा था और कोई भी स्थिति की जिम्मेदारी संभालने के लिए, तैयार नहीं था तब जसवंत सिंह सामने आए और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से अविश्वसनीय तालिबान तथा अनैतिक आईएसआई के बीच से कंधार जाकर बंधकों को रिहा कराने का प्रस्ताव किया। उस समय आमतौर से बड़बोले और सभी जगह उपस्थित रहने वाले मंत्री मीडिया को बाइट देने या बंधकों के परेशान संबंधियों से बातचीत करने में हिचकते थे क्योंकि वे स्थिति की गंभीरता तथा अत्यन्त निराशाजनक स्थिति से परिचित थे। स्थिति लगातार बदल रही थी तथा कुछ भी हो सकता था जिससे निपटने के लिए त्वरित निर्णय लेना जरूरी था और ऐसे में जसवंत सिंह ने सामने आकर मोर्चा संभाला। उनके सहयोगी जहां बेहतर राजनेता थे, वहीं जसवंत सिंह अपने देश के लिए सैनिक थे और उनकी यही सैनिक चेतना सर्वप्रथम एवं सर्वोपरि थी। पहले विपक्ष के सांसद और बाद में रक्षा, विदेशी मामलों और वित्त के कैबिनेट मंत्री तथा बाद में एक बार फिर विपक्षी सांसद के रूप में वे अक्सर राष्ट्रपति भवन जाते थे। वहां हमेशा सिविलियनों के समूह में वे 'बावर्दी' लोगों से आंख मिला कर गरिमापूर्ण ढंग से सिर झुकाते या सैल्यूट किए जाने पर सैल्यूट करते थे।

इन सभी विविधतापूर्ण पेशेवर क्षमताओं में उनका एकमात्र और अराजनीतिक सवाल राष्ट्रपति अंगरक्षकों के कल्याण या उनके शानदार घोड़ों के बारे में होता था। ऐसा करते समय भी उनकी आंखों में विनम्रता के भाव हमेशा बने रहते थे। आईसी-814 प्रकरण आदि के बारे में जसवंत सिंह के अनेक निर्णयों पर सवाल उठते रहे, पर वे हमेशा मूलतः एक गरिमापूर्ण, सभ्य एवंव तार्किक स्वर बने रहे।

जब उनके अपने राजनीतिक समूह में हवाएं बदलीं तो उनको नई संवेदनशीलताओं के आधार पर 'बाहरी' बना दिया गया। ऐसी स्थितियों में एक आदर्श सैनिक के रूप में उन्होंने अपना शिविर छोड़ दिया, पर वे 'दूसरे पक्ष' में नहीं गए, जबकि बहुत से अन्य लोगों ने ऐसा ही किया। वे इतने गरिमापूर्ण थे कि ऐसा कर ही नहीं सकते थे। इसलिए सैनिक शब्दावली में वे रात में खामोशी से एक जहाज की तरह निकल गए, अपने साथियों और पार्टी तथा देश की रक्षा की। उन्होंने कंधार विमान अपहरण कांड के समय बंधकों की सुरक्षा के लिए भी ऐसी ही कदम उठाया था।

उन्होंने एक सैनिक की तरह 'अ काल टु ऑनर' का अवसर आने पर तत्कालीन स्थितियों का गहन आंकलन किया था। उनके सामने अपहृत आईसी-814 विमान के कंधार ले जाने के बाद उसमें फंसे बंधक यात्रियों तथा चालक दल के कुल 161 सदस्यों को मुक्त कराने का 'सही' निर्णय लेने अथवा आतंकवाद के खिलाफ कठोरता से खड़े होकर उन सभी बंधकों को मरने के लिए 'छोड़ देने' का विकल्प था। वर्तमान स्थितियों में अतीत का पूर्वावलोकन करते हुए यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि यदि अपहृतों को छुड़ाने के लिए आतंकियों को रिहा करने का निर्णय न लिया जाता और सभी बंधकों की हत्या हो जाती तो क्या इतिहास इस प्रकरण को सही ठहराता। ऐसे में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा उनकी अध्यक्षता वाली कैबिनेट सुरक्षा समिति-सीसीएस ने सही निर्णय करते हुए 'जीवन' का पक्ष लिया। इसका कारण यह भी था कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लंबी चलनी थी जो आज भी जारी है। लेकिन केवल बंधकों को अपने साथ ले जाने और अपनी जान जोखिम में डालने वाले जसवंत सिंह की छवि खराब करना किसी प्रकार उचित नहीं है।

जसवंत सिंह पुरानी सैनिक शब्दावली में कहे जाने वाले 'जेंटलमैन' का अर्थ भलीभांति समझते थे। वे हमेशा अपने सभी निर्णयों के साथ मजबूती से खड़े होते थे, चाहे उनको गलत समझा जाए या सही। उन्होंने कभी दूसरों पर खराब स्थितियों के कारण दोषारोपण नहीं किया, जबकि दूसरे उन पर दोष लगाने से पीछे नहीं रहते थे, लेकिन एक 'जेंटलमैन सैनिक' की तरह उन्होंने उनको सहन किया। वर्तमान समय में पूर्वावलोकन करते हुए पूर्व विदेश, रक्षा एवं वित्त मंत्री मेजर जसवंत सिंह का समुचित मूल्यांकन करते हुए उनको सम्मानपूर्वक याद किया जाना चाहिए।

# ओजोन लेयर को बचाने की अनिवार्यता

**डॉ सुशील द्विवेदी**
(लेखक पर्यावरण मामलों के जानकार हैं)



हर साल पूरी दुनिया में 16 सितंबर को ओजोन दिवस मनाया जाता है। दरअसल, पृथ्वी के संरक्षण के लिए ओजोन परत की काफी अहम भूमिका होती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक अगर पृथ्वी के चारों और ओजोन परत का यह सुरक्षा कवच नहीं होता तो शायद सौरमंडल के अन्य ग्रहों की तरह हमारी पृथ्वी भी जीवन-विहीन होती।

हर साल ओजोन दिवस मनाने का उद्देश्य है कि लोगों को इसके बचाव के लिए जागरूक किया जाए और इसके महत्व को समझा जा सकें। इस दिवस को मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की याद में मनाया जाता है, जो एक पर्यावरण समझौता था। संयुक्त राष्ट्र और 45 अन्य देशों ने 16 सितंबर 1987 को ओजोन लेयर को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए थे। ये समझौते क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी), हैलोन्स, कार्बन टेट्राक्लोराइड और मिथाइल क्लोरोफॉर्म सहित ओजोन क्षयकारी पदार्थों (ओडीएस) के खिलाफ स्थापित किया गया था। अभी तक विश्व के 197 देश इस प्रोटोकॉल या संधि पर हस्ताक्षर कर ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले रसायनों के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए हामी भर चुके हैं।

इस संधि के लागू होने से सीएफसी और अन्य हानिकारक रसायनों के उत्सर्जन में धीरे-धीरे कमी भी दर्ज की गई. मगर साल 2019 में प्रकाशित विख्यात साइंस जर्नल नेचर की एक रिपोर्ट के मुताबिक अब भी चीन, दक्षिणी कोरिया और न्यूजीलैंड जैसे कई देश पर्यावरण से जुड़े अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन करते हुए अपने उद्योग-धंधों में ओजोन परत के लिए घातक गैसों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर रहे हैं।

विश्व ओजोन दिवसका मूल विषय है 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाना' जो ओजोन परत की रक्षा करने और वैश्विक स्तर पर व्यापक जलवायु के अनुकूल कार्रवाई से जुड़ी पहलों को आगे बढ़ाने में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। विश्व ओजोन दिवस 2024 का मूल विषय भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे बचाने के लिए सतत जलवायु के अनुकूल कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर देता है। यह थीम के जरिए हमें ये बताने की कोशिश की गई है कि जीवन के लिए इस वक्त ऑक्सीजन जितना जरूरी है, उतना ही ओजोन भी अहम है।

ओजोन एक हल्के नीले रंग की गंधयुक्त गैस होती है, जो ऑक्सीजन के तीन अणुओं से मिलकर प्राकृतिक रूप से बनती है और हमारे वायुमंडल में बहुत कम मात्रा (0.00004 प्रतिशत) में पाई जाती है।

जब सूर्य की किरणें वायुमंडल से ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकिरण से इसका कुछ हिस्सा ओजोन में तब्दील हो जाता है।

पृथ्वी के धरातल से लगभग 30 से 40 किलोमीटर की ऊंचाई पर वायुमंडल के समताप मंडल या स्ट्रेटोस्फियर में ओजोन गैस का एक 3 मिलीमीटर पतला आवरण है. यह आवरण धरती के लिए सुरक्षा कवच या फिल्टर की तरह काम करता है. यह सूरज से आने वाली अल्ट्रा वॉयलेट रेडिएशन यानी पराबैंगनी किरणों को लगभग 97 से 99 प्रतिशत तक सोख लेता है. इससे सूरज से निकलने वाली खतरनाक अल्ट्रावायलेट किरणें सीधे पृथ्वी तक नहीं पहुंच पाती हैं।

क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) को ओजोन परत को नष्ट करने के मुख्य कारण के रूप में पहचाना गया है, लेकिन इसमें ब्रोमीन, अन्य हैलोजन यौगिक और नाइट्रोजन ऑक्साइड भी होते हैं जो नुकसान पहुंचाते हैं। सीएफसी को 1930 के दशक में रेफ्रिजरेटर के लिए सस्ते, गैर-ज्वलनशील शीतलक के रूप में थॉमस मिजले द्वारा खोजा गया था। उनका उपयोग रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनिंग, फास्ट फूड पैकेजिंग और प्रोपेलेंट में किया गया है। सीएफसी बहुत स्थिर हैं।

वे धीरे-धीरे क्षय करते हैं और एक सदी तक वातावरण में रहते हैं।सीएफसी बढ़ता है और धीरे-धीरे स्ट्रैटोस्फियर में जमा होता है जहां वे सूरज की पराबैंगनी प्रकाश से टूट जाते हैं, इसलिए क्लोरीन परमाणुओं को छोड़ते हैं। क्लोरीन ओजोन पर हमला करता है, एक क्लोरीन परमाणु 100,000 ओजोन अणुओं को नष्ट करने में मदद कर सकता है।

अब अगर कल्पना करें कि ओजोन परत पृथ्वी के ऊपर से पूरी तरह से हट जाए तो क्या होगा? ऐसा होने पर कई तरह के बदलाव देखने को मिलेंगे, इंसानों में कैंसर जैसी बीमारियां फैलने लगेंगी और सूरज की खतरनाक किरणों का असर पूरी दुनिया में दिखेगा. सूरज की इन किरणों से प्रतिरोधक क्षमता काफी कम हो जाएगी. इसके अलावा बर्फ तेजी से पिघलने लगेगी, जिससे एक बड़ी तबाही हो सकती है. यानी इस सुरक्षा कवच के बिना धरती में जीवन खत्म हो सकता है। ओजोन परत की रक्षा के लिए, दुनिया भर की सरकारों को इन हानिकारक गैसों के उत्सर्जन को कम करने के उपाय करने चाहिए।

अन्यथा, कई पौधे सौर विकिरण से पीड़ित हो सकते हैं, त्वचा कैंसर बढ़ जाएगा, और कुछ और गंभीर पर्यावरणीय समस्याएं होंगी। व्यक्तिगत स्तर पर, नागरिकों के रूप में, आप जो कर सकते हैं वह एरोसोल उत्पादों को खरीदना है जिसमें ओजोन को नष्ट करने वाले कण शामिल नहीं हैं या बने हैं। इस अणु की सबसे विनाशकारी गैसों में से हैं।

सीएफसी (क्लोरोफ्लोरोकार्बन)। वे सबसे विनाशकारी हैं और एक एरोसोल के रूप में जारी किए जाते हैं। उनका वातावरण में बहुत लंबा जीवन है और इसलिए, जो 20वीं शताब्दी के मध्य में जारी किए गए थे, वे अभी भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। हलोजनयुक्त हाइड्रोकार्बन, यह उत्पाद अग्निशामक यंत्रों में पाया जाता है। सबसे अच्छी बात यह सुनिश्चित करना है कि हम जो एक्सटिंगुइशर खरीदते हैं उसमें यह गैस न हो।

मिथाइल ब्रोमाइड. यह लकड़ी के बागानों में इस्तेमाल किया जाने वाला कीटनाशक है। पर्यावरण में छोड़े जाने पर यह ओजोन को नष्ट कर देता है। इन लकड़ियों से बने फर्नीचर को खरीदना आदर्श नहीं है। ऐसे सौंदर्य प्रसाधन, एयरोसोल और प्लास्टिक के कंटेनर, रसे जिसमें क्लोरोफ्लोरोकार्बन विद्यमान हैं, उन उत्पादों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। रुई के गद्दे और तकियों का प्रयोग करें व फोम के उपयोग से बचे।

थर्माकोल अथवा स्टायरोफोम के बने डिस्पोजेबल के स्थान पर मिट्टी के कुल्हड़ों, पेड़ों के पत्तों या फसल अवशिष्ट से बने थाली प्लेट व ग्लास का प्रयोग करें। विश्व ओजोन दिवस एक अवसर है कि हम ओजोन परत के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाएं और लोगों को संरक्षण के लिए प्रेरित करें।

## आप की बात

### विवादास्पद बयान

**उत्तर प्रदेश** के 10 विधानसभा उप-चुनाव के मुहाने पर खड़ी प्रदेश की राजनीति में सपा अध्यक्ष के बयान पर पक्ष विपक्ष में जोरदार बहस जारी है। अखिलेश यादव ने कहा था कि मठाधीश और माफिया में कोई ज्यादा फर्क नहीं है। इस पर न केवल बीजेपी ने उनको कटघरे में खड़ा किया है बल्कि साधु संतों की जमात ने भी इस पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने इसे सनातन धर्म का अपमान करार दिया है। इसी प्रकार सपा अध्यक्ष ने सुल्तानपुर एनकाउंटर के संदर्भ में जाति देखकर एनकाउंटर वाला बयान दिया है। इस पर उत्तर प्रदेश पुलिस के डीजीपी ने बाकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सपा अध्यक्ष के सारे आरोपों को सिरे से खारिज किया है और वीडियो दिखाकर स्थिति स्पष्ट की है। उनके इस बयान पर भाजपा सहयोगी राजभर और निषाद ने भी कहा है कि अखिलेश को मुठभेड़ में मारे जाने वाले जाति विशेष के लोगों पर ही दुख होता है, जबकि अनेक ओबीसी व दलित बदमाश भी पुलिस पर हमला करने के कारण मारे जाते हैं। लेकिन सपा नेता ने कभी इन पर दुःख प्रकट नहीं किया। सपा अध्यक्ष को समझना चाहिए कि ऐसे बयान देकर वे सपा का विस्तार करने के बजाय उसे एक संकुचित खांचे में बंद कर देंगे। ऐसे विवादित बयानों से प्रदेश की प्रगति और माहौल प्रभावित होते हैं।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### हिन्दू-विरोधी चेहरा

**अखिलेश यादव** का हिंदू-विरोधी चेहरा एक बार फिर सामने आ गया। उन्होंने एक बयान में कहा कि मठाधीश और माफिया में ज्यादा फ़र्क नहीं होता। उनका यह बयान न केवल निंदनीय बल्कि हिंदू धर्म की मान्यताओं व संस्थाओं का अपमान करने वाला भी है। वर्तमान मुख्यमंत्री से उनका विरोध किसी से छुपा नहीं है। वह पहले भी योगी आदित्यनाथ की वेशभूषा व भाषा को लेकर कई आरोप लगा चुके हैं। समाजवादी पार्टी से संबंधित कई अपराधियों को यह सरकार जेल की सलाखों के पीछे पहुँचा चुकी है, कुछ का तो एनकाउंटर हो गया है व बुलडोजर एक्शन में कई सपा नेताओं के मकान ज़मींदोज हो चुके है। सपा प्रमुख इससे परेशान हैं। वे अब वह हिंदू धर्म पर अमर्यादित टिप्पणी कर अपने वोटबैंक को खुश करना चाहते हैं। अखिलेश का यह बयान आदि शंकराचार्य का भी अपमान है जिन्होंने सनातन धर्म के प्रसिद्ध चारों धाम व मठ परंपरा की शुरुआत की थी। इस बयान से संत समाज भी क्षुब्ध है व संतों की कड़ी प्रतिक्रियाएँ सामने आ रही है। अखिलेश यादव को इसलिए भी अपने बयान के लिए माफ़ी माँगनी चाहिए क्योंकि वे चुनाव के समय हिंदओ के वोट पाने के लिए मंदिर-मंदिर दौड़ लगाते हैं।

**- पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

### विदेश यात्राओं की सुर्खियां

**विदेश** यात्रा चाहे प्रधानमंत्री की हो या विपक्ष के नेता की, हमेशा सुर्खियों में बनी रहती है। प्रधानमंत्री पर तो विपक्ष विदेशी यात्राओं को लेकर तंज कसता रहता है, जबकि आज विदेशों से मजबूत व्यापारिक व राजनयिक संबंध यह समझने के लिए पर्याप्त है कि मोदी की यात्राएं कितनी फायदेमंद रही हैं। इसके ठीक विपरीत विपक्ष के नेता राहुल गांधी की विदेश यात्रायें हैं। उनकी अमेरिकी यात्रा में सामने आई मेल मुलाकात और बयानबाजियां न देश हित में है और न कांग्रेस व विपक्ष के लिए फायदेमंद। अमेरिका में राहुल ने विभिन्न मुद्दों पर विवादास्पद बयान दिए तो घोषित भारत-विरोधी नेताओं इल्हान उमर, प्रमिला जयपाल और डोनाल्ड लू जैसों से मुलाकात भी की। आज जब भारत की प्रतिष्ठा दुनिया में लगातार बढ़ती जा रही है और दुनिया भर के नेता हमारे साथ राजनयिक संबंध व व्यापार बढ़ाने के इच्छुक हैं, ऐसे में हमारे देश की एकता और अखंडता के खिलाफ बोलने वाले अमेरिकी नेताओं से मिलने की उचित वजह शायद इंडियन ओवरसीज कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ही जानते होंगे। विडंबना है कि भाजपा और मोदी का विरोध करते-करते राहुल गांधी भारत-विरोध करने लगते हैं और कांग्रेसी इसे उचित ठहराते हैं।

**- अमृतलाल मारू**, इंदौर

### येचुरी का आदर्श

**सीताराम येचुरी** के निधन उपरांत परिवार द्वारा उनका देहदान एम्स अस्पताल को किया गया। यह निश्चित रूप से स्वागत योग्य कदम है। बड़े नेता जनता के आदर्श होते हैं। यदि वह कोई अच्छा कार्य शुरू करते हैं तो जनता भी उनसे प्रेरणा लेकर अच्छे कार्य करने का प्रयास करती है। अभी अंगदान और देहदान के मामले में हमारे देश में कोई खास जागृति नहीं है। ऐसे में यदि येचुरी परिवार की तरह बड़े नेताओं के परिवार द्वारा ऐसा निर्णय लिया जाए या बड़े नेता स्वयं जीते-जी देहदान का फॉर्म भर दे तो इससे जनता भी प्रेरित होगी। वैसे सीताराम येचुरी के पहले भी अनेक माकपा नेताओं ने देहदान किया है। कुछ साल पहले गायत्री परिवार ने भी देहदान का अभियान चलाया था जिससे प्रेरित होकर अनेक पत्रकारों, समाजसेवियों, प्रोफेसरों, आदि ने देहदान का संकल्प लिया था। इनमें से अनेक के देहदान व अंगदान हुए भी। लेकिन अनेक मामलों में परिजनों ही मृतक की इच्छा पूरी नहीं करते हैं। अतः सीताराम येचुरी व अन्य देहदानियों के उदाहरणों से प्रेरणा लेते हुए ऐसे अभियानों को व्यापक रूप देने के प्रयास करने चाहिए।

**- विभूति बुपक्या**, खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते हैं।

# भारत ने दिया है 'जियो और जीने दो' का सच्चा लोकतंत्रः योगी

● लोकतंत्र की जननी है भारत' विषयक सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए बोले मुख्यमंत्री



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया में जब सभ्यता, संस्कृति और मानवीय मूल्यों के प्रति आग्रह नहीं था तब भारत मे सभ्यता, संस्कृति और मानवीय जीवन मूल्य चरम पर थे। भारतीय सभ्यता और संस्कृति प्राचीन काल से लेकर अर्वाचीन काल तक लोकतांत्रिक मूल्यों से परिपूर्ण रही है। इसका उद्देश्य किसी का हरण करना या किसी पर जबरन शासन करना नहीं था बल्कि इसकी भावना 'सर्वे भवंतु सुखिन:' की रही है। इसका नया स्वरूप आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' के संकल्प में दिखता है। हमारी ऋषि परंपरा जियो और जीने दो की रही है क्योंकि यही सच्चा लोकतंत्र है और इस मूल्यपरक लोकतंत्र को किसी और ने नहीं बल्कि भारत ने दिया है।

सीएम योगी रविवार को युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 55वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों के सम्मेलनों की श्रृंखला के पहले दिन 'लोकतंत्र की जननी है भारत' विषयक सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे थे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र को लेकर वैदिक कालखंड से लेकर रामायणकालीन और महाभारतकालीन अनेक उद्धरण देखने को मिलते हैं। भारत के लोकतंत्र में प्राचीन समय से लेकर आज तक जनता की आवाज और जनता के हित को ही सर्वोपरि रखा गया है। भारतीय सभ्यता में हमेशा ही यह कह गया है कि प्रजा का सुख ही राजा का दायित्व है। रामायण काल में भगवान श्रीराम ने भी अक्षरश: जनता की आवाज को महत्व दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने भी खुद को कभी राजा नहीं समझा। उनके समय में वरिष्ठ व्यक्ति के नेतृत्व में गणपरिषद शासन का कार्य देखती थी। द्वारिका में जब अंतर्द्वंद्व प्रारंभ हुआ तब इस परिषद के सदस्य आपस में लड़कर मर-मिट गए। उस समय भगवान श्रीकृष्ण ने परिषद के सदस्यों की दुर्गति पर कहा था कि राज्य के नियम प्रत्येक नागरिक पर समान रूप से लागू होते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में कुछ लोगों पर गुलामी की मानसिकता आज भी हावी है। जबकि भारत में लोकतंत्र की जड़ें प्राचीन समय से ही गहरी रही हैं। उन्होंने बताया कि भारत तब गुलाम हुआ जब लोकतंत्र की विरासत को संजोने में चूक हुई। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारत में निरंकुश राजा को सत्ताच्युत करने का अधिकार जनता के प्रतिनिधित्व वाले परिषद के पास होता था। लोकतंत्र में यह स्पष्ट है कि जनता का हित ही सर्वोच्च है। प्राचीन काल में देखें तो वैशाली गणराज्य इसका एक उदाहरण है जहां पूरी व्यवस्था जनता के हितों के लिए समर्पित थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सभी भारतीयों को अपने लोकतंत्र पर और लोकतांत्रिक मूल्यों पर चलकर तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा लोकतंत्र तभी तक सुरक्षित है जब तक हमारा संविधान सुरक्षित है। संविधान को पवित्र भावना से, जाति, मत, मजहब, क्षेत्र से ऊपर उठकर इसे सुरक्षित-संरक्षित रखने का दायित्व सभी लोगों को उठाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम संविधान को सर्वोच्च सम्मान देते हुए आगे बढ़ेंगे तो हमारा लोकतंत्र और मजबूत-पुष्ट होगा।

'लोकतंत्र की जननी है भारत' विषयक सम्मेलन के मुख्य अतिथि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के संस्कार पांच हजार वर्ष पुराने भारतीय मूल्यों से गढ़े गए हैं। सही मायने में भारतीय मूल्यों और संस्कारों से ही लोकतंत्र चल रहा है। श्री हरिवंश ने कहा कि खुलकर अपनी बात रखना ही लोकतंत्र का यथार्थ है और यह मूल्य भारत की हजारों वर्षों की परंपरा में निहित रहे। भारतीय लोकतंत्र में जनता को हर प्रकार की आजादी के साथ खामी को भी ठीक करने की गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी मूल्यों से प्रभावित लोगों ने ही भारतीय लोकतंत्र को आयातित समझने की भूल की है। इस भूल का कारण यह रहा कि भारतीय लोकतंत्र को यूनान को नजर से देखने की आदत डाली गई। उन्होंने कहा कि भारत को आजादी मिलने के बाद कई विदेशी विद्वानों ने कहा था कि भारत में लोकतंत्र टिकेगा नहीं और आज उसका जवाब यह है कि अगले साल हम संविधान लागू होने का अमृत वर्ष मनाने जा रहे हैं। श्री हरिवंश ने कहा कि आज भारत अपने को लोकतंत्र की जननी के वास्तविक नजरिये से दुनिया के सामने पेश कर रहा है। पहले इस विषय पर चर्चा नहीं होती थी। आज भारत ने जी-20 सम्मेलन का माध्यम से इस पर बात की। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी भारतीय लोकतंत्र को लेकर महत्वपूर्ण विमर्श को ऐसे आयोजनों से आगे बढ़ा रहे हैं।

राज्यसभा के उपसभापति ने कहा कि भारत में वेद, पुराण, उपनिषद की और ऋषियों की परंपरा के मूल्य थे। हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में धर्म मार्गदर्शक की भूमिका में था इसलिए हमारे यहां आतताई शासकों का वर्णन नहीं मिलता है। राजा, देवता, जनता सभी धर्म से बंधे थे। भारत मे त्याग और नैतिकता की परंपरा रही है। इसीलिए राजा सर्वशक्तिमान होकर भी स्वेच्छाचारी नहीं था। चक्रवर्ती सम्राट को भी धर्मदंड से चेतावनी दी जाती थी।

हरिवंश ने कहा कि अब्राहम लिंकन द्वारा लोकतंत्र की परिभाषा देने से 2700 वर्ष पूर्व कौटिल्य के अर्थशास्त्र में कहा गया है कि प्रजा के सुख में राजा का सुख निहित है। अशोक के धौली शिलालेख में लिखा है, सारी प्रजा मेरी संतान है। यह सब लोकतंत्र के मूल्य ही तो हैं। अथर्ववेद में भी लोकतांत्रिक प्रणाली का उल्लेख मिलता है। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश इतिहासकार थॉमसन ने कहा था कि लंदन के हाउस ऑफ कॉमंस के नियम भारत की पुरानी सभाओं से लिए गए लगते हैं। जार्ज बर्नाड शॉ ने भी आश्चर्य जताते हुए कहा था कि ग्रीक और रोम की सभ्यता मिट गई लेकिन भारत की सभ्यता, संस्कृति कैसे बची रही, यह रहस्यमय है। वास्तव में इसका सीक्रेट यह है कि भारत की सभ्यता और संस्कृति वेदों, पुराणों की है, ऋषियों की है। भारत की सभ्यता, संस्कृति पुराने मूल्यों से बची रही।

# हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकताः मुख्यमंत्री

● अधिकारियों को दिए समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के निर्देश



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया हर व्यक्ति की समस्या का समाधान कराना संवेदनशील सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हर समस्या का निराकरण कराया जाएगा। हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। जनता दर्शन में लोगों की समस्या सुनने के साथ ही सीएम योगी पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते रहे कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। इसमें किसी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

रविवार सुबह जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने किया गया। जनता दर्शन में आए लोगों को हमेशा की तरह कुर्सियों पर बैठाया गया था। इन लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एक कर और ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने लोगों के प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि किसी की भी जमीन पर कब्जा नहीं होना चाहिए। यदि कोई दबंग या भू माफिया ऐसी हिमाकत कर रहा हो तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। सीएम योगी ने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति ही मानक होनी चाहिए।

जनता दर्शन में हर बार की तरह कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।

# बाल श्रद्धालुओं से मिले सीएम योगी जमकर बरसाया प्यार-दुलार

● बच्चों को चॉकलेट गिफ्ट कर मुख्यमंत्री ने दिया उज्वल भविष्य का आशीर्वाद



**लखनऊ/गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में बाबा गोरखनाथ का दर्शन करने आए बाल श्रद्धालुओं पर जमकर प्यार-दुलार बरसाया। उन्होंने इन बच्चों से खूब बातें की, चॉकलेट गिफ्ट की और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। गोरखनाथ मंदिर में सप्ताह भर चलने वाले श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत शनिवार को श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ में सम्मिलित होने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रविवार सुबह दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रात:काल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री मंदिर की गोशाला में पहुंचे और गोसेवा करते हुए वहां कुछ समय व्यतीत किया।

मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान सीएम योगी ने परिजनों के साथ मंदिर में दर्शन पूजन करने आए बच्चों पर भी खूब प्यार लुटाया। गुरु गोरखनाथ जी के मुख्य मंदिर के सामने मुख्यमंत्री की नजर परिजनों के साथ आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने सबको अपने पास बुला लिया। सभी बच्चों से उनका नाम पूछा, कहां से आए हैं और किस क्लास में पढ़ते हैं, इसकी जानकारी ली। सीएम योगी ने बच्चों से बेहद आत्मीय तरीके से संवाद करने के साथ उनसे हंसी ठिठोली भी की। सबको चॉकलेट गिफ्ट की। फिर सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार-दुलार और आशीर्वाद दिया।

## ग्राम चौपालों में चार लाख से अधिक प्रकरणों का किया गया निस्तारण

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,(गांव की समस्या -गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1448 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4307 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। ग्राम चौपालों मे 3890 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 6945 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 88 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 99 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है।

# कांग्रेस कमेटी ने की 'महिला सदस्यता अभियान' की लांचिग

● भाजपा सरकार द्वारा खोखले वादे किये जा रहे हैं:अरफा खान




**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि भारत में महिलाओं के राजनीतिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के के उद्देश्य से 15 सितंबर 1984 को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी द्वारा महिला कांग्रेस की स्थापान की गई। महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा ''महिला सदस्यता अभियान'' की लांचिग की गई। इसी क्रम में ''महिला सदस्यता अभियान'' कार्यक्रम यूपी की पर्यवेक्षक, एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट अरफा खानम एवं उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस मध्यजोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान महिला सदस्यता अभियान की प्रदेश में शुरुआत की।

अरफा खानम ने 'महिला कांग्रेस स्थापना' दिवस के अवसर पर उपस्थित महिलाओं को बधाई दी। तद्पश्चात पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए अरफा खानम ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा खोखले वादे किये जा रहे हैं जबकि प्रदेश में आए दिन महिलाओं के साथ आपराधिक घटनाएं घट रही हैं और उनकी एफआईआर तक दर्ज नहीं की जाती जो यह दर्शाता है कि भाजपा सरकार महिलाओं की प्रति कितनी संवेदनशील है। अयोध्या स्थित राम मंदिर में अपराधियों द्वारा एक 20 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया जाता है जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। और सूबे के मुख्यमंत्री का यह बयान कि यदि किसी चौराहे पर महिला के साथ अभद्रता होती है तो अगले चौराहे पर अपराधियों को यमराज मिलेंगे। महिला कांग्रेस जानना चाहती है कि यमराज कहां हैं? उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। इसी क्रम में कल कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय जी के नेतृत्व में घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने तथा पीडिता को न्याय दिलाने के उद्देश्य से जनपद अयोध्या जायेगा।

खानम ने कहा कि महिला कांग्रेस द्वारा महिलाओं की प्रमुख तीन मांगों ( महिला सुरक्षा, महंगाई, महिला सशक्तिकरण ) को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया गया जो उन्हें दिलाने तक निरंतर जारी रहेगा। देश की आधी आबादी कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। हमें उनकी आवाज बनकर उनके मुद्दों एवं समस्याओं को हल कराने के लिए संघर्ष करना होगा। आज महिला कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर हम महिला कांग्रेस की महिलाएं संकल्प लेते हैं कि प्रदेश भर में जहां कहीं भी महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं घटेगी हम पीड़ित महिला को न्याय दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे।

# भाजपा सरकार ने उप्र को जंगलराज में बदल दियाः अखिलेश



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को जंगलराज में बदल दिया है। बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में हर दिन बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रही है। बहन-बेटियों की सुरक्षा के सारे दावे फेल हैं। पुलिस जनता की सुरक्षा करने के बजाय उल्टे उन्हें प्रताड़ित कर रही है। लोगों की जान ले रही है। झूठे मुकदमें में निर्दोषों को फंसाया जा रहा है। प्रदेश में अराजकता की स्थिति है। पुलिस असली अपराधियों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई के बजाय कहीं गरीब और निरीह लोगों का फर्जी एनकाउण्टर करती है तो कहीं हिरासत में ही पीट-पीटकर मार देती है। भाजपा सरकार में पुलिस द्वारा लखीमपुर खीरी जिले के फरदान थाना क्षेत्र में पुलिस पिटाई से एक और दलित युवक की मौत हो गयी है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार पीडीए के साथ अन्याय, अत्याचार कर रही है। इस सरकार में दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यक समाज के नौजवानों के खिलाफ पुलिस का अत्याचार नहीं बंद हो रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है। किसी को न्याय नहीं मिल सकता, क्योंकि खुद भाजपाई और पुलिस अन्याय, अत्याचार में शामिल है। सत्ता संरक्षित अपराधियों की पौबारह है। प्रशासन का उन पर कोई नियंत्रण नहीं है। जाति देखकर अपराधियों को सजा या माफी दी जाती है। यादव ने कहा कि अयोध्या में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार एक युवती का जो वीडियों बयान सामने आया है, उससे उत्तर प्रदेश में बढ़ रहे महिला उत्पीड़न और अत्याचार का मूल करण सामने आ गया है। कुछ असंवेदनशील पुलिस कर्मियों की वजह से पीड़िता को रिपोर्ट लिखवाने के लिए कितना अधिक प्रताड़ित होना पड़ा। रिपोर्ट लिखने की जटिलता के कारण कितने अपराध दर्ज नहीं हो पाते जिससे अपराधियों के हौसले बुलन्द हो जाते हैं। महिला अपराध और कानून व्यवस्था पर क्या यही जीरों टॉलरेंस है। सरकार बताये की उसका एंटी रोमियो स्क्वायड कहां लुप्त हो गया? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। कानून व्यवस्था सम्हालने और अपराध रोक पाने में विफल है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है, विकास कार्य ठप्प है। शासन-प्रशासन अकर्मण्यता का शिकार है। जनता समस्याओं से परेशान है। पिछले दिनों हुई बरसात से कई दर्जन लोग बेमौत मारे गये। भाजपा सरकार कहीं भी जनता के प्रति जवाबदेह नहीं दिखाई दे रही है।

## लखनऊ विश्वविद्यालय का 67वां दीक्षान्त समारोह आज

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के 67वां दीक्षांत समारोह 16 सितंबर सोमवार को आयोजित होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पद्मभूषण डॉ. विजय पांडुरंग भटकर होंगे। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। उच्च शिक्षामंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा राज्यमंत्री रजनी तिवारी विशिष्ट अतिथि होंगे। 198 छात्र-छात्राओं को विभिन्न पदक तथा 10,6306 को डिग्री दी जाएगी। डिग्री पाने वालों में संबद्ध कॉलेजों के भी विद्यार्थी शामिल हैं। रविवार को विवि ने डिग्री और पदकों की संख्या जारी की है। परिसर के कला प्रांगण में समारोह के लिए भव्य पंडाल तैयार किया जा चुका है। करीब 1500 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। मेधावी विद्यार्थियों, उपाधिधारकों और विशिष्ट अतिथियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। यूट्यूब पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा। परीत्रा नित्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि 3,40,351 विद्यार्थियों की एबीसी आईडी बन चुकी है। इनकी डिग्री डिजी लॉ पर अपलोड कर दी गई है। सोमवार को आयोजित दीक्षांत में लखनऊ और संबद्ध हरदोई, लखीमपुर खीरी, रायबरेली और सीतापुर के कॉलेजों के 106306 विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी।

### ड्रेस कोड लागू

लेख दीक्षांत समारोह में सभी के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है। पु शिक्षक, अधिकारी, प्राधिकारी सदस्य बंद गले का काला कोट-पैन्ट, काला जूता और महिला शिक्षिक, अधिकारी, प्राधिकारी गोल्डेन बॉर्डर सहित क्रीम सिल्क साड़ी, क्रीम ब्लाउज व काला जूता पहनना होगा। छात्राएं साड़ी तथा छात्र कुर्ता-पैजामा पहनेंगे।

### इन रास्तों से होगी इंट्री

विवि ने दीक्षांत समारोह के लिए रूट प्लान जारी किया है। प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी के मुताबिक सबके लिए अलग गेट से एंट्री तय की है। विद्यार्थी और आमंत्रित सदस्यों को आमंत्रण पत्र देखकर ही जाने दिया जाएगा।

# भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी प्रधानमंत्री का जन्मदिन

● आज से प्रदेश के सभी जिलो में कार्यशालाएं आयोजित की जाएगीं

**लखनऊ।** भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन से सेवा पखवाड़ा प्रारम्भ करेगी। भाजपा सेवा पखवाड़ा के तहत नगर, गांव, गली, मुहल्लों, मजरों, चौपालो सहित सार्वजनिक स्थानों पर सेवा कार्य करेगी। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से विभिन्न सामाजिक व सेवा कार्यो के साथ सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे, जो सेवा परमो धर्म: के संदेश के साथ 02 अक्टूबर तक चलेंगे। 16 सितम्बर को प्रदेश के सभी जिलो में सेवा पखवाड़ा की जिला कार्यशालाएं आयोजित की जाएगीं। प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अभियान के राष्ट्रीय संयोजक के. लक्ष्मण ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की योजना रचना को साझा किया। वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी सम्मिलित रहे। संजय राय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर को पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सहित प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल तथा बूथ पदाधिकारी व कार्यकर्ता, सांसद, विधायक, आयोग, निगम, बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्य, नगर निगम के महापौर व सदस्य, नपा, नगर पंचायत के अध्यक्ष व सदस्य, ब्लाक प्रमुख सहित सभी जनप्रतिनिधि स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रमों को गति प्रदान करेंगे।

# अमरूद पर मण्डरा रहे खतरे के बादल

● एक दशक में आई विदेशी प्रजातियों से निमेटोड का संक्रमण तेजी से बढ़ा

**लखनऊ।** अपने पोषक गुणों और वाजिब दाम में मिलने के चलते अमरूद को गरीबों का सेब कहा जाता है। पर, गरीबों के इस सेब के वजूद पर निमेटोड के संक्रमण का खतरा है। थाई पिंक और ताइवान पिंक जैसी विदेशी प्रजातियों के साथ ही यह संक्रमण भी आया। यह इतना तेजी से फैलता है कि वर्तमान में अमरूद के करीब आधे बागान इसकी चपेट में आ चुके हैं। निमेटोड संक्रमण से अमरूद के बागानों पर उत्पन्न संकट को केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान की ओर से पिछले दिनों मुख्य सचिव के जरिए योगी सरकार को अवगत कराया जा चुका है। उम्मीद है कि बागवानों के हित से जुड़े इस मामले में सरकार जल्द ही कोई एक्शन लेगी।

मुख्य क्षेत्र में रोपाई से 15 दिन पहले निमेटोड संक्रमित ग्राफ्ट की मिट्टी और जड़ों को फ्लोपायरम 0.05न्न घोल से उपचारित किया जाना चाहिए। ग्राफ्ट को जितना संभव हो उतना गहरा रोपण किया जाना चाहिए और फ्लोपायरम के 0.05न्न घोल के 2 लीटर प्रति पौधे की दर पर प्रयोग किया जाना है। अमरूद के बाग की स्थापना के लिए खेत का चयन भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारी मिट्टी निमेटोड के लिए दमनकारी होती है। सबसे अच्छा तरीका यह सुनिश्चित करना है कि नए अमरूद के बाग की स्थापना के लिए चुने गए क्षेत्र में रूट-नॉट निमेटोड की अनुपस्थिति और आईसीएआर फ्यूसिकॉन्ट, सीआईएसएच बैक्टीरियल बायो-एजेंट जैसे जैव-एजेंटों का निरंतर उपयोग किया जाए। संस्थान के वैज्ञानिको ने सीडियम कैटलीनम और अंतर-विशिष्ट मोले रूटस्टॉक जैसे रूटस्टॉक्स की भी पहचान की है जो निमेटोड के प्रति उच्च स्तर की सहिष्णुता दिखाते हैं। इस रोग के प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक रूटस्टॉक्स के तेजी से गुणन पर गंभीरता से काम



कर रहे है। ट्राइकोडर्मा हर्जियानम, पोकोनिया क्लैमाइडोस्पोरिया, पर्प्यूरोसिलियम लिलेसीनम, बैसिलस एमिलोलिकेफेसिएन्स जैसे जैव-नियंत्रक एजेंट भी निमेटोड संक्रमण के प्रबंधन में प्रभावी हैं। पर, बार-बार दोहराने की आवश्यकता होती है। अन्तर शस्यन और जैविक उत्पादों में सूत्रकृमि प्रतिरोधी फसलों का उपयोग मामूली रूप से प्रभावी पाया गया है।

अमरूद की फसल पर संस्थान के रोग विशेषज्ञ डॉ. पीके शुक्ल द्वारा किए गए अध्ययनों से साबित हुआ है कि अमरूद की विदेशी प्रजातियां निमेटोड संक्रमण के लिए अतिसंवेदनशील हैं। जबकि इलाहाबाद सफेदा जैसी पारंपरिक किस्म और स्वदेशी रूप से जारी की गई किस्मों जैसे धवल, ललित, लालिमा, श्वेता आदि में विदेशी किस्मों की तुलना में निमेटोड के प्रति सहिष्णुता अधिक पायी जाती है। बागवानों, किसानों और किचेन गार्डन में लगाने के लिए इन्ही प्रजातियों को प्रोत्साहित किया जाय। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान ने श्वेता और ललित जैसे अमरूद की किस्मों को संरक्षित किया है। इन प्रजातियों को केंद्र और राज्य सरकारों ने बागवानों के लिए संस्तुत भी किया है। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए की इन प्रजातियों की बिक्री केवल उन नर्सरियों से हो जिन्होंने स्रोत संस्थान से प्रौद्योगिकी प्राप्त की है। जो पौध उत्पादक अवैध रूप से इसे बेच रहे हैं, उन पर सख्ती से करवाई की जाय। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के डॉ. प्रभात कुमार के साथ वैज्ञानिकों की टीम ने रोपण सामग्री के साथ निमोटेड के प्रसार से बचने के लिए तकनीक भी तैयार की है।

### अमरूद के लिए गंभीर संकट है निमेटोड संक्रमणः टी. दामोदरन

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) से संबद्ध केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईएसएच) के वैज्ञानिकों द्वारा पिछले पांच वर्षों में किए गए सर्वेक्षण में भी इस संक्रमण के खतरे का जिक्र है। संस्थान के निदेशक डॉ. टी. दामोदरन ने इस संक्रमण को अमरूद की फसल के लिए बड़ा संकट बताया है। निमेटोड के संक्रमण से अमरूद के बागवानों को कई तरह से नुकसान होता है। मसलन संक्रमण के कारण फलों की गुणवत्ता और उपज प्रभावित होती है। साथ ही नियमित अंतराल पर संक्रमण के प्रबंधन के लिए किए जाने वाले खर्च से उत्पादन की लागत बढ़ जाती है। बागों से निमेटोड संक्रमण को खत्म करना संभव नहीं। सिर्फ इसका प्रबंधन ही एक हद तक संभव है। वह भी मुश्किल से। इसमें फ्लोपायरम का प्रयोग अपेक्षाकृत असरदार पाया गया लेकिन यह महंगा है। साथ ही इसका असर भी मात्र छह माह तक ही रहता है।

# हमीरपुर में लकड़बग्घों का आतंक, दहशत में ग्रामीण

## पाटनपुर गांव में 33 भेड़ों को लकड़बग्घों के झुंड ने हमला कर मार डाला

- ग्रामीणों को रात में निकलने पर लगायी रोक
- वन विभाग की टीम कर रही है पेट्रोलिंग
- डीआईजी व कमिश्नर ने मौके पर जाकर लिया जायजा
- भेड़ो का पशु बीमा न होने से पशु मालिक को हुआ लाखों का नुकसान

**संवाददाता।** मौदहा, हमीरपुर

**जिले** में लकड़बग्घा (हायना) की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है, मौदहा क्षेत्र के पाटनपुर गांव में शनिवार को देर रात तैतीस भेडों को शिकार बनाने के बाद बन विभाग ने ग्रामीणों को रात में खेतो में निकलने पर रोक लगा दी है,बन रेजंर का कहना है कि हायना किसी भी व्यक्ति पर किसी समय हमला कर सकता है। घटना के बाद कमिश्नर डीआईजी व बन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया है।

प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) एके श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि गांव मे गयादीन पाल का पशुबेडा घर से चंदकदम दूर पर है पशुवेड़ा एक तरफ खुला होने के कारण लकड़बग्घा झुंड के साथ घुसकर भेड़ो पर आक्रणण कर दिया और करीब पच्चीस भेड़ो व बारह भेडो के बच्चों को घायल कर दिया है जिससे सभी की मौके पर मौत हो गयी है। पशुमालिक जब सुवह जागा तो पशुबाड़े के बाहर कुछ मरी भेडो को देखकर उसके होश उड़ गये। पशु पालक का कहना है कि कम से उनका दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

उसने जाकर गांव में सभी को जानकारी दी पुलिस को जानकारी दी गयी पुलिस ने मौके पर जाकर बन बिभाग की टीम के साथ निरीक्षण किया और सभी मृत भेड़ो का पोस्टमार्टम कराने के बाद गांव के बाहर ही दफ्ना दिया है।

डीएफ्ओ का कहना है कि लकड़बग्घा झुंड में रहते है इधर जिले में बाढ आने से ये हिंसक पशु अपनी मांद छोड़कर गांव की तरफआ जाते है जिससे यह घटना हो गयी है उनका कहना है कि गांव में पांच बन रक्षक व टीम लगा दीगयी है सभी ग्रामीणों को सावधान कर दिया गया है कि कोई भी व्यक्ति घर से बाहर रात में अकेले नही जायेगा बच्चों को विशेष तौर पर जाने पर रोक लगा दी गयी है।

डीएफ्ओ का कहना है कि लकड़बग्घा कभी भी अकेले पाकर मानव हमला कर सकता है। इधर हमीरपुर जिले में इस प्रकार की घटना पहली मर्तवा होने पर ग्रामीण भारी दहशत मे है। जानकारी होने पर चित्रकूटधाम के कमिश्नर एके सिहं व डीआईजी के अलावा डीएम हमीरपुर घनश्याम मीणा मौके पर जाकर ग्रामीणो से बात कर उनको आश्वासन दिया है। पशुओं के साथ घटना होने के बाद पशु बीमा को लेकर फिर से चर्चा छिड़ गयी है। जिले में केवल दस फीसदी पशुओं का बीमा है इसके लिये शासन ने एक कंपनी को जिम्मेदारी भी दी है।

मगर उसका कार्यालय झांसी में होने के कारण पशुओं का बीमा नही हो पा रहा है यदि पशु चिकित्सा विभाग व अन्य विभाग चिंता करके पशुओं का बीमा करा दे तो असमय होने वाली घटनाओ को पशुपालकों को हुये नुकसान की निर्धारित राशि मिल सकती है। मौदहा क्षेत्र के रेंजर सुरेश कुमार का कहना है कि पशुओ का बीमा नही है इसलिये कोई लाभ नही मिल पायेगा।

## सट्टी पुलिस के हत्थे चढ़ा हिस्ट्रीशीटर अपराधी



**कानपुर देहात।** अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम/खुलासे व वांछित/वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना सट्टी पुलिस द्वारा दिनांक 14 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर वारन्टी अभियुक्त विजय दोहरे उर्फ लल्ला पुत्र रामेश्वर दोहरे निवासी ग्राम अफसरिया की मडैया थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 47 वर्ष थाना सट्टी कानपुर देहात को ग्राम अफसरिया की मडैया, अभियुक्त के दरवाजे से शांम आठ बजे गिरफ्तार किया गया। वारन्टी अभियुक्त विजय दोहरे उर्फ लल्ला उपरोक्त थाना स्थानीय का हिस्ट्रीशीटर है, जिसका एचएस नं0 294ए है। गिरफ्तारशुदा वारन्टी अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# हाईस्कूल की छात्रा की हत्या कर शव को बाग में फेंका, पुलिस ने किया बरामद

**संवाददाता।** फतेहपुर

**शनिवार** शाम कोचिंग पढ़ने निकली छात्रा के घर न पहुचने पर शुरू हुई खोजबीन के बाद पुलिस में दी गई तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस तलाश शुरू की। लेकिन देर रात तक सफ्लता नही मिल पाई। रविवार सुबह बिन्दकी बाईपास में किशोरी का हत्यायुक्त शव आम के बाग में मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ, फोरेंसिक सहित भारी पुलिस बल पहुंच गया और छानबीन शुरू कर दी।

बिन्दकी के जहानपुर पैगम्बरपुर मोहल्ला निवासी स्व. दिलशाद की 15 वर्षीय पुत्री अक्सरा नेहरू इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा थी। परिजनों ने बताया कि घर से कुछ ही दूर स्थित अंग्रेजी व एक किमी दूर गणित की कोचिंग पढ़ने सहेलियों के साथ शाम चार बजे जाती थी। शनिवार की शाम उसकी सहेली आसना ने घर पहुचकर बुलाया तो उसने बुखार आने को बताया और नही गई, जैसे ही सहेली घर से निकल गयी। उसके करीब आधा घण्टा बाद ही वह भी कोचिंग के लिए निकल गई लेकिन काफी समय तक जब किशोरी घर नही पहुची तो परिजनों को आशंका होने लगी और तलाश शुरू कर दी जब किशोरी कुछ पता नही चला तो परिजनों ने पुलिस में तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

बताया कि वार्ड के सभासद विशाल गुप्ता व एक सैकड़ा मोहल्ले के लोग, परिजन व पुलिस रात ढाई बजे तक खोजबीन की लेकिन छात्रा का कुछ पता नही चला। रविवार की सुबह करीब सात बजे ग्रामीणों ने आम के बाग में किशोरी का हत्यायुक्त शव देखा तो सनसनी फैल गई। बताया कि किशोरी के सिर, गले व आंख पर गम्भीर चोट के निशान मिले हैं। उसकी एक सैंडल व हेयरबैंड दूर मिला और शव के आसपास शराब की कुछ बोतले भी मिली। सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाल संजय कुमार पांडे पुलिस बल के साथ पहुंच गए। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल, एएसपी विजय शंकर मिश्रा, सीओ वीर सिंह, फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

एसपी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए टीम गठित कर दी गयी है जल्द ही आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल की सलाखो के पीछे भेजा जायेगा।

# नवागत जिलाधिकारी रवींद्र सिंह ने संभाला जिले का पदभार



**फतेहपुर।** जनपद स्थानांतरण के बाद नवांगतुक जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने कोषागार पहुंचकर जिलाधिकारी पद का चार्ज ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना समेत अन्य अफसरों ने उन्हें बुके देकर जनपद आगमन पर स्वागत किया। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह को काफी तेज तर्रार अधिकारी माना जाता है। चार्ज ग्रहण करने के पश्चात मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ प्राथमिकताओं के साथ आमजन को दिए जाने, लंबित शिकायतों का निस्तारण समय से कराये जाने के अलावा सरकारी ज़मीनों पर अवैध कब्ज़ों को हटाए जाने जैसे कार्यो को प्राथमिकता दिए जाने को कहा। नवांगतुक जिलाधिकारी रविवार को जनपद पहुंचे जहां से मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना के साथ कोषागार पहुंचकर डीएम पद का चार्ज ग्रहण किया। आईएएस रविन्द्र सिंह डीएम शामली रहने के दौरान अपने 18 महीनों के कार्यकाल में तेज तर्रार कार्य शैली के लिये जाने जाते हैं। अभी तक जनपद की जिलाधिकारी रही सी. इंदुमती अपने 18 महीनों के कार्यकाल के बाद बीते शुक्रवार को शासन द्वारा स्थानान्तरण कर उन्हें विशेष सचिव चीनी उद्योग तथा गन्ना विकास बनाकर मुख्यालय लखनऊ में तैनात किया गया है। मूल रूप से राजस्थान निवासी रविन्द्र सिंह मणिपुर कैडर के आईएएस अधिकारी है। यूपी कैडर की आईपीएस अधिकरी दीक्षा शर्मा से शादी के पश्चात उन्हें यूपी कैडर मिला वर्ष 2020 में पहली तैनाती यमुना अथॉरिटी का एसीईओ बनाया गया। बतौर डीएम उनकी उत्तर प्रदेश की यह दूसरी तैनाती है। डीएम शामली रहते हुए अपनी कड़क कार्यशैली के लिये काफी चर्चित रहे है।

## कंस वध मे उमड़ी लाखों की भीड़, जमकर हुई खरीदारी



**मौदहा, हमीरपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम अरतरा मै कंस वध मेला संपन्न हो गया जहां क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों की भारी संख्या में मेला देखने के लिए भीड़ उमड़ गई वहीं महिलाएं व बच्चे ने मेले का आनंद लेते हैं खूब खरीदारी भी की हैं। क्षेत्र के बड़े आबादी वाले अरतरा गांव में कंस बध मेला देखने के लिए एक दर्जन से अधिक गांव के लोग की भीड़ उमड़ पड़ोए व मेले का लुफ्त उठाया जहां भगवान विष्णुएराजा कंसए बकासुर राक्षसए व श्री कृष्ण भगवान की झांकियां गांव की गलियों में भ्रमण कर पूटनाए बकासूरए व आघासूरए का बढ़ करएचोपरा तालाब पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण ने कालिया नाग का मर्दन किया जिससे लोग देबी देवताओं के जयकारे लगाने लगे जिससे वातावरण जयकारों से गूंज उठा

# बाढ़ में फंसे पांच लोगों को एनडीआरएफ ने बचाया

## 24 घंटे सक्रिय होकर पूरी मुस्तैदी से काम कर रहा प्रशासनः डीएम

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**संकट** की घड़ी में हरसंभव सहायता के संकल्प के साथ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व, मार्गदर्शन में पलिया तहसील में शारदा नदी से जुड़े सुतिया नाले के किनारे बसे गांव बड़ा पतवारा में बाढ़ की विभीषिका में एक झोपड़ी में फंसे पांच लोगों को एसडीएम कार्तिकेय सिंह की अगुवाई में एनडीआरएफ के जवानों ने अपना जीवन दांव पर लगाकर रात के अधेरे में रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

जैसे ही बड़ा पटावरा गांव में एक झोपड़ी में फंसे पांच लोगों के फंसे होने की सूचना मिली, प्रशासन हरकत में आ गया। तुरंत तहसीलदार आरती यादव एनडीआरएफ के साथ मौके के लिए रवाना हुई। एसडीएम कार्तिकेय सिंह के नेतृत्व, देखरेख एवं अगुवाई ने आकस्मिकता को देखते हुए एनडीआरएफ की टीम 11-डी ने रात के अंधेरे में ही बाढ़ और जल बचाव अभियान चलाया। ऑपरेशन के दौरान एनडीआरएफ की टीम ने बलराम 32 वर्ष, शत्रुघ्न 65 वर्ष, मनसा देवी 60 वर्ष, मंजू देवी 26 वर्ष, निक्की 03 वर्ष को मोटरबोट के जरिए रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान न केवल रातभर एसडीएम एसडीएम कार्तिकेय सिंह मौजूद रहे बल्कि एनडीआरएफ टीम की कड़ी मेहनत और महान प्रयासों की सराहना की। इस दौरान नायब तहसीलदार दिलीप कुमार वह हर्ष निशांत भी मौजूद रहे। बताते चलें कि ऑपरेशन के दौरान पानी का बहाव बहुत तेज था। गन्ने की फसल, जलकुंभी और रास्ते में उथले पानी के कारण एनडीआरएफ की 11-डी टीम को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। एनडीआरएफ के बहादुर जवानों ने अपना जीवन दांव पर लगाकर अपने ध्येय वाक्य 'आपदा सेवा सदैव सर्वत्र' को एक बार पुनः सार्थक किया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिले की सभी प्रभावित तहसीलों में बाढ़ की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। शारदा व घाघरा नदियों के जलस्तर और तटबंधों की 24 घंटे मॉनीटरिंग करने के साथ ही प्रभावित तहसीलों में संबंधित एसडीएम के नेतृत्व में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ/पीएसी की फ्लड यूनिट तथा आपदा प्रबंधन टीमें एक्टिव मोड में पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है।

बाढ़ पीड़ितों को गुणवत्तायुक्त भोजन पैकेट समय से उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी अन्य मूलभूत आवश्यकताओ का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा। प्रभावित गांवो से प्राप्त सूचनाओं पर क्विक रेस्पॉन्ड कर प्रभावितो को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। पूरा प्रयास किया जा रहा कि शासन की मंशा के अनुरूप संकट की इस घड़ी में हरसंभव सहायता प्रदान की जाए। बाढ़ वाले क्षेत्रों में बीमार लोगों को चिकित्सीय सहायता भी मुहैया कराई जा रही है।

## बिजली तार चोरों को मैगलगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा 5 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 10 बन्डल बिजली का तार एक अदद छोटा हाथी 4 अदद मोबाईल व 2200 रुपये तथा वायर कटर प्लास बरामद किया गया। ये सभी चोर रात्रि गश्त के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़े। पूछताछ पर जानकारी हुई कि अभियुक्त गणों द्वारा बिजली का तार थाना पसगंवा की चौकी क्षेत्र बरबर से चोरी किये गये हैं।

# लोक अदालत में 1,74,184 मामले निस्तारित कर 59 करोड़ की धनराशि जमा कराई गई

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**राष्ट्रीय** लोक अदालत का जिला न्यायालय से तहसील न्यायालयों तक आयोजन किया गया। जिसमे 74184 मामलों का निस्तारण कर 59 करोड़ की धनराशि जमा करायी गयी।जनपद न्यायाधीश विनय कुमार तृतीय तथा अशोक कुमार प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, अध्यक्ष बार एसोसियेशन जवाहर सिंह गंगवार नें मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के विभिन्न बैंक, वि्ुत विभाग, नगर पालिका परिषद एवं अन्य प्रशासनिक विभागों द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाकर सम्बन्धित पक्षकारों के समक्ष उनकी सहमति के आधार पर सुलह-संधि कराते हुए मामलों का निस्तारण किया गया। 148 बैंक वसूली से सम्बन्धित मामलों को निस्तारित कर 22,076,780 रुपये की वसूली धनराशि बैंकों द्वारा प्राप्त की गयी। 41,555 विद्युत बिल सम्बन्धी मामलों का निस्तारण किया गया।

अशोक कुमार प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय एवं अन्जू कम्बोज, अपर प्रधान न्यायाधीश द्वारा कुल 21 पारिवारिक वैवाहिक वादों का निस्तारण किया गया। इसमें से सुलह समझौते के आधार पर 7 पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए विदा किया गया।

पीठासीन अधिकारी मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम सन्तोष कुमार तिवारी द्वारा 39 बादों का निस्तारण कर 12,2,53000 धनराशि प्राप्त करायी गयी। नरेश कुमार अध्यक्ष जिला उपभोक्ता फर्रुखाबाद द्वारा अपने न्यायालय 33 मामले निस्तारण कर रूपया 1 114555 की धनराशि एवार्ड की गयी। कुल लम्बित 6074 मामलों में से 3809 तथा प्री-लिटिगेशन के 17,0753 मामलों में से 170375 मामले निस्तारित किये गये हैं। इस प्रकार कुल 176827 मामलों में से 174184 मामलों का निस्तारण कर कुल 59,46,6,098 रुपया धनराशि जमा करायी गयी।

## अमन हॉस्पिटल में हुआ निःशुल्क कैंसर शिविर का आयोजन



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित अमन हॉस्पिटल में बीम सेवा समिति द्वारा नगर की स्वास्थ्य सेवाओं में आज एक नए युग की शुरुआत करते हुये निशुल्क कैंसर शिविर का उद्घाटन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा नगर के बीच स्थित इस अस्पताल से आम जनता को काफी सुविधा मिलेगी। रविवार को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के डॉ. अजीत सिंह ने कहा कि यहां मरीजों के लिए हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए डॉ गयासुद्दीन सिद्दीकी बधाई के पात्र हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद निशुल्क जांच शिविर लगाया गया। इसमें कैंसर के स्पेशलिस्ट डॉ. अरुण प्रकाश द्विवेदी एमसीएच ओंको सर्जरी, एक्स टाटा मेमोरियल हास्पिटल मुम्बई, डॉ. आशुतोष मिश्रा एमडी ऑन्कोलॉजी, डॉ. अमन (स्त्री रोग), डॉ. अजीत सिंह फिजीसिशियन व डॉ. फरोग पीडिया - जनरल फिजिशियन ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिए। पहले दिन लगभग 61 मरीजों की ओपीडी हुई। इसमें 20 से अधिक कैंसर के पेशेंट थे। डॉ. सरद द्विवेदी ने कहा यह अस्पताल 10 बेड का है। इसमें ऑपरेशन थिएटर सहित ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध है और 3 बेड का आईसीयू भी है।

# गॉड ऑफ ऑनर के साथ शहीद जवान विवेक द्विवेदी को दी गई मुखाग्नि

**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज



**शहीद** जवान विवेक द्विवेदी का शव लखनऊ की सीआरपीएफ बटालियन द्वारा रविवार की सुबह जैसे ही ग्राम मधवापुर स्थित आवास पर लाया गया परिजनों में कोहराम मच गया। च्यवन आश्रम गंगा घाट पर शहीद जवान को गॉड आफ् ओनर के साथ सलामी दी गई। उसके उपरांत परिजनों द्वारा मुखाग्नि देकर अंत्येष्टि की गई।

रविवार की सुबह लखनऊ सीआरपीएफ 93 बटालियन के के सहायक कमांडेंट राजीव थापा के नेतृत्व में 17 जवानों की टीम द्वारा वीर शहीद विवेक द्विवेदी के शव को जैसे ही उनके आवास पर लाया गया। परिजनों में कोहराम मच गया भारी संख्या में ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधि भी श्रद्धांजलि के लिए पहुंचे। सूचना पर नौरंगपुर चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार तिवारी ने सीआरपीएफ निरीक्षक रोहित कुमार शुक्ला से पूरी जानकारी लेकर सूचना उच्चाधिकारियों को दी मौके पर प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार द्विवेदी भी पहुंचे।

बताते चलें कि क्षेत्र के ग्राम मधवापुर निवासी 52 वर्षीय विवेक द्विवेदी पुत्र राम सरन लखनऊ में सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। प्रमोशन के लिए वह वर्तमान समय में गुवाहाटी में ट्रेनिंग कर रहे थे अभी चार दिन ही बाकी थे ट्रेनिंग खत्म होने वाली थी कि अचानक शनिवार ब्रेन अटैक पढ़ने के कारण इलाज के दौरान अस्पताल में उनका निधन हो गया था।

गंगा घाट पर अंत्येष्टि के दौरान गॉड ऑफ ओनर दिया गया। उधर सूचना पर पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ठाकुर विनय सिंह, कांग्रेसी नेता ओंकारनाथ त्रिपाठी, पत्रकार सहायता एसोशियेन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा, अजीत मिश्रा, हरी बाबू अग्निहोत्री, गिरीश द्विवेदी, प्रवीण द्विवेदी सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पूर्व राज्यमंत्री ने की भगवान श्री गणेश की पूजा आराधना



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गणेश महोत्सव के चलते पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय नें पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि सहित कार्यकर्ताओं के साथ नगर के अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर आरती उतारकर पूजा बंदना की। इस दौरान श्रद्धालुओं के गणपति बप्पा मोरिया के गगनभेदी जयकारे लगाकर नगर का माहौल भक्तिमय कर दिया। बीती शाम पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय नें समर्थकों के साथ नगर के मोहल्ला रामंगज, चकोर रोड, तिर्वा रोड, अशोकनगर सहित अन्य स्थानों पर स्थापित भगवान गणेश जी प्रतिमा की श्रद्धालुओं के साथ पूजा वंदना एवं आरती के बाद प्रसाद ग्रहण किया। वहीं प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार के नेतृत्व में पूजा स्थलों के पास पुलिस बल की तैनाती की गई। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, भाजपा पिछडा मोर्चा क्षेत्री महामंत्री विनय वर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, नीरज मिश्रा, उमाकान्त सैनी, राजेश खन्ना, सभासद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र गुप्ता बडे, भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल, भाजयुमों नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता, सचिन शर्मा, मनोज गुप्ता, दीपक गुप्ता, शिवा गुप्ता आदि ने पूजा अर्चना की।

# साहू समाज के प्रतिभावानों को सम्मानित कर बच्चों को शिक्षित बनाने का किया आह्वान

**संवाददाता।** फतेहपुर



**डिवाइन** एजुकेशनल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसायटी के तत्वाधान में प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें साहू समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में अतिथियों द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि के रूप में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपायुक्त श्रम एवं रोजगार अशोक कुमार गुप्ता व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रशांत कुमार साहू रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा साहू समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू ने कहाकि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण ज़रूरत है उन्होंने समाज के लोगो से अपने बच्चो को हर हाल में शिक्षा दिलाये जाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपयुक्त श्रम रोज़गार अशोक कुमार गुप्ता व जिला अल्पसंख्यल कल्याण अधिकारी प्रशांत साहू ने कहाकि प्रतिभा सम्मान समारोह का कार्यक्रम मेधावियों को उत्साहवर्धन कर उन्हें और अच्छा करने की प्रेरणा देता है साथ ही जो बच्चे पीछे छूट गये है उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

मंच द्वारा सम्मानित किए जाने वालों में स्टेट बैंक आफइंडिया के खजुआ ब्रांच के प्रबंधक दिनेश कुमार साहू, मैनेजर धीरज कुमार साहू, राकेश साहू, साधना साहू, राजू साहू, हीरालाल साहू, कमलेश साहू, डॉ. माधुरी साहू रहे। इस मौके पर महावीर साहू, विमलेश साहू, अमरेश साहू, अवधेश साहू, गौरव साहू, संदीप साहू, नीरज साहू, आशीष साहू, संजय साहू, शिवबीर साहू रहे।

## हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत



**फतेहपुर।** अखिल भारत हिंदू महासभा के नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष प्रांजुल मणि का स्वागत जुलूस शहर के प्रमुख मार्गो में भ्रमण कर कार्यकर्ताओ द्वारा स्वागत किया गया। नहर कॉलोनी में महासभा के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर माल्यार्पण करके जुलूस, हिंदू महासभा के वास्ते, खाली कर दो रास्ते, आदि नारे लगाते हुए शादीपुर, रेलवे स्टेशन, हरिहरगंज, कलेक्टरगंज, वर्मा तिराहा, ज्वालागंज, बाकरगंज, तामेश्वर मंदिर से पटेल नगर चौराहे में कैंप कार्यालय में जुलूस का समापन हुआ। प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने कहा कि देश समाज तथा सनातन धर्म की रक्षार्थ हेतु संगठन युवाओं का आवाहन कर रहा है हिंदू महासभा का प्रमुख नारा है, राजनीति का हिंदुकरण और हिंदुओं का सैनिक के कारण, युवाओं को एक सैनिक के तरीके राष्ट्र तथा समाज के लिए आगे आना ही होगा।

# नवागत जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कार्यभार ग्रहण किया

**हमीरपुर।** आज नवागत जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कोषागार पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचा कर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन में पारदर्शिता तथा जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं को तहसील व ब्लाक स्तर पर ही निस्तारण करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है अत: इसको सुनिश्चित किया जाएगा। नवागत जिलाधिकारी वर्ष 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं जिलाधिकारी के रूप में उनकी यह पहली पोस्टिंग है इससे पहले वह नगर आयुक्त फिरोजाबाद के पद पर कार्यरत थे। वह मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकर नगर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य कोषाधिकारी समस्त एसडीएम डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी तथा कलेक्ट्रेट के कर्मचारी मौजूद रहे।

## इंजीनियर्स महासंघ ने मनाया अभियन्ता दिवस

**फतेहपुर।** उ.प्र. डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने रविवार को सिंचाई विभाग परिसर में स्व. डा. आरके दत्ता की पुण्यतिथि एवं भारतरत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर अभियन्ता दिवस का आयोजन किया। महासंघ के विभिन्न घटकों ने इस मौके पर हवन-पूजन के साथ ही वृहद वृक्षारोपण के अलावा जिला अस्पताल के ब्लड़ बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महासंघ के जिला अध्यक्ष इजीं. पंकज श्रीवास्तव, महामंत्री इंजी. डीके आर्या तथा वित्त सचिव इंजी. अरविन्द सिंह ने रक्तदान करते हुये लोगों से अपील किया कि वह गंभीर रोगियों के लिये आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान करें जिससे उसका जीवन बच सके। रक्तदान शिविर में महासंघ के विभिन्न घटक संगठनों ने बढ़-चढ़ का प्रतिभाग किया।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 16 सितंबर 2024



छूट हासिल करने के लिए वकीलों के झूठे बयानों से नाखुश उच्चतम न्यायालय, कहा

# हमारा विश्वास डगमगा गया है

**नई दिल्ली।** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने दोषियों की समय-पूर्व रिहाई सुनिश्चित करने के लिए वकीलों द्वारा अदालत के समक्ष और याचिकाओं में भी बार-बार झूठे बयान देने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि जब इस तरह के मामले सामने आते हैं, तो हमारा विश्वास डगमगा जाता है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अपने हालिया आदेश में अपनी पीड़ा बयां की है और कहा है कि पिछले तीन हफ्तों में उनके सामने ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें झूठी दलीलें दी गई हैं। पीठ ने हाल ही में अपलोड किए गए 10 सितंबर के अपने आदेश में कहा, इस अदालत में बड़ी संख्या में याचिकाएं दायर की जा रही हैं, जिनमें स्थाई छूट न दिए जाने की शिकायत की गई है। पिछले तीन हफ्तों के दौरान, यह छठा या सातवां मामला है, जिसमें याचिका में स्पष्ट रूप से झूठे बयान दिए गए हैं। पीठ



ने कहा कि शीर्ष अदालत में विविध मामलों की सुनवाई के दिन प्रत्एक पीठ के समक्ष 60 से 80 मामले सूचीबद्ध होते हैं और न्यायाधीशों के लिए अदालत के समक्ष सूचीबद्ध प्रत्एक मामले के प्रत्एक पृष्ठ को पढ़ना संभव नहीं होता है, हालांकि प्रत्एक मामले को बहुत ही सावधानीपूर्वक देखने का प्रयास किया जाता है। पीठ ने कहा, "हमारी प्रणाली विश्वास पर काम करती है। जब हम मामलों की सुनवाई करते हैं तो हम बार के सदस्यों पर भरोसा करते हैं, लेकिन जब हम इस तरह के मामलों का सामना करते हैं, तो हमारा विश्वास डगमगा जाता है"। पीठ ने कहा कि ऐसे ही एक मामले से निपटने के दौरान उसे पता चला कि न केवल सजा में छूट का अनुरोध करते हुए रिट याचिका में झूठे बयान दिए गए हैं, बल्कि इस अदालत के समक्ष भी झूठी दलीलें दी गई हैं, जिसे 19 जुलाई, 2024 के आदेश में दर्ज किया गया है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं के तत्कालीन एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड की ओर से जेल अधिकारियों को 15 जुलाई, 2024 को प्रेषित ईमेल में फर्जी बयान दोहराए गए हैं। पीठ ने कहा, हालांकि वह इस तथ्यात्मक स्थिति से अवगत थे, लेकिन 19 जुलाई, 2024 को एक फर्जी बयान दिया गया कि सभी याचिकाकर्ताओं (दोषियों) की फरलो की अवधि समाप्त नहीं हुई है। पीठ ने कहा, यह एक उपयुक्त मामला है, जहां जुर्माना लगाया जाना चाहिए, लेकिन हम याचिकाकर्ताओं को उनके वकीलों द्वारा की गई गलतियों के लिए दंडित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा, समय-पूर्व रिहाई के लिए रिट की मांग करने वाली याचिका में अपराध की प्रकृति बहुत महत्वपूर्ण विचारणीय बिंदु है। पीठ ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह छूट के लिए उनके मामलों पर गौर करे और तदनुसार आदेश पारित करे।

# मेरठ में मकान ढहा, दस लोगों की मौत,पांच घायल

**भाषा।** मेरठ/लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** में मेरठ की जाकिर कॉलोनी में तीन मंजिला मकान गिरने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। मेरठ के जिलाधिकारी (डीएम) दीपक मीणा ने बताया कि शवों के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही शवों को परिजन को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार को प्रति मृतक चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता और मकान पूर्णत: क्षतिग्रस्त होने के कारण 1.20 लाख रुपए दिए जाने की कार्वाई भी की जा रही है। समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और पीड़ति परिवार को उचित मुआवजा देने की सरकार से मांग की है। मेरठ जिला प्रशासन की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, लोहिया नगर थाना क्षेत्र के जाकिर कॉलोनी में तीन मंजिला मकान गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए।

प्रशासन ने मृतकों के नामों की एक नई सूची जारी करते हुए बताया कि घटना में मारे गए व्यक्तियों में नफो उर्फ नफीसा (65), पुत्र साजिद (40),साईमा (35), सानिया (15), शाकिब (12), फरहाना (27), अलीसा (25),रिया (10),हिमसा (छह माह) और सैफियान (सात) शामिल है। घायलों का लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है। इस बीच मेरठ के जिलाधिकारी (डीएम) दीपक मीणा ने संवाददाताओं को बताया , जब (घटना के बाद) बचाव अभियान शुरू हुआ था, तो रिश्तेदारों ने 15 लोगों के बारे में जानकारी दी थी। अब तक मरने वालों की संख्या 10 हो गई है। पांच लोगों का उपचार जारी है।

मीणा ने कहा कि, शवों का मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम को हुई जिसकी जानकारी तत्काल आपात सेवाओं को दी गई।

# भदोही के सपा विधायक के पुत्र को पुलिस ने हिरासत में लिया

**भदोही।** भदोही से सपा के विधायक ज़ाहिद बेग के खिलाफ मुकदमे किए जाने के बाद पुलिस ने रविवार को उनके बेटे को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। भदोही विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक और उनकी पत्नी के खिलाफ नाबालिग घरेलू सहायिका को कथित रूप से प्रताड़ित करने और एक अन्य सहायिका को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दो मामले दर्ज किए गए हैं। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अश्विनी कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस रविवार को ज़ाहिद बेग के घर पहुंची और उनके बेटे ज़ईम बेग (27) को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसके बाद बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता कोतवाली पहुंच गए। वहीं विधायक बेग और उनकी पत्नी सीमा बेग गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, श्रम विभाग ने बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष पीसी उपाध्याय की सिफारिश पर शुक्रवार देर रात विधायक जाहिद बेग और उनकी पत्नी सीमा बेग के खिलाफ मामला दर्ज किया। यह कार्वाई सोमवार को विधायक के आवास पर एक नाबालिग लड़की की कथित आत्महत्या और उसके बाद मंगलवार को भदोही पुलिस और श्रम प्रवर्तन विभाग के कर्मियों द्वारा की गई छापेमारी के दौरान 17 वर्षीय लड़की को मुक्त कराए जाने के बाद की गई है। भदोही की पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि ज़ाहिद बेग के आवास पर संदिग्ध परिस्थिति में नाज़िया नाम की युवती का शव मिलने के मामले में पुलिस की मानव तस्करी रोधी टीम ने जांच की थी। इस सम्बन्ध में टीम के उप निरीक्षक हरदत्त पांडेय की तहरीर पर जाहिद बेग और उनकी पत्नी सीमा बेग के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत शनिवार शाम को प्राथमिकी दर्ज की गई।

# बूंदी में ट्रक की चपेट में आने से खाटू श्याम जा रहे छह तीर्थयात्रियों की मौत

**कोटा** (राजस्थान)। राजस्थान के बूंदी जिले में बूंदी सुरंग के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर तेज रफ्तार ट्रक ने एक वाहन को टक्कर मार दी, जिससे मध्यप्रदेश के छह लोगों की ही मौत हो गई एवं तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए है तथा ट्रक चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह करीब पांच बजे यह हादसा हुआ जब मध्य प्रदेश के देवास जिले के नौ लोग वाहन (इको वैन) से राजस्थान के सीकर में खाटू श्याम जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक ए लोग बंजारा समुदाय से थे और उनकी उम्र 16 से 40 वर्ष के बीच थी।

# भाजपा ज्ञानवापी मुद्दे पर विधिसम्मत व्यवस्था के आधार पर आगे बढ़ेगी: चौधरी

**बलिया।** (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने रविवार को कहा कि पार्टी ज्ञानवापी मुद्दे पर विधिसम्मत व्यवस्था के आधार पर आगे बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर में एक कार्यक्रम में कहा था, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग ज्ञानवापी को मस्जिद कहते हैं, जबकि यह स्वयं भगवान विश्वनाथ का स्वरूप है। चौधरी रविवार को बलिया जिले के बसंतपुर में पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उनसे जब मुख्यमंत्री योगी के ज्ञानवापी संबंधी बयान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे पर विधिसम्मत व्यवस्था के आधार पर आगे बढ़ेगी। चौधरी ने कहा, मुझे मालूम नहीं है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किस



परिप्रेक्ष्य में यह बयान दिया है, लेकिन पूरा देश और सब लोग जानते हैं कि हमारे देव स्थानों को लेकर उनका (योगी) किस प्रकार दृष्टिकोण रहा है। हाल में हुए लोकसभा चुनाव में राज्य में पार्टी के उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किए जाने के बावजूद उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश में आने वाले समय में भाजपा को जनता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। चौधरी ने कहा, भाजपा ने राजनीतिक दल के नाते जनता का निर्णय स्वीकार किया है और लोकतंत्र में हार-जीत होती रहती है। उन्होंने हालांकि कहा, हमारे लिए गर्व की बात है कि देश की जनता ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी जी को मौका दिया है। पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 सीट में से भाजपा और इसके सहयोगी दलों को 36 सीट पर जीत मिली थी जबकि शेष सीट पर विपक्ष ने जीत हासिल की थी। सरकार के सहयोगी दलों सुभासपा के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर और निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद द्वारा जातिगत गणना का समर्थन करने के मामले में पूछे जाने पर चौधरी ने कहा, हमारी सरकार समाज के सब वर्गो के लिए काम कर रही है। संविधान में प्रदत्त आरक्षण की व्यवस्था के अनुसार आगे बढ़ेंगे। चौधरी ने इससे पहले भाजपा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, हमारी पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से काम करती है।

# पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम करने को लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया

**पोर्ट ब्लेयर।** (भाषा) अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम करने पर इसके निवासियों के बीच मिश्रित प्रतिक्रिया हुई है। कई लोगों ने इस कदम को निरर्थक करार दिया है, तो अन्य लोगों का कहना है कि यह औपनिवेशिक प्रतीकों को मिटाने के लिए एक आवश्यक कदम था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम कर दिया गया है। उन्होंने कहा था, पूर्व नाम एक औपनिवेशिक विरासत था, लेकिन श्री विजयपुरम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में हासिल की गई जीत और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की इसमें अद्वितीय भूमिका का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलने की सराहना की थी और कहा था कि यह



औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होने और हमारी विरासत का जश्न मनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हालांकि, केंद्र शासित प्रदेश के कई निवासियों ने इस फैसले की आलोचना की। लोकल बॉर्न एसोसिएशन (एलबीए) के अध्यक्ष राकेश पाल गोबिंद ने दावा किया कि नाम बदलने का काम समूह और अन्य स्थानीय लोगों से बिना किसी परामर्श के किया गया। गोबिंद ने कहा कि उन्हें समाचार चैनलों के माध्यम से पता चला कि केंद्रीय गृह मंत्री ने पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम कर दिया है। उन्होंने कहा कि द्वीपवासी गहरे सदमे में हैं क्योंकि इस निर्णय के बारे में इन स्थानीय लोगों से सलाह नहीं ली गई। अमीर अली (87) को यह फैसला अपने पूर्वजों का अपमान लगता है जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया था। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने बिना परामर्श के शहर का नाम बदल दिया है। पोर्ट ब्लेयर के जाने-माने व्यापारी टीएसजी भास्कर ने कहा कि नाम उस समय के किसी स्वतंत्रता सेनानी और गुमनाम नायकों को सम्मानित करने के लिए उनके नाम पर रखा जा सकता था। सरकार के कदम का स्वागत करते हुए अंडमान-निकोबार द्वीप समूह से भाजपा सांसद बिष्णु पद रे ने कहा कि नाम बदलने की बहुत जरूरत थी। रे ने कहा, पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलने की बहुत जरूरत थी क्योंकि पिछला नाम हमें ब्रिटिश शासन के दौरान गुलामी की याद दिलाता था।

# भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी समुद्री मार्ग से दुनिया का चक्कर लगाएंगी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी, लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए. और लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. जल्द समुद्री मार्ग से दुनिया का चक्कर लगाएंगी। नौसेना प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने रविवार को बताया कि रूपा और दिलना भारतीय नौसेना के नौकायन जहाज आईएनएसवी तारिणी पर सवार होकर दुनिया का चक्कर लगाने के अभियान पर रवाना होंगी। उन्होंने बताया कि दोनो महिला अधिकारी पिछले तीन साल से सागर परिक्रमा अभियान की तैयारी कर रही हैं। मधवाल ने कहा, सागर परिक्रमा एक कठिन यात्रा होगी, जिसके लिए अत्यधिक कौशल, फिटनेस और मानसिक सतर्कता की जरूरत पड़ेगी। दोनों महिला अधिकारी बेहद कठोर प्रशिक्षण ले रही है। उनके पास हजारो मील की समुद्री यात्रा का अनुभव है। मधवाल के मुताबिक, रूपा और दिलना विश्व भ्रमणकर्ता और गोल्डन ग्लोब रेस के नायक कमांडर (सेवानिवृत्त) अभिलाष टॉमी की देखरेख मे प्रशिक्षण हासिल कर रही है। उन्होंने बताया कि छह-सदस्ईय चालक दल की सदस्य के रूप मे दोनो महिला अधिकारियों ने पिछले साल एक अंतर-महासागरीय अभियान में हिस्सा लिया था, जो गोवा से केप टाउन होते हुए रियो डि जिनेरियो गया था और वापस आया था। मधवाल के अनुसार, इसके बाद रूपा और दिलना ने डुअल-हैंड मोड मे गोवा से पोर्ट ब्लेयर तक और पोर्ट ब्लेयर से गोवा तक की समुद्री यात्रा की थी। उन्होंने बताया कि दोनों महिला अधिकारियों ने इस साल की शुरुआत में गोवा से मॉरीशस के पोर्ट लुईस तक की समुद्री यात्रा भी डुअल-हैंड मोड में सफलतापूर्वक पूरी की थी। मधवाल ने कहा, भारतीय नौसेना ने समुद्री विरासत को संरक्षित करने और नाविक कौशल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए नौकायन परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए कई अहम प्रयास किए है।

# जयंत चौधरी ने फ्रांस में भारतीय टीम के साथ मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया

**वाराणसी।** फ्रांस के ल्योन में आयोजित हो रहे वर्ल्डस्किल्स 2024 में भारतीय टीम का मनोबल उस समय बढ़ गया जब केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी उनसे मिलने पहुंचे। दो दिनों के इस दौरे में उन्होंने 60 प्रतिभागियों से मुलाकात की। गौरतलब है कि ये प्रतिभागी 52 प्रकार के कौशल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। जयंत चौधरी ने हरएक प्रतिभागी के साथ व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने जर्मनी, फ्रांस, स्विट्ज़रलैण्ड, चीन और कोरिया के प्रतियोगियों के साथ मुकाबला करते हुए भारतीय प्रतिभागियों का परफारर्मेन्स देखाऔर विश्वस्तरीय मंच पर उनके प्रभावशाली परफार्मेन्स पर गर्व की अभिव्यक्ति की।

# पहूज, यमुना उफान पर, बीस गांवों के हजारों लोग प्रभावित

**उरई ( जालौन )।** यमुना तथा पहूज नदी की बाढ़ से जनपद जालौन में कुल 20 गांव प्रभावित है। तहसील कोंच के सलैया बुजुर्ग, मऊ, महेशपुरा, नदीगांव तहसील माधौगढ़ के गांव कूसेपुरा, डिकौली जागीर, किशनपुरा, सूपा, मोहब्बतपुर, टिकरी, महाराजपुरा, कर्रा, जायघा, नीनावली जागीर तथा तहसील कालपी के पड़री, रायड दिवारा, देवकली, शेखपुर गुढ़ा, शेखपुरा गुढ़ा खास, हीरापुर गांव प्रभावित है जिसने लगभग 8470 जनसंख्या अब तक प्रभावित हुई है। अब तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 2150 हेक्टेयर कृषि भूमि पर तिल, बाजरा, ज्वार तथा धान की फसल प्रभावित हुई है। बाढ़, अतिवृष्टि से कुल 32 मकान क्षतिग्रस्त, गिरने की सूचना अब तक प्राप्त हुई है जिनको राहत धनराशि स्वीकृत की जा चुकी हैं। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में 20 बाढ़ राहत केंद्र क्रियाशील कर



दिये गये है जिनमें कम्युनिटी कीचेन ,स्वास्थ्य सुविधा पीने का पानी भी उपलब्ध है। पशुओं हेतु भूसे, टीकाकरण दवा की व्यवस्था भी कर दी गई है। एसडीआरएफ की टीम जनपद में अपनी 4 मोटरबोट के साथ मौजूद है तथा बाढ़ प्रभावित गाँव में 65 अतिरिक्त छोटी नाव लगाई गई हैं। जनपद जालौन में छोटी नाव उपलब्ध होने के कारण फैजाबाद से 20 मोटरबोट भी मंगा ली गई है। बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों को अब तक 27150 पका भोजन, भोजन पैकेट प्रदान किए जा चुके हैं। अब तक 1550 बाढ़ राहत सामग्री किट वितरित की जा चुकी हैं। पैकेट वितरण माननीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जा रहा है। बाढ़ क्षेत्र में स्वस्थय विभाग द्वारा 226 व्यक्तियों का उपचार किया गया तथा 2170 मेडिकल किट बाँटी गई है। पशुपालन विभाग द्वारा अब तक बाढ़ क्षेत्र में 133 क्विंटल भूसा बाँटा गया, 785 पशुओं का टीकाकरण किया गया तथा 540 पशुओं का इलाज किया गया। उप जिलाधिकारी तथा पूरी राजस्व टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में कैम्प कर रही है। पंचायत राज विभाग, स्वास्थय विभाग, पशुपालन विभाग पुलिस विभाग के अधिकारी भी बाढ़ क्षेत्र में मौजूद है। जनपद जालौन का बाढ़ कंट्रोल रूम (05162-257090, 7307564677) जिलाधिकारी कार्यालय में चौबीस घंटे क्रियाशील हैं।

## बाढ़ ग्रस्त इलाके का निरीक्षण कर मंडलायुक्त ने बांटी राहत सामग्री

**माधौगढ़।** मंडलायुक्त झांसी ने जालौन की नदियों में आई बाढ़ से हुए नुकसान का निरीक्षण कर पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात की व राहत सामग्री का वितरण कर बाढ़ का पानी के उतरने के बाद फैलने वाली बीमारियों से सजग रहने को कहा। मंडलायुक्त झांसी विमल कुमार दुवे ने रविवार को जनपद जालौन के बाढ़ पीड़ित रामपुरा, कोंच, नदीगांव क्षेत्र का भ्रमण कर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकातकरके राहत सामग्री का करके राहत सामग्री का वितरण किया। रामपुरा में आईटीआई पर बने अस्थाई राहत शिविर में मौजूद अनेक गांवों के बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें राहत सामग्री का वितरण करते हुए आश्वस्त किया कि उनकी हर संभव मदद की जाएगी।

## गायों को खिलाया गुड़, चना और भोजन की गुणवत्ता को चखकर परखा

**रामपुरा।** रामपुरा स्थित कान्हा गौशाला पर पहुंचकर मंडलायुक्त विमल दुबे एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने गायों को चना और गुड़ खिलाया। जिला प्रशासन के सौजन्य से बाढ़ पीड़ितों को भोजन के लिए कान्हा गौ शाला में संचालित अस्थाई किचन में बन रहे रहे भोजन की गुणवत्ता को चखकर परखा एवं व्यवस्था की सराहना की। मंडलायुक्त ने पांच नदियों के संगम स्थल पंचनद पर पहुंचकर अलग-अलग नदियों (यमुना, चंबल, सिंध, क्वांरी, पहूज) की उफनती जलधाराओं को देख जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे से प्रत्येक नदी में पानी की स्थिति एवं बाढ़ से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे ने बताया कि वर्षा ऋतु के जाते-जाते विभिन्न नदियों में आई बाढ़ के कारण लगभग 20 गांव प्रभावित हुए हैं।

# केरलवासियों ने पारंपरिक तरीके और धूम से ओणम उत्सव मनाया

**तिरुवनंतपुरम।** केरलवासियों ने रविवार को राज्य में हर बार की तरह पूरे हर्षोल्लास के साथ ओणम फसल उत्सव मनाया। दस दिवसीय उत्सव के सबसे शुभ कहे जाने वाले दिन थिरुवोनम के मौके पर लोगो ने पारंपरिक कासवु साड़ी और मुंडू (धोती) पहनी और सुबह के समय गांवो व कस्बो में मंदिरो के दर्शन किए। सरकार पहले ही घोषणा कर चुकी है कि वायनाड में हाल मे हुए विनाशकारी भूस्खलन के कारण कोई आधिकारिक ओणम उत्सव नही मनाया जाएगा। हालांकि, राज्य में हमेशा की तरह पारंपरिक उत्सव मनाया गया, जिसमे युवाओं और बच्चं ने अपने घरो को रंग-बिरंगे कालीन बिछाकर सजाया और बुजुर्गो ने परिवार के अन्य सदस्यों को ओनाक्कोडी (नए कपड़े) भेंट किए। इस दौरान पारंपरिक झूले ऊंजल ने भी कई घरों के आंगनो की शोभा बढ़ाई। परिवार के सदस्यो ने विभिन्न शाकाहारी व्यंजनो और स्वादिष्ट मिठाई पायसम से युक्त एक शानदार ओनासद्या (भोज) तैयार किया। गौरवशाली अतीत की यादो को ताजा करते हुए, स्थानीय क्लबों के तत्वावधान में वडमवली (रस्साकशी) और उरियाडी (बर्तन तोड़ना) जैसे पारंपरिक खेल और पुलिक्कली , थिरुवथिरा , थेय्यम जैसी कला गतिविधियो का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने दुनिया भर के मलयाली लोगों को ओणम की शुभकामनाएं दी।

# अंडमान निकोबार द्वीप समूह का केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने दौरा किया

**पोर्ट ब्लेयर।** केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने रविवार को अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह का दौरा किया और केंद्र सरकार की विभिन्न परियोजनाओ की प्रगति की समीक्षा के लिए केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियो के साथ बैठक की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह सचिव ने मुख्य सचिव केशव चंद्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियो के साथ बैठक की तथा ग्रेट निकोबार द्वीप समूह मे 72,000 करोड़ रुपए की लागत वाले इंटरनेशनल ट्रांस-शिपमेंट टर्मिनल (आईसीसीटी) सहित विभिन्न परियोजनाओ पर चर्चा की। मोहन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप (जिसे पहले रॉस द्वीप के नाम से जाना जाता था) का दौरा किया तथा प्रकाश और ध्वनि शो देखा। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप पर जापानी बंकर (द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान निर्मित), स्मृतिका संग्रहालय (भारतीय नौसेना द्वारा 1993 मे निर्मित) का भी दौरा किया। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह एकीकृत विकास निगम लिमिटेड (एएनआईआईडीसीओ) के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने गृह सचिव को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृति मे राष्ट्रीय स्मारक के प्रस्तावित विकास के बारे मे जानकारी दी।

# इंजीनियर रशीद की एआईपी और जमात के पूर्व सदस्यों ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन किया

**श्रीनगर।** एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में, लोकसभा सदस्य शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद के नेतृत्व वाली अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) और जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के पूर्व सदस्यो के बीच जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए एक गठबंधन हुआ। एआईपी ने एक बयान मे कहा कि आज एक संयुक्त बैठक हुई, जिसमे एआईपी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एआईपी के मुख्य प्रवक्ता इनाम उन नबी ने किया, जबकि जेईआई के पूर्व सदस्यो के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गुलाम कादिर वानी ने किया। जमात-ए-इस्लामी जम्मू और कश्मीर को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 2019 मे प्रतिबंधित कर दिया था। इस साल फरवरी मे प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया था। जमात के कई प्रभावशाली नेता निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर विधानसभा चुनाव लड़ रहे है। एआईपी के एक प्रवक्ता ने कहा कि दोनो पक्ष क्षेत्र की जनता के व्यापक हित में मिलकर काम करने पर सहमत हुए है। उन्होने कहा कि इसका लक्ष्य एआईपी और जेईआई समर्थित उम्मीदवारो के लिए शानदार जीत हासिल करना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जम्मू-कश्मीर के लोगो के पास मजबूत प्रतिनिधि हो, जो उनकी भावनाओ और आकांक्षाओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त कर सकें। उन्होने कहा, व्यापक विचार-विमर्श के बाद, यह सहमति बनी कि एआईपी कुलगाम और पुलवामा मे जेईआई समर्थित उम्मीदवारो का समर्थन करेगी। इसी प्रकार, जेईआई के पूर्व सदस्य पूरे कश्मीर मे एआईपी उम्मीदवारो को अपना समर्थन देंगे।

# बिहार में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर राजद ने मार्च निकाला राज्यपाल से की हस्तक्षेप की मांग

**पटना।** (भाषा) बिहार में कथित तौर पर बढ़ती आपराधिक घटनाओं और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने रविवार को पटना में विरोध मार्च निकाला।राजद नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन पहुंचकर एक नामित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की गई।राजद का यह विरोध मार्च वीरचंद पटेल रोड स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय से शुरू हुआ जिसे राजभवन पहुंचकर समाप्त होने था, लेकिन पुलिस ने उन्हें आयकर गोलंबर पर ही रोक दिया।

राजभवन तक मार्च निकालने की इजाजत नहीं मिलने पर राजद के कुछ विधायकों और पार्टी के अन्य नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल को प्रशासनिक अधिकारी राजभवन ले गए जहां उन्होंने नामित अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। मार्च के दौरान, हाथों में पार्टी का झंडा लिए राजद कार्यकर्ताओं ने राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की। राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने संवाददाताओं से कहा, पार्टी ने ज्ञापन में राज्य में बढ़ती आपराधिक घटनाओं और बिगड़ती कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर राज्यपाल से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। नीतीश कुमार सरकार अपराध रोकने में बुरी तरह विफल रही है। अहमद ने राज्य सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को सत्तारूढ़ सरकार के संरक्षण में हो रहे अपराधों को लेकर कोई चिंता नहीं है।

## पेज 1 का शेष

### केजरीवाल...

मेरे इस्तीफा देने के बाद आप एक उच्च स्तरीय बैठक करेगी और सीएम पद के लिए नाम तय करेगी, केजरीवाल ने अपने नए मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा अदालत द्वारा उन्हें जमानत दिए जाने के बावजूद मामला जारी रहेगा। मैंने अपने वकीलों से बात की है। जब तक मामला खत्म नहीं होता, सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। दो दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा दे देंगे। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसियों ने उनका और पार्टी का मनोबल तोड़ने के लिए उन्हें जेल भेजा। उन्होंने मुझे जेल क्यों भेजा। ऐसा नहीं है कि मैंने कोई अपराध किया है। वे भी यह जानते हैं। वे सिर्फ मेरा मनोबल तोड़ना चाहते हैं, मेरी पार्टी को तोड़ना चाहते हैं, हमारे नेताओं, मंत्रियों को अपने पक्ष में करना चाहते हैं। हमारे नेताओं को प्रताड़ित करने के लिए ईडी, सीबीआई इस्तेमाल किया। लेकिन हमारे नेता और कार्यकर्ता नहीं टूटे। लेकिन मैं आज आपको बताना चाहते हैं कि उन्होंने मुझे जेल भेजकर मुझे मजबूत किया। आप संयोजक ने कहा, सिसोदिया और मैं दोनों ही इस बात को लेकर तनाव में थे। वह भी कोई प्रभार नहीं संभालेंगे। हम दोनों अपनी सीट तब संभालेंगे, जब जनता हमें चुनेगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा, वह मुख्यमंत्री और मनीष सिसोदिया उपमुख्यमंत्री तभी बनेंगे, जब लोग कहेंगे कि हम ईमानदार हैं। भाजपा पर उन्हें भ्रष्ट साबित करने का आरोप लगाते हुए केजरीवाल ने कहा कि भगवा पार्टी लोगों को अच्छे स्कूल और मुफ्त बिजली नहीं दे सकती, क्योंकि वे भ्रष्ट हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, वह ईमानदार हैं। वे गैर-भाजपा मुख्यमंत्रियों के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करते हैं। अगर उन्हें गिरफ्तार किया जाता है, तो मैं उनसे आग्रह करते हैं कि वे इस्तीफा नहीं दें, बल्कि जेल से सरकार चलाएं। केजरीवाल ने कहा, उन्होंने (आबकारी नीति मामले में गिरफ्तारी के बाद) इस्तीफा नहीं दिया, क्योंकि वह लोकतंत्र का सम्मान करते है और मेरे लिए संविधान सर्वोच्च है। उन्होंने कहा कि केवल आप ही भाजपा की साजिशों का सामना कर सकती है। वर्ष 2014 में जन लोकपाल विधेयक को लेकर सत्ता संभालने के महज 49 दिन बाद मुख्यमंत्री पद छोड़ने का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा, उन्होंने अपने आदर्शों के लिए इस्तीफा दिया था। मुझे सत्ता का लालच नहीं है। आबकारी नीति का मामला लंबे समय तक चलेगा। वह जनता से पूछना चाहते हैं कि वह ईमानदार हैं या दोषी। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर वे उन्हें ईमानदार मानते हैं तो ही उनके पक्ष में वोट करें। मेरे लिए भाजपा महत्वपूर्ण नहीं है, लोग महत्वपूर्ण हैं। हमारे नेता सत्येंद्र जैन और अमानतुल्ला खान अभी भी जेल में हैं। उन्हें उम्मीद है कि वे जल्द ही बाहर आ जाएंगे। मुख्यमंत्री ने यहां आप कार्यकर्ताओं से कहा और भगवान का शुक्रिया अदा किया जिन मुश्किलों में उनके साथ रहे। जेल में बिताए अपने समय के बारे में केजरीवाल ने स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह द्वारा ब्रिटिश कैद में लिखे गए पत्रों का जिक्र किया और कहा, उन्होंने भी तिहाड़ से उपराज्यपाल को सिर्फ एक पत्र लिखा और मुझे चेतावनी जारी की गई। उन्होंने कहा, स्वतंत्रता सेनानियों को अपने सहयोगियों से मिलने की इजाजत थी लेकिन मेरे पार्टी सहयोगी संदीप पाठक को जेल में मिलने की इजाजत नहीं थी। आप कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा, उन्होंने जेल में काफी समय बिताया। जेल में रहते हुए भगवद गीता जैसी कई किताबें पढ़ीं।

### मौसम...

के इलाकों में 45-55 किमी/घंटा की गति से तेज हवाएँ चलने की संभावना है, जो 50 किमी/घंटा तक पहुँच सकती हैं। प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों और यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे मौसम संबंधी अलर्ट पर अपडेट रहें और खराब मौसम की स्थिति के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। इस मानसून में अब तक 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। आगरा में लगातार बारिश के बाद ताजमहल में पानी के रिसाव की बात सामने आई है। मेरठ में तीन मंजिला मकान गिरने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है, जबकि घटनास्थल पर बचाव कार्य अभी भी जारी है। स्थानीय मौसम विभाग ने रविवार और बुधवार को हिमाचल प्रदेश के छह जिलों में अलग-अलग स्थानों पर आंधी और बिजली गिरने के लिए येलो अलर्ट जारी किया। 21 सितंबर तक राज्य में बारिश का दौर जारी रहने का भी अनुमान है।

पायनियर
नई दिल्ली , सोमवार, 16 सितंबर 2024



# बांग्लादेशियों, रोहिंग्याओं की घुसपैठ झारखंड के लिए बड़ा खतरा : मोदी

**भाषा।** जमशेदपुर (झारखंड)

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन पर वोट बैंक की राजनीति के लिए, बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की घुसपैठ को संरक्षण देने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि पड़ोसी देश से आने वाले घुसपैठिए झारखंड के लिए बड़ा खतरा है, क्योंकि उनकी वजह से राज्य के संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों की जनसांख्यिकी बदल रही है। प्रधानमंत्री ने यहां गोपाल मैदान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन महारैली को संबोधित करते हुए कहा, बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं। इन क्षेत्रों की जनसांख्यिकी तेजी से बदल रही है।



आदिवासी आबादी घट रही है। घुसपैठिए पंचायत प्रणाली पर नियंत्रण स्थापित कर रहे हैं, जमीन हड़प रहे हैं, राज्य की बेटियों पर अत्याचार कर रहे हैं...हर झारखंडवासी असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि झामुमो घुसपैठियों का समर्थनै कर रही है और तथ्य यह है कि पड़ोसी देश से आए अवैध प्रवासी राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी पर प्रभाव स्थापित करने में कामयाब हो गए हैं। मोदी ने राज्य में बांग्लादेशी प्रवासियों की घुसपैठ की जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति स्थापित करने के उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद घुसपैठ को स्वीकार करने से इनकार करने के लिए झारखंड सरकार की आलोचना की। मोदी ने झामुमो, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस को झारखंड का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए कहा कि ये पार्टियां सत्ता की भूखी हैं और वोट बैंक की राजनीति में लिप्त हैं। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि राजद अब भी झारखंड के निर्माण का बदला ले रहा है, जबकि कांग्रेस राज्य से नफरत करती है और आदिवासियों को मुख्यधारा में आने से रोकती है। मोदी ने कहा, आदिवासी वोटों के जरिए सत्ता में आई झामुमो उन ताकतों का साथ दे रही है जो आदिवासियों की जमीन और जंगलों पर कब्जा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की कीमत पर वोट बैंक की राजनीति कर रही है। मोदी ने जोर देकर कहा कि झामुमो पिछले पांच वर्षों से आदिवासियों के नाम पर वोट बैंक की राजनीति में लगी हुई है। झामुमो ने सत्ता के लालच में एक आदिवासी मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को अपमानित किया है। इससे झारखंड के आदिवासियों को करारा झटका लगा है और पार्टी को इसका करारा जवाब दिया जाएगा। यहां तक कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन को भी अपमानित होना पड़ा।झामुमो के नेतृत्व वाला गठबंधन धर्म के नाम पर अपना वोट बैंक बढ़ाने की पूरी कोशिश कर रहा है। यह समय झारखंड में भाजपा को मजबूत करके खतरे को रोकने का है। झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार के स्कूल से प्रशिक्षण लिया है। खदानों, खनिजों और सेना की जमीन को लूटने वाले झामुमो को विदाई देने का समय आ गया है। झामुमो के नेतृत्व वाला गठबंधन भ्रष्टाचार में इतना डूबा हुआ है कि न केवल उनके नेताओं, बल्कि उनके सहयोगियों के पास से भी भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है। राज्य में अराजकता इतनी बढ़ गई है कि लोग अपनी संपत्ति की सुरक्षा के लिए उस पर 'बिक्री के लिए नहीं' का बोर्ड लगाने के लिए मजबूर हैं। झारखंड की स्थापना बड़ी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए की गई थी, लेकिन उन सपनों को दरकिनार कर दिया गया है।

## कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में हुई घटना के खिलाफ रैलियां निकाली गईं

**कोलकाता।** स्थानीय आरजी कर अस्पताल मे एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से कथित बलात्कार के बाद उसकी हत्या की घटना के मद्देनजर पीड़ित के लिए न्याय की मांग को लेकर रविवार को यहां प्रदर्शन किया गया और रैलियां निकाली गईं। सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियो ने बारिश के बीच हाथो मे तख्तियां लेकर जादवपुर 8बी बस अड्डे से दक्षिण कोलकाता के गोलपार्क तक मार्च निकाला। ए सभी पूर्व सैन्य अधिकारी पुरुलिया सैनिकस्कूल के पूर्व छात्र (एलुमनी) थे। शहर के मध्य भाग मे स्थित वेलिंगटन मे कलकत्ता गर्ल्स हाई स्कूल की पूर्व छात्राओ ने भी एक रैली निकाली और मृतका के लिए न्याय की गुहार लगाई। कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांग को लेकर सैकड़ो नर्स ने साल्ट लेक के करुणामई मे रैली निकाली तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांग की।

## आदि कैलाश मार्ग पर फंसे अधिकांश तीर्थयात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड मे भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से आदि कैलाश यात्रा मार्ग पर पिछले तीन दिन से फंसे तमिलनाडु, दिल्ली और पंजाब के तीर्थयात्रियो सहित 46 लोगो को रविवार को हेलीकॉप्टर के जरिए सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नारायण आश्रम मे स्केचार अन्य तीर्थयात्रियो को भी सोमवार को हेलीकॉप्टर के माध्यम से निकाल लिया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दिनो जब तमिलनाडु, पंजाब और दिल्ली के तीर्थयात्री आदि कैलाश के दर्शन कर लौट रहे थे तभी शुक्रवार को भारी बारिश के कारण तवाघाट के पास चैतलधार तथा कुछ अन्य स्थानो पर भूस्खलन के चलते यात्रा मार्ग बंद हो गया। इस कारण पंजाब के दस, दिल्ली का एक यात्री खेला मे तथा तमिलनाडु के 30 यात्री बूंदी मे फंस गए। उत्तराखंड के पांच स्थानीय लोग भी खेला मे फंस गए थे। धारचूला के उपजिलाधिकारी मंजीत सिंह ने बताया कि रविवार को खेला और बूंदी से यात्रियो को हेलीकॉप्टर के जरिए धारचूला हेलीपैड पहुंचाया गया।

## नेटफ्लिक्स मनाएगा हंसी का त्योहार

**कानपुर।** कपिल शर्मा, सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक, किकू शारदा, राजीव ठाकुर और अर्चना पूरन सिंह अपनी शानदार हास्य शैली के साथ एक बार फिर लौट रहे हैं। सफल सीजन 1 के बाद। नेटफ्लिक्स ने आज द ग्रेट इंडियन कपिल शो के आगामी दूसरे सीजन का ट्रेलर जारी किया हैए और अब सभी शनिवारों का इंतजार हो रहा हैए जो 21 सितंबर से हंसी के शनिवार फनीवार में बदलने वाले हैं। तान्या बामी, सीरीज हेड, नेटफ्लिक्स इंडिया ने कहा कि ष्द ग्रेट इंडियन कपिल शो को हमारे सभी मेंबर्स तक लाना 2024 में हमारे लिए एक प्रमुख उपलब्धि रही है और हम इस साल इसे दूसरे सीजन के लिए वापस लाने के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित हैं।

## इंदौर में बीएमडब्ल्यू कार ने स्कूटर को मारी टक्कर, दो महिलाओं की मौत

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर मे एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने एक स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार दो महिलाओं की मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि शनिवार देर रात हुए इस हादसे के बाद बीएमडब्ल्यू चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कार मालिक और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव के मुताबिक, खजराना थाना क्षेत्र मे यह हादसा उस समय हुआ, जब लक्ष्मी तोमर और दीक्षा जादौन प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर मेले मे घूमने के बाद स्कूटर से घर लौट रही थी। प्रत्यक्षदर्शियो के मुताबिक, एक बीएमडब्ल्यू कार ने स्कूटर को टक्कर मार दी।

# आरक्षण संबंधी बयान को लेकर उपराष्ट्रपति ने राहुल पर निशाना साधा

**भाषा।** मुंबई

**उपराष्ट्रपति जगदीप** धनखड़ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरक्षण से संबंधित बयान को लेकर उन पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति की ऐसी टिप्पणी संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाती है। धनखड़ ने मुंबई में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारत के संविधान के बारे में जागरूकता की अत्यधिक आवश्यकता है, क्योंकि कुछ लोग इसकी मूल भावना को भूल गए हैं। उन्होंने कहा, संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति का विदेशी धरती पर यह कहना कि आरक्षण समाप्त कर दिया जाना चाहिए, संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यह वही पुरानी संविधान विरोधी मानसिकता है, बस इसकी जिम्मेदारी किसी और ने ले ली है। उपराष्ट्रपति ने कहा, आरक्षण योग्यता के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह देश और संविधान की आत्मा है। यह सकारात्मक है, नकारात्मक नहीं। यह किसी को अवसर से वंचित नहीं करता, बल्कि समाज को ताकत देने वाले स्तंभों को सहारा देता है। हाल ही में अमेरिका की यात्रा के दौरान, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने कहा था कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तभी सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे और फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है।हालांकि, बाद में अमेरिका में संवाददाता सम्मेलन में गांधी ने कहा था कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया ताकि यह दिखाया जा सके कि वे आरक्षण के खिलाफ हैं। गांधी ने स्पष्ट किया, मैं बार-बार कहता रहा हूं कि हम आरक्षण को 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाने जा रहे हैं। धनखड़ ने कहा कि यह विडंबना है कि विदेश यात्रा का उद्देश्य भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करने तथा इसके संविधान के प्रति सम्मान दिखाना नहीं बल्कि सार्वजनिक रूप से संविधान के प्रति अनादर व्यक्त करना था। उन्होंने कांग्रेस नेता पर निशाना साधते हुए कहा, संविधान को किताब की तरह नहीं दिखाया जाना चाहिए। इसका सम्मान किया जाना चाहिए, इसे पढ़ा जाना चाहिए और समझा जाना चाहिए।

### देश प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है



**नागपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि भारत अब सुषुप्त अवस्था में नही रहा बल्कि देश अब तरक्की की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। धनखड़ ने यहां रामदेवबाबा विश्वविद्यालय मे एक डिजिटल टॉवर का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा सेवा है, व्यापार नही।गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लोकतंत्र को परिभाषित करती है और आपको जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है वह विकास को परिभाषित करती है और यह 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने संबंधी हमारे लक्ष्य को तेजी से आगे बढ़ाएगी। अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता सुशासन का एक साधन है। धनखड़ ने कहा कि देश अब तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसकी तरक्की को रोका नही जा सकता। उन्होने कहा कि भारत की आर्थिक उन्नति तेजी से हुई है और वैश्विक संस्थाओं के अनुसार, देश निवेश और अवसरों के लिए एक पसंदीदा स्थान है।उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार हमारे समाज को खा रहा था। भ्रष्टाचार के बिना कोई नौकरी नही मिलती थी, कोई ठेका नही मिलता था और कोई अवसर नही मिलता था।

# मोदी सरकार 3.0 : शुरुआती 100 दिनों में बुनियादी ढांचा और कृषि पर मुख्य ध्यान



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)सरकार ने अपने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों के दौरान तीन लाख करोड़ रुपए की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें 25,000 गांवों को सड़क नेटवर्क से जोड़ना और महाराष्ट्र के वधावन में एक विशाल बंदरगाह का निर्माण शामिल है।

सरकार का बुनियादी ढांचे के अलावा कृषि पर भी ध्यान रहा है और इस अवधि में उसने खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि, प्याज और बासमती चावल पर न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को हटाना तथा कच्चे पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी तेलों के आयात शुल्क में वृद्धि शामिल है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष नौ जून को लगातार तीसरी बार पदभार ग्रहण किया। मोदी सरकार का जोर नीतिगत मोर्चे पर स्थिरता प्रदान करने पर रहा है, तथा मूल अवधारणा को कमजोर किए बिना शुरुआती समस्याओं को दूर करने के लिए कुछ बदलावों को अपनाने के लिए लचीला दृष्टिकोण अपनाया गया है। इसका एक उदाहरण वस्तु एवं सेवा कर है, जिसमें टकराव कम करने के लिए 140 परिवर्तन किए गए हैं।सरकार ने महाराष्ट्र में 76,200 करोड़ रुपए की लागत से विशाल वधावन बंदरगाह को मंजूरी दी, जो दुनिया के शीर्ष 10 बंदरगाहों में से एक होगा। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-4 (पीएमजीएसवाई-ढ्ढङ्क) के अंतर्गत 49,000 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता से 25,000 गांवों को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए 62,500 किलोमीटर सड़कों और पुलों के निर्माणाउन्नयन को मंजूरी दी गई। इनमें से कई गांवों की आबादी 100 से कम है। सरकार ने 50,600 करोड़ रुपए के निवेश से भारत के सड़क नेटवर्क को मजबूत करने को भी मंजूरी दी है, जिसमें 936 किलोमीटर लंबी आठ राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को मंजूरी भी शामिल है।मोदी ने लद्दाख को हिमाचल प्रदेश से जोड़ने वाली शिंखुन-ला सुरंग के निर्माण कार्य की शुरुआत के लिए पहला विस्फोट भी किया। सरकार ने रेल द्वारा तीव्र एवं सुविधाजनक यात्रा के लिए आठ नई रेलवे लाइन परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिससे 4.42 करोड़ मानव-दिवस रोजगार सृजित होंगे।राष्ट्रीय स्तर की समिति द्वारा नई राष्ट्रीय सहकारी नीति का मसौदा तैयार कर लिया गया है तथा उसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। सरकार ने एग्रीश्योर नाम से एक नया कोष भी शुरू किया, जिसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र में क्रांति लाना तथा स्टार्टअप्स और ग्रामीण उद्यमों को समर्थन देना है।

### राजग सरकार के मौजूदा कार्यकाल में ही लागू होगा एक देश, एक चुनाव

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत मौजूदा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में ही एक देश, एक चुनाव को लागू करेगी और उसे भरोसा है कि इस सुधार को सभी दलों का समर्थन मिलेगा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर सूत्रों ने बताया कि सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर एकजुटता शेष कार्यकाल मे भी बनी रहेगी।एक सूत्र ने बताया, निश्चित रूप से, इसे इसी कार्यकाल मे क्रियान्वित किया जाएगा। यह एक वास्तविकता होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से किए गए अपने संबोधन में एक देश, एक चुनाव की जोरदार वकालत की थी और कहा था कि बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रही है।मोदी ने कहा था, राष्ट्र को एक देश, एक चुनाव के लिए आगे आना होगा। प्रधानमंत्री ने राजनीतिक दलों से लाल किले से और राष्ट्रीय तिरंगे को साक्षी मानकर राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा जारी चुनाव घोषणापत्र मे उसने एक देश, एक चुनाव को प्रमुख वादों के रूप मे शामिल किया था। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता मे गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने इस साल मार्च मे पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की। समिति ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के 100 दिनो के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने की भी सिफारिश की। इसके अलावा, विधि आयोग सरकार के सभी तीन स्तरों लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों जैसे नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए 2029 से एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश कर सकता है। वह सदन मे अविश्वास प्रस्ताव या अनिश्चितकाल तक बहुमत नही होने की स्थिति मे एकता सरकार का प्रावधान करने की सिफारिश कर सकता है।कोविंद समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए कोई समय सीमा तय नही की। उसने 18 संवैधानिक संशोधन करने की सिफारिश की जिनमे से अधिकांश को राज्य विधानसभाओं के अनुमोदन की आवश्यकता नही होगी।

### जल्द कराई जाएगी जनगणना, जाति जनगणना पर अभी नहीं कोई फैसला

**नई दिल्ली।** सरकार ने दशकीय जनगणना कराने की तैयारी शुरू कर दी है, लेकिन इस प्रक्रिया में जाति संबंधी कॉलम शामिल करने पर अभी निर्णय नहीं लिया गया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक सूत्र ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि दशकीय जनगणना जल्द ही कराई जाएगी। भारत में 1881 से हर 10 वर्ष में जनगणना की जाती है। इस दशक की जनगणना का पहला चरण। अप्रैल, 2020 को शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। पिछले वर्ष संसद द्वारा पारित महिला आरक्षण अधिनियम का कार्यान्वयन भी दशकीय जनगणना से जुड़ा हुआ है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने संबंधी कानून इस अधिनियम के लागू होने के बाद होने वाली पहली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़ों के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद लागू होगा। दशकीय जनगणना में जाति संबंधी कॉलम शामिल करने के बारे में पूछे जाने पर सूत्र ने कहा, इस पर निर्णय होना अभी बाकी है। राजनीतिक दल जाति जनगणना कराने की पुरजोर तरीके से मांग कर रहे हैं। नए आंकड़े नहीं होने के कारण सरकारी एजेंसियां अब भी 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर नीतियां बना रही हैं और सब्सिडी आवंटित कर रही हैं।

# हिंदू का मतलब विश्व का सबसे उदारतम मानव, जो सब स्वीकारता है: भागवत

**भाषा।** जयपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने हिंदू धर्म को सबके कल्याण की कामना करने वाला विश्व धर्म बताते हुए रविवार को कहा कि हिंदू का मतलब विश्व का सबसे उदारतम मानव... जो सब कुछ स्वीकार करता है।इसके साथ ही उन्होंने स्वयंसेवकों से सामाजिक समरसता के माध्यम से बदलाव लाने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें छुआछूत के भाव को पूरी तरह मिटा देना है। डॉ. भागवत अलवर के इन्दिरा गांधी खेल मैदान में स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा, हमारे राष्ट्र को समर्थ करना है। हमने प्रार्थना में ही कहा है कि यह हिंदू राष्ट्र है क्योंकि हिंदू समाज इसका उत्तरदाई है। इस राष्ट्र का अच्छा होता है तो हिंदू समाज की कीर्ति बढ़ती है। इस राष्ट्र में कुछ गड़बड़ होता है तो इसका दोष हिंदू समाज पर आता है क्योंकि वे ही इस देश के कर्ताधर्ता हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को परम वैभव संपन्न और सामर्थ्यवान बनाने का काम पुरुषार्थ के साथ करने की आवश्यकता है और हमें समर्थ बनना है, जिसके लिए पूरे समाज को योग्य बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा, जिसे हम हिंदू धर्म कहते हैं यह वास्तव में मानव धर्म है, विश्व धर्म है और सबके कल्याण की कामना लेकर चलता है। हिंदू का मतलब विश्व का सबसे उदारतम मानव, जो सब कुछ स्वीकार करता है, सबके प्रति सद्भावना रखता है। पराक्रमी पूर्वजों का वंशज है जो विद्या का उपयोग विवाद पैदा करने के लिए नहीं करता, ज्ञान देने के लिए करता है। उन्होंने कहा कि हिंदू धन का उपयोग मदमस्त होने के लिए नहीं करता, दान के लिए करता है और शक्ति का उपयोग दुर्बलों की रक्षा के लिए करता है।उन्होंने कहा, यह जिसका शील है, यह जिसकी संस्कृति है वह हिंदू है। चाहे वह पूजा किसी की भी करता हो, भाषा कोई भी बोलते हो, किसी भी जात-पात में जन्मा हो, किसी भी प्रांत का रहने वाला हो, कोई भी खानपान रीति रिवाज को मानता हो। ए मूल्य और संस्कृति जिनकी है, वह सब हिंदू हैं। स्वयंसेवकों से छुआछूत और ऊंच-नीच का भाव मिटाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, हम अपने धर्म को भूलकर स्वार्थ के अधीन हो गए, इसलिए छुआछूत बढ़ा, ऊंच-नीच का भाव बढ़ा, हमें इस भाव को पूरी तरह मिटाना है। जहां संघ का काम प्रभावी है, संघ की शक्ति है, वहां कम से कम मंदिर, पानी, शमशान सब हिंदुओं के लिए खुले होंगे। भागवत ने कहा, यह काम समाज का मन बदलते हुए करना है। सामाजिक समरसता के माध्यम से परिवर्तन लाना है। यहां जारी बयान के अनुसार सरसंघचालक ने स्वयंसेवकों से सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, स्व का भाव और नागरिक अनुशासन इन पांच विषयों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब इन बातों को स्वयंसेवक अपने जीवन में उतारेंगे तब समाज भी इनका अनुसरण करेगा। उन्होंने कहा, अगले वर्ष संघ कार्य को सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। संघ की कार्य पद्धति दीर्घकाल से जारी है, हम कार्य करते हैं तो उसके पीछे विचार क्या है ? यह हमें ठीक से समझ लेना चाहिए और अपनी कृति के पीछे यह सोच हमेशा जागृत रहनी चाहिए। डॉ. भागवत ने कहा, पहले संघ को न कोई नहीं जानता था और न कोठ मानता था लेकिन अब सब जानते भी हैं और मानते भी हैं। हमारा विरोध करने वाले भी। जुबां से तो विरोध करते हैं लेकिन मन से तो मानते ही हैं। इसलिए अब हमें हिंदू धर्म, हिंदू संस्कृति और हिंदू समाज का संरक्षण राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति के लिए करना है। डॉ. भागवत ने यह भी कहा कि भारत में भी परिवार के संस्कारों को खतरा है। मीडिया के दुरुपयोग से नई पीढ़ी बहुत तेजी से अपने संस्कार भूल रही है।बयान के अनुसार इस कार्यक्रम में 2,842 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इसके बाद सरसंघचालक भागवत भूरा सिद्ध स्थित मातृ स्मृति वन में पहुंचे जहां उन्होंने पौधारोपण किया। भागवत 17 अगस्त तक अलवर में रहेंगे।

## क्विक न्यूज

### शिमला मस्जिद विवाद : हिंसक प्रदर्शन के लिए विहिप नेताओं और पूर्व पार्षदों पर मामला दर्ज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला के संजौली क्षेत्र मे एक मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने की मांग को लेकर हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान हिंसा करने के आरोप मे विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेताओ, पूर्व पार्षदो और पंचायत प्रमुखो सहित 50 लोगो पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रदर्शनकारियो की 11 सितंबर को सुरक्षाकर्मियो के साथ झड़प हुई। प्रदर्शनकारियो ने बैरिकेड तोड़ दिए और पत्थरबाजी की, जबकि पुलिस ने उन्हे तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारे की और लाठियां बरसाईं। इस झड़प मे पुलिस और महिलाओ समेत करीब 10 लोग घायल हो गए थे। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि विरोध-प्रदर्शन को भड़काने वाले लोगों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) एकत्र कर लिए गए है, जिसके आधार पर और मामले दर्ज किए जाएंगे। अधिकारी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज, वीडियो और तस्वीर मे साक्ष्य मौजूद है, जिनमे लोगो के हाथो मे पत्थर देखे जा सकते हैं और ए पत्थर ड्यूटी पर तैनात अधिकारियो पर फेंके गए। अधिकारियो ने बताया कि पुलिस ने अब तक जिन 50 लोगो की पहचान कर आठ मामले दर्ज किए है, उनमे विहिप के नेता, पंचायत प्रमुख, पूर्व पार्षद और दुकानदारो के अलावा चौपाल और ठियोग इलाके के लोग शामिल है। प्रदर्शनकारियो पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196 (1) (धर्म के आधार पर दुश्मनी को बढ़ावा देना), 196 (2) (पूजा स्थल पर अपराध), 189 (गैर कानूनी रूप से जमा होना), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 61 (2) (आपराधिक साजिश और हमला), 353 (2) (धर्म के बारे मे गलत जानकारी फैलाना), 223 (लोक सेवकों के आदेशों की अवहेलना करना) और 132 (लोक सेवक पर हमला करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने कहा, यह शांति भंग करने के लिए पूर्व नियोजित विरोध प्रदर्शन था। सोशल मीडिया पर पूरी घटना को भड़काने वालों की पहचान कर ली गई है तथा उनके कृत्य और आचरण से पता चलता है कि वे अपराध मे कैसे शामिल थे।

### केदारनाथ मार्ग पर व्यवसाई, तीर्थ पुरोहित सभी वर्गों के साथ सरकार कर रही मनमानी: कांग्रेस नेता

**देहरादून।** कांग्रेस की उत्तराखंड इकाई के अध्यक्ष करन माहरा ने रविवार को आरोप लगाया कि केदारनाथ यात्रा मार्ग पर व्यवसायियों, घोड़ा-खच्चर संचालकों, तीर्थ पुरोहितों सहित सभी वर्गों के साथ मनमानी की जा रही है जिससे लोगो मे आक्रोश पैदा हो रहा है। केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा का केदारनाथ में शुक्रवार को समापन करने के बाद माहरा ने तीर्थ पुरोहितो तथा स्थानीय व्यवसायियो से बातचीत कर उनकी समस्याओ के बारे में जाना। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ने कहा कि केदारनाथ में हर वर्ग सरकार की मनमानी का शिकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रियो के पंजीकरण के नाम पर केदारनाथ यात्रा प्रभावित हुई जिसका असर स्थानीय व्यापारियों पर भी पड़ा। कांग्रेस नेता ने कहा कि व्यापारियो ने बैंक से जो कर्ज लिया है उसकी किस्त भी नही दे पा रहे है जिससे व्यापारियो मे भारी आक्रोश है। माहरा ने कहा कि स्थानीय व्यापारियों से प्रति तंबू 80 हजार रुपए वसूले गए लेकिन सही तरीके से यात्रा संचालित नही होने के कारण उन्हे भारी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि इसी तरह प्रशासन द्वारा प्रति कच्ची दुकान के लिए 5,900 रुपए की पर्ची काटी गई और उसके बाद उन्ही दुकानदारो का वन विभाग द्वारा 10 हजार रुपए का चालान काटा गया। उन्होंने कहा, इससे स्पष्ट है कि सरकारी विभागों में कोई समन्वय नही है जिस कारण स्थानीय नौजवानो का आर्थिक शोषण हो रहा है। माहरा ने कहा कि घोड़ा-खच्चर संचालकों से सरकार ने प्रति चक्कर 300 रुपए वसूले गए लेकिन उसके बाद भी जगह-जगह पर अवैध रूप से उनसे 1000-2000 रुपए के चालान भी काटे जा रहे हैं जो सरासर अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि केदारनाथ धाम में पुनःनिर्माण के नाम पर भी तीर्थ पुरोहितो और अन्य हितधारकों के साथ अन्याय किया जा रहा है जिसका लगातार विरोध हो रहा है लेकिन सरकार अपनी मनमानी से बाज नही आ रही। माहरा ने कहा, अतिक्रमण के नाम पर बुलडोजर से लगातार लोगों के प्रतिष्ठानों को तोड़ा जा रहा है जिससे उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। इस संबंध मे उन्होने कहा कि केदारनाथ धाम में एक मंजिल से अधिक का निर्माण प्रतिबंधित है परन्तु वहां बहुमंजिला भवन धड़ल्ले से बनाए जा रहे है जो किसी बड़ी आपदा को खुला निमंत्रण है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2013 की केदारनाथ आपदा के समय जिस भीम शिला ने मंदिर की रक्षा की, उसके पीछे भी बड़ी-बड़ी मशीनों से खुदाई कर एक बड़े निर्माण की तैयारी की जा रही है जो निश्चित ही भविष्य में बड़ा खतरा साबित होगा। उन्होने यह भी आरोप लगाया कि हाल मे 31 जुलाई को घटित आपदा मे मृत और लापता व्याक्तियों का सही आंकड़ा तक प्रशासन के पास नही है और न ही अब तक आपदा मे हुए नुकसान का सही मूल्यांकन किया गया। उन्होंने कहा कि मार्ग भी जगह-जगह क्षतिग्रस्त है जिससे श्रद्धालुओं और आम जनमानस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। माहरा ने कहा कि केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा का उद्देश्य केदारनाथ धाम की प्रतिष्ठा के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोकना था जिसमें दिल्ली के बुराड़ी में बन रहे केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति के निर्माण को रोकने मे कामयाबी मिली। उन्होंने कहा, केदारनाथ धाम से बुराड़ी ले जाई गई शिला अभी तक वापस नही आई है और न ही दिल्ली के सेठो ने एकत्रित किया चंदा वापस किया है। उन्होंने कहा, अभी तक इस बात का जवाब भी नही मिला है कि केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह का 228 किलो सोना पीतल मे कैसे बदला।

### मणिपुर पुलिस विरोध प्रदर्शन के दौरान अत्याधुनिक हथियारों के इस्तेमाल पर चिंतित

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने रविवार को विरोध प्रदर्शनो के दौरान सुरक्षाकर्मियो को निशाना बनाने के लिए अत्याधुनिक हथियारो के इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त की और प्रदर्शनकारियो से अपनी बात रखने के लिए ऐसे हथियारो का इस्तेमाल करने से परहेज करने का आग्रह किया।रेंज। के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) एन. हीरोजीत सिंह ने पत्रकारो से कहा, हम जनता को याद दिलाना चाहते है कि पुलिस विभाग का कर्तव्य कानून-व्यवस्था बनाए रखना और बदमाशो द्वारा किए जाने वाले सशस्त्र हमलो पर प्रतिक्रिया देना है। इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान हमारे कई कर्मी हताहत हुए है। विरोध प्रदर्शन की रणनीति में आए बदलाव पर प्रकाश डालते हुए डीआईजी ने कहा कि हाल के आंदोलनो मे, विरोध के तरीको मे बदलाव आया है और सुरक्षा बलो को निशाना बनाया जा रहा है। उनके मुताबिक, प्रदर्शनकारी पत्थरबाजी, गुलेल से लोहे के टुकड़े फेंकना, आंसू गैस के गोले दागना और स्वचालित आग्नेयास्त्रों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होने दावा किया, हमारे पास विरोध प्रदर्शनो के दौरान स्वचालित हथियारो से गोलीबारी के सबूत है। हाल मे खाबेइसोई मे स्वचालित हथियारो से गोलीबारी मे इंफाल ईस्ट कमांडो के एक अधिकारी और एक अन्य कर्मी घायल हो गए। इंफाल पश्चिम जिले के काक्वा में स्वचालित हथियारो से गोलीबारी के निशान हमारे वाहनो पर है। संयम बरतने का अनुरोध करते हुए सिंह ने कहा, हम यह कहना चाहते है कि पुलिस बल प्रदर्शनकारियो से निपटने मे अधिकतम संयम बरतता है। हालांकि स्वचालित हथियारो की गोलीबारी के जवाब मे पुलिस की ओर से कोई जवाबी कार्वाई नही की गई है, लेकिन हमारे पास ऐसी रिपोर्ट है कि जब हम न्यूनतम, गैर-घातक दंगा-रोधी उपायो का उपयोग करते है, तो प्रदर्शनकारी घायल हो जाते है। गैर-स्थानीय प्रदर्शनकारियो के मुद्दे पर डीआईजी ने कहा, विरोध प्रदर्शनो के दौरान हमने इलाके के बाहर से आए लोगो को हिरासत मे लिया है। हम लोगों से आग्रह करते है कि वे अपनी मांगो के लिए लोकतांत्रिक और अहिसक तरीको का इस्तेमाल करें। अत्यधिक संवेदनशील इलाको मे घुसने और सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने पर सख्त कार्वाई की जाएगी। उन्होने कहा, पुलिस समुदाय का हिस्सा है, दुश्मन नही। पुलिस को निशाना बनाने और उन पर हमला करने के उद्देश्य से किए जाने वाले विरोध प्रदर्शनो को तुरंत बंद कर देना चाहिए। सिंह ने विरोध प्रदर्शनों की लाइव कवरेज न करने की भी सलाह दी क्योंकि इससे अन्य लोग भी इसमे शामिल होने के लिए उकसा सकते है।उन्होंने कहा, कानून-व्यवस्था के बिना समाज काम नही कर सकता। अगर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के पारंपरिक तरीके विफल हो जाते है और वैकल्पिक उपायो का उपयोग किया जाता है, तो यह सभी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण होगा।

### त्योहारों पर बढ़ रही नौकरियों में मांग

**गुरुग्राम।** भारत में त्योहारों के मौसम में न केवल ग्राहकों की गतिविधि बढ़ जाती है बल्कि कई सेक्टर्स में भर्तियाँ भी शुरू हो जाती हैं। व्यवसाय बढ़ी हुई मांग को पूरा करने की तैयारी में लग जाते हैं, जिससे कुछ नौकरियों की मांग बढ़ जाती है, जिनके लिए आकर्षक वेतन भी दिया जाता है। इनडीड के मुताबिक इन त्योहारों पर सबसे ज्यादा मांग में रहने वाले सर्वोच्च पाँच पद, उनके औसत वार्षिक वेतन और जो शहर सबसे अच्छा वेतन पेश कर रहे हैंए उनकी सूची निम्नलिखित है। डिलीवरी एग्ज़िक्यूटिव सबसे ज्यादा मांग में हैं क्योंकि ई.कॉमर्स प्लेटफॉर्म एवं क्विक कॉमर्स सेवाओं ने त्योहारों की मांग को पूरा करने के लिए अपने ऑपरेशंस बढ़ाए हैं। डिलीवरी एग्ज़िक्यूटिव का सबसे ज्यादा वेतन हैदराबाद में है, जहाँ उन्हें प्रतिवर्ष 3,76,219 रुपये तक का वेतन मिल रहा है। इसका कारण हैदराबाद का एक विकसित होता हुआ टेक एवं लॉजिस्टिक्स हब होना हैए जहाँ कई कंपनियाँ अपने वितरण केंद्र स्थापित कर रही हैं। इसलिए यहाँ पर प्रभावशाली वितरण नेटवर्क का होना बहुत आवश्यक है। इस शहर में नौकरी के प्रतिस्पर्धी बाजार और डिलीवरी प्रोफेशनल्स की ऊँची मांग के कारण वेतन बढ़ गए हैं। वेयरहाउस कर्मचारियों के लिए नौकरी की पोस्टिंग में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ये कर्मचारी पैकेजिंग, लेबलिंग, और ऑर्डर फुलफिलमेंट का काम संभालते हैं, जो त्योहारों के मौसम में काफी ज्यादा बढ़ जाता है। गुड़गाँव में वेयरहाउस कर्मचारियों को सबसे ज्यादा वेतन दिया जा रहा हैए जो 3,61,422 रुपये प्रतिवर्ष है। इसका मुख्य कारण है कि गुड़गाँव उत्तर भारत का मुख्य लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग केंद्र हैए जहाँ कई मल्टीनेशनल कंपनियाँ और बड़े डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर हैं। इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बाजार और इन पदों की भारी मांग के कारण वेतन बढ़ गए हैं। लॉजिस्टिक्स को.ऑर्डिनेटर सबसे ज्यादा मांग वाले समय वस्तुओं के परिवहन को संभालने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। इन नौकरियों में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लॉजिस्टिक्स को.ऑर्डिनेटर सप्लाई चेन की एफिशियंसी बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।

# इंग्लिश चैनल पार करते समय आठ की मौत

● फ्रांसीसी प्राधिकारी ने दी जानकारी



**पेरिस।** उत्तरी फ्रांस से इंग्लिश चैनल पार करने की कोशिश करते समय कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। फ्रांसीसी समुद्री प्राधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार को आधी रात से ठीक पहले उस समय हुई, जब प्राधिकारियों ने उत्तरी शहर एम्बलेट्यूस में एक समुद्र तट के पास एक नौका को संकट में देखा, जिसमें दर्जनों लोग सवार थे। चैनल और उत्तरी सागर के प्रभारी फ्रांसीसी समुद्री अधिकारियों की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि एक फ्रांसीसी बचाव पोत को क्षेत्र में तैनात किया गया और बचाव सेवाओं ने समुद्र तट पर 53 प्रवासियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की। बयान में कहा गया, तत्काल मदद मुहैया कराए जाने के बावजूद आठ लोगों की मौत हो गई। इसमें कहा गया कि समुद्र में तलाश अभियान के दौरान कोई व्यक्ति नहीं मिला। पास-डी-कैलाइस के अधिकारी जैक्स बिलेंट ने रविवार को फ्रांसीसी मीडिया को बताया कि छह लोगों को अपेक्षाकृत आपातकालीन स्थिति में अस्पताल ले जाया गया, जिसमें हाइपोथर्मिया (शरीर का तापमान सामान्य से कम हो जाना) से पीड़ित 10 महीने का एक बच्चा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में जीवित बचे लोग इरिट्रिया, सूडान, सीरिया, अफगानिस्तान, मिस्र और ईरान से हैं। पास-डी-कैलाइस क्षेत्र की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, बचाव अभियान जारी है तथा त्रासदी में जीवित बचे लोगों को उत्तरी शहर एम्बलेट्यूज के खेल हॉल में ले जाया गया है। बोलोने-सुर-मेर के अभियोजक कार्यालय ने दुर्घटना की जांच शुरू की है। इस घटना से करीब दो सप्ताह पहले प्रवासियों को ले जा रही एक नौका इंग्लिश चैनल में उस समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जब वे उत्तरी फ्रांस से ब्रिटेन पहुंचने का प्रयास कर रहे थे। नौका में सवार दर्जनों लोग खतरनाक जलमार्ग में गिर गए थे और 13 लोगों की मौत हो गई थी। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने शनिवार को हुई घटना पर शोक जताते हुए बीबीसी से कहा, यह भयानक है। चैनल और उत्तरी सागर के प्रभारी फ्रांसीसी समुद्री अधिकारियों द्वारा भेजी गई एक रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांसीसी तट रक्षक और नौसेना के जहाजों ने शनिवार को पास-डी-कैलाइस क्षेत्र के खतरनाक जल से 200 लोगों को बचाया।

## नाइजीरिया में नौका पलटने के बाद कम से कम 40 लोग हुए लापता: अधिकारी

**अबूजा।** नाइजीरिया के उत्तर पश्चिम हिस्से में एक नदी में नौका दुर्घटना में कम से कम 40 लोग डूब गए। राष्ट्रपति बोला टिनूबु ने रविवार को यह जानकारी दी। टिनूबु ने एक बयान में बताया कि जामफारा प्रांत में किसान अपनी जमीन पर जाने की कोशिश कर रहे थे, उसी दौरान यह हादसा हुआ। राष्ट्रपति ने पीड़ितों के लिए सहयोग का वादा किया है तथा आपात एजेंसियों को इस दुर्घटना का आकलन करने का निर्देश दिया। जामफारा के पुलिस प्रवक्ता याजिद अबूबकर ने बताया कि शनिवार को यह हादसा हुआ, जिसके बाद पांच लोगों को बचा लिया गया, लेकिन 40 लोग अब भी लापता है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि जब यह नौका डूबी, तब कितने लोग उसपर सवार थे।

# ईरान ने अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक उपग्रह भेजा, पश्चिमी देशों ने की आलोचना



**तेहरान।** ईरान ने देश के अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड द्वारा बनाए गए रॉकेट से शनिवार को एक उपग्रह प्रक्षेपित किया। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। पश्चिमी देशों को आशंका है कि इससे ईरान को अपने बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। ईरान ने बताया कि रॉकेट के जरिए उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने वाला यह उसका दूसरा प्रक्षेपण है। वैज्ञानिकों ने बाद में प्रक्षेपण की पुष्टि की तथा बताया कि उपग्रह कक्षा में पहुंच गया है। ईरानी मीडिया की ओर से बाद में साझा किए गए वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मोबाइल लांचर की मदद से रॉकेट प्रक्षेपण किया गया। एसोसिएटेड प्रेस ने बाद में जारी वीडियो और अन्य तस्वीरों का विश्लेषण करने के बाद बताया कि ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 350 किलोमीटर (215 मील) पूर्व में शाहरूद शहर के बाहरी इलाके से यह प्रक्षेपण किया। इजराइल-हमास युद्ध को लेकर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने यह प्रक्षेपण किया है। युद्ध के दौरान ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। इस बीच, ईरान का परमाणु हथियारों के निर्माण के लिए जरूरी यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम लगातार जारी है। तेहरान के इस कार्यक्रम को लेकर निरस्त्रीकरण विशेषज्ञों ने चिंता जताई है। ईरान ने बताया कि उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए कायम-100 रॉकेट का इस्तेमाल किया गया और रिवॉल्यूशनरी गार्ड ने जनवरी में एक अन्य सफल प्रक्षेपण के दौरान इसका इस्तेमाल किया था। सरकारी मीडिया ने अपनी खबर में बताया कि चमरान-1 नामक इस उपग्रह का वजन 60 किलोग्राम है और इसे कक्षा में स्थापित किया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इस प्रक्षेपण के संबंध में कहा, हम लंबे समय से यही चिंता जता रहे हैं कि ईरान के अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान कार्यक्रम से लंबी मारक क्षमता वाली मिसाइल प्रणालियों का विस्तार करने में उसको मदद मिलेगी।

## अमेरिका-चीन के सैन्य अधिकारियों ने दक्षिण चीन सागर में तनाव व अन्य मुद्दों पर की वार्ता

**बैंकाक।** अमेरिका और चीन के सैन्य अधिकारियों ने दक्षिण चीन सागर में तनाव और अन्य मुद्दों पर नियमित वार्ता के लिए बीजिंग में बैठक की। बैठक रविवार को समाप्त हुई और अधिकारियों ने ताइवान, रूस-यूक्रेन युद्ध और दक्षिण चीन सागर में झड़पों जैसे मौजूदा मुद्दों पर चर्चा की। चीन, ताइवान और मंगोलिया के लिए रक्षा उप सहायक सचिव माइकल चेस ने द्विपक्षीय रक्षा नीति समन्वय वार्ता में भाग लेने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। यह बैठक पिछली बार जनवरी मे आयोजित की गई थी। हालांकि, इस वार्ता से दक्षिण चीन सागर से जुड़े दावो से लेकर ताइवान तक के मुद्दो पर लंबे समय से जारी मतभेदो के सुलझने की उम्मीद नही थी, लेकिन अमेरिका ने संघर्ष से बचने के लिए वार्ता पर जोर दिया है। ए बैठकें चेस के बीजिंग मे जियांगशान फोरम मे भाग लेने के बाद आयोजित की गईं। वर्ष 2021 मे दोनो सेनाओं के बीच संचार टूट गया था, क्योंकि ताइवान की संप्रभुता, कोविड-19 महामारी और आर्थिक मामलो जैसे मुद्दो पर मतभेद बढ़ने से अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ गया था। दक्षिण चीन सागर पर चीन का दावा लगातार मुखर होता जा रहा है, तथा फिलीपीन तट रक्षक बल के साथ उसकी झड़पें भी बढ़ रही है।

## चीन अपने तीसरे विमानवाहक पोत के लिए स्टेल्थ लड़ाकू विमान का परीक्षण कर रहा : रिपोर्ट

**बीजिंग।** चीन अपने तीसरे विमानवाहक पोत फुजियान पर तैनात करने के लिए जे-35 नामक एक नए स्टेल्थ लड़ाकू विमान का परीक्षण कर रहा है। ग्लोबल टाइम्स ने सरकारी प्रसारक सीसीटीवी के हवाले से बताया कि इस वर्ष की शुरूआत मे पहले विमानवाहक पोत लियाओनिंग पर एक नए प्रकार के युद्धक विमान का परीक्षण किया गया था। इसने कहा कि यह नया विमान लंबे समय से प्रतीक्षित जे-35 हो सकता है, जो चीन का अगली पीढ़ी का स्टेल्थ लड़ाकू जेट है। चीन के पास वर्तमान में दो विमानवाहक पोत हैं। इनमें लियाओनिंग सोवियत युग के जहाज का नवीनीकरण है तथा शांदोंग स्वदेश निर्मित दूसरा विमानवाहक पोत है जिसे 2019 में सेवा में शामिल किया गया था। इसका तीसरा विमानवाहक पोत फुजियान दोनो पोतो से बड़ा है तथा वर्तमान मे इसका परीक्षण किया जा रहा है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार ने कहा कि जे-35 को शेनयांग एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन द्वारा जे-20 के बाद पांचवी पीढ़ी के चीन के दूसरे लड़ाकू जेट के रूप मे विकसित किया जा रहा है।

# यमन विद्रोहियों की ओर से प्रक्षेपित मिसाइल इजराइल में गिरी



**यरुशलम।** यमन के ईरान-समर्थित विद्रोहियों द्वारा दागी गई एक मिसाइल रविवार तड़के मध्य इजराइल के एक खुले क्षेत्र में गिरी, जिससे उसके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हवाई हमले के सायरन बज उठे। इजराइल ने इसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई का संकेत दिया है हमले में किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की कोई खबर नहीं है, लेकिन इजराइली मीडिया ने कुछ वीडियो प्रसारित किए हैं जिनमें दिख रहा है कि बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लोग शरण लेने के लिए भाग रहे हैं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि इसके तुरंत बाद सामान्य परिचालन फिर से शुरू हो गया। मध्य इजराइल के एक ग्रामीण क्षेत्र में आग की लपटें देखी जा सकती थीं तथा स्थानीय मीडिया ने कुछ तस्वीरें दिखाईं, जिनमें एक इंटरसेप्टर का टुकड़ा दिखाई दे रहा था, जो मध्य इजराइल के मोदीन कस्बे में एक रेलवे स्टेशन के पास गिरा था। इजराइली सेना ने कहा कि उसने अपने बहुस्तरीय हवाई सुरक्षा प्रणाली का उपयोग करके मिसाइल को हवा में ही मार गिराने के कई प्रयास किए, लेकिन अब तक यह निर्धारित नहीं किया जा सका है कि कोई प्रयास सफल रहा या नहीं। उसने कहा कि मिसाइल बीच हवा में ही टूट गई और घटना की अब भी समीक्षा की जा रही है। सेना ने कहा कि क्षेत्र में विस्फोटों की आवाज़ इंटरसेप्टर से आई थी।यमन के विद्रोही हूती ने इजराइल और फलस्तीनी चरमपंथी समूह हमास के बीच गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से इजराइल की ओर बार-बार ड्रोन और मिसाइलें दागी हैं, लेकिन उनमें से लगभग सभी को लाल सागर के ऊपर ही मार गिराया गया था। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार के हमले के बाद कैबिनेट की बैठक में जवाबी कार्वाई के संकेत दिए।

## पिछले साल नवंबर में इजराइल के हवाई हमले में तीन बंधकों के मारे जाने की संभावना : जांच रिपोर्ट

**यरुशलम।** इजराइली सेना ने कहा है कि इस बात की अधिक संभावना है कि नवंबर 2023 में मृत पाए गए तीन बंधक इजराइल के हवाई हमले में मारे गए हों। इजराइली सेना ने रविवार को कॉरपोरल निक बेजर, सार्जेंट रॉन शेरमेन और एलिया टोलेडैनो की मौत की जांच के निष्कर्ष की घोषणा की। उसने कहा कि जांच से पता चला है कि तीनों की मौत संभवतः नवंबर में हुए हवाई हमले में हुई थी, जिसमें हमास का एक वरिष्ठ कमांडर अहमद घंडौर भी मारा गया था। तीनों बंधकों को 7 अक्टूबर को हमास के हमले के दौरान अगवा कर लिया गया था। उनकी मौत का कारण हाल ही में पता चला। सेना ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि शवो को बरामद किए जाने के स्थान, पैथोलॉजिकल रिपोर्ट और अन्य खुफिया जानकारी के आधार पर हमले में उनकी मौत की अधिक संभावना है। इजराइली सेना ने कहा, उनकी मौत की परिस्थितियो को निश्चित रूप से निर्धारित करना संभव नही है।

## बांग्लादेश में हसीना और 58 अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**ढाका।** बांग्लादेश में पिछले महीने हुई हिंसक झड़प के दौरान एक छात्र की हत्या के प्रयास के आरोप में देश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 58 अन्य के खिलाफ एक और नया मामला दर्ज किया गया है। देश की पूर्व प्रधानमंत्री (76) के खिलाफ दर्ज मामलों की श्रृंखला में यह नवीनतम मामला है। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर छात्रों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के कारण शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया था और भारत चली गई थीं। बांग्लादेश के अंग्रेजी समाचार पत्र डेली स्टार में प्रकाशित खबर में बताया गया कि फहीम फैजल (22) ने यह मामला दर्ज कराया है।

# अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के मुख्य सलाहकार यूनुस से मिले

भाषा। ढाका

**अमेरिका के एक** उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को यहां बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की और उन्हें दक्षिण एशियाई देश के लोगों के वास्ते अधिक न्यायसंगत और समावेशी भविष्य बनाने के लिए आर्थिक और राजनीतिक संबंधों को विस्तार देने का आश्वासन दिया। अमेरिकी वित्त विभाग में अंतरराष्ट्रीय वित्त के सहायक मंत्री ब्रेंट नीमन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ढाका के सरकारी अतिथि गृह में यूनुस से मुलाकात की। दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के ब्यूरो के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल हुए, जो शनिवार को भारत से ढाका पहुंचे थे। बैठक के बाद अमेरिकी दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की और बांग्लादेश के लोगों के कल्याण के लिए समावेशी विकास को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बांग्लादेश को विकास संबंधी परियोजनाओं, युवाओं को सशक्त बनाने, लोकतंत्र को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने और देश में लोगों के लिए व्यापार एवं आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका 20 करोड़ डॉलर से अधिक की सहायता मुहैया करेगा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यूएसएआईडी-बांग्लादेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यूएसएआईडी ने विकास संबंधी कार्यों, युवाओं को सशक्त बनाने, लोकतंत्र और शासन को मजबूत करने, स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार और पूरे देश में लोगों के लिए व्यापार एवं आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए बांग्लादेश सरकार के साथ 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## बांग्लादेश को 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता मुहैया करेगा अमेरिका

**ढाका।** बांग्लादेश के विकास संबंधी परियोजनाओ, युवाओं को सशक्त बनाने, लोकतंत्र को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवाओ में सुधार लाने और देश मे लोगो के लिए व्यापार एवं आर्थिक अवसरो को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका करीब 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता मुहैया करेगा। अधिकारियो ने रविवार को यह जानकारी दी। बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आर्थिक संबंध प्रभाग के अतिरिक्त सचिव एकेएम शहाबुद्दीन और यूएसएआईडी (यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट) के मिशन निदेशक रीड जे. एसक्लिमन ने अपने-अपने देश की सरकारो की ओर से ढाका मे द डेवलपमेंट ऑब्जेक्टिव ग्रांट एग्रीमेंट (डीओएजी) के छठे संशोधन पर हस्ताक्षर किए। सरकारी स्वामित्व वाली बीएसएस समाचार एजेंसी ने बताया कि समझौते के तहत, यूएसएआईडी सुशासन, सामाजिक, मानवीय और आर्थिक क्षेत्रो मे अवसरो को बढ़ावा देने के लिए बांग्लादेश को 20.22 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुदान प्रदान करेगा।

## शारजाह में भव्य ओणम समारोह में 10,000 से अधिक लोग शामिल हुए

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शारजाह में रविवार को भव्य ओणम समारोह में 10,000 से अधिक लोगों ने पारंपरिक उत्साह के साथ शिरकत की और इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। शहर के मलयाली समुदाय ने 10 दिनों तक चलने वाले फसल उत्सव के सबसे शुभ दिन थिरुवोणम को बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोग कतारबद्ध दिखे, जहां उन्होंने राज्य के लोक नृत्यों और संगीत का शानदार प्रदर्शन देखा। इसमें शामिल एक शख्स ने पीटीआई वीडियो को बताया, यहां का अनुभव बहुत अच्छा है...केरल से भी ज्यादा। महिलाओं ने पारंपरिक कासवु साड़ी पहनी हुई थी जबकि पुरुष मुंडू (धोती) में समारोह में पहुंचे। उन्होंने केले के पत्तों पर परोसे गए केरल के व्यंजनों का आनंद लिया। एक अन्य शख्स ने कहा, यह एक शानदार क्षण है, यहां भारी भीड़ है। हमें केरल की याद आती है। एक अन्य व्यक्ति ने कहा, यहां आकर अच्छा लग रहा है... हम सभी एक साथ एकत्र हो रहे हैं... यह लगभग केरल जैसा है, लेकिन हमें केरल की याद आती है।

# इमरान खान ने जेल में पूछताछ के बाद अपने विरोधियों पर निशाना साधा



**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट के लिए पूछताछ किए जाने के एक दिन बाद रविवार को प्रधान न्यायाधीश, सेना और अपने प्रतिद्वंद्वी राजनेताओं समेत अपने विरोधियों पर तीखा हमला बोला। रावलपिंडी की अदियाला जेल से अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक संदेश में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान (71) ने कहा कि सरकार शीर्ष न्यायपालिका से संबंधित नियमों में बदलाव के लिए कथित तौर पर एक संवैधानिक संशोधन पेश करने जा रही है। उन्होंने कथित तौर पर न्यायपालिका को नियंत्रित करने के लिए कानूनों में बदलाव करने की कोशिश को लेकर सरकार पर निशाना साधा। खान ने कहा, कब्जाधारी माफिया और उसके संचालक राष्ट्रीय हित की परवाह किए बिना केवल अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं। इसी कड़ी के तहत न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर हमला किया जा रहा है। देश की सभी संस्थाएं नष्ट हो चुकी हैं। एक सर्वोच्च न्यायालय ही है जो देश की आखिरी उम्मीद और सहारा है।

## क्विक न्यूज

### वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो की हत्या की साजिश रचने के आरोप में छह विदेशी गिरफ्तार

**बोगोटा (कोलंबिया)।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की कथित तौर पर हत्या करने के लिए देश में दाखिल हुए छह विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। देश के आंतरिक मामलो के मंत्री डियोसडाडो कैबेलो ने सरकारी टेलीविजन पर यह जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन मे कहा कि विदेशी नागरिक वेनेजुएला की सरकार को उखाड़ फेंकने और कई मंत्रियो की हत्या करने की सीआईए नीत साजिश का हिस्सा थे। अपने संबोधन मे कैबेलो ने कुछ राइफल की तस्वीरें दिखाईं और कहा कि ए हथियार साजिशकर्ताओं के पास से बरामद किए गए हैं। आरोप है कि अमेरिका के तीन, स्पेन के दो और चेक गणराज्य का एक नागरिक मादुरो की हत्या करने के लिए इस दक्षिण अमेरिकी देश मे आए थे। गिरफ्तार किए गए अमेरिकी नागरिकों मे नौसेना का एक सदस्य भी शामिल है जिसकी पहचान कैबेलो ने विल्बर्ट जोसेफ कास्टानेडा गोमेज के रूप में की। कैबेलो ने कहा कि गोमेज नौसेना सील कमांडो का हिस्सा था और उसने अफगानिस्तान, इराक तथा कोलंबिया मे सेवाएं दी थी। वेनेजुएला मे स्पेन के दूतावास ने अपने नागरिकों की गिरफ्तारियो पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नही दी है।

### एडीबी ने पाकिस्तान को भारत की शिक्षा प्रणाली अपनाने की सलाह दी

**इस्लामाबाद।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान को खराब शिक्षा प्रणाली को सुधारने और अपने नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भारत की योजना उल्लास को अपनाने की सलाह दी है। समाज में सभी के लिए आजीवन शिक्षा की समझ (उल्लास) को भारत सरकार द्वारा पिछले वर्ष जुलाई मे निरक्षरो और औपचारिक स्कूली शिक्षा से वंचित वयस्को की सहायता के लिए शुरू किया गया था।समाचार पत्र एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, मनीला आधारित एडीबी ने यह टिप्पणी पाकिस्तान द्वारा अपनी शिक्षा प्रणाली मे सुधार लाने तथा स्कूल न जाने वाले सभी बच्चो को शिक्षा प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता का अनुरोध किए जाने के जवाब मे की है। एडीबी ने सिफारिश की है कि सरकार एक रणनीतिक और बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाए तथा भारत सरकार की नई केन्द्र प्रायोजित उल्लास जैसी योजनाओं को लागू करे।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के लिए शिक्षा के सभी पहलुओ को शामिल करते हुए पांच वर्ष की अवधि के लिए नई केन्द्र प्रायोजित योजना उल्लास को मंजूरी दी थी।

### मालदीव, भारत ने संबंधों में खटास के बाद गलतफहमियां दूर कर ली : जमीर

**माले।** मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने स्वीकार किया है कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली सरकार के शुरुआती दिनो मे भारत-मालदीव संबंध कठिन दौर से गुजरे, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनो देशों ने गलतफहमियां दूर कर ली है। जमीर ने शुक्रवार को श्रीलंका की यात्रा के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने चीन और भारत सहित अन्य प्रमुख सहयोगियो के साथ अच्छे रिश्ते कायम करने के महत्व पर जोर दिया। जमीर ने कहा कि भारत के साथ संबंधो मे चुनौतियो का सामना करना पड़ा, खास तौर पर मालदीव से भारतीय सैनिको की एक छोटी टुकड़ी हटाने के राष्ट्रपति मुइज्जू के अभियान के बाद से। उन्होंने कहा कि मालदीव से भारतीय सैनिको की वापसी के बाद दोनो देशो के बीच गलतफहमियां दूर हो गई है। द एडिशन समाचार पत्र ने जमीर के हवाले से लिखा, आप जानते ही है, हमारी सरकार के शुरुआती दिनो मे (भारत के साथ) कुछ तल्खी थी। हमारे भारत और चीन से अच्छे रिश्ते है तथा दोनो देशो ने मालदीव का समर्थन करना जारी रखा है। मुइज्जू को चीन के प्रति झुकाव रखने के लिए जाना जाता है। उनके राष्ट्रपति पद पर काबिज होने के बाद भारत-मालदीव संबंध मे खटास पैदा होने लगी। शपथ लेने के कुछ ही घंटो के भीतर मुइज्जू ने भारत से मालदीव को उपहार मे दिए गए तीन सैन्य प्लेटफॉर्म पर तैनात भारतीय सैनिको को वापस बुलाने की मांग की थी। दोनो पक्षो के बीच बातचीत के बाद भारतीय सैनिको की जगह वहां तकनीकी कर्मियो की तैनाती की गई थी। मालदीव के तीन उप मंत्रियो द्वारा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के बाद दोनो देशो के रिश्तो मे तनाव और बढ़ गया। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने खुद को इन टिप्पणियों से अलग कर लिया।

### चक्रवात बेबिन्का के करीब आने के मद्देनजर शंघाई ने सैकड़ों उड़ानें रद्द की

**बैंकॉक।** चक्रवात बेबिन्का के प्रभाव से निपटने की तैयारियो मे जुटे शंघाई प्रशासन ने रविवार को विभिन्न हवाई अड्डो से प्रस्तावित सैकड़ों उड़ाने रद्द कर दी। प्राधिकारियो ने यह जानकारी दी। बेबिन्का के सोमवार तड़के शंघाई तट से टकराने का अनुमान है। हवाई अड्डे के अधिकारियो ने एक बयान मे बताया कि स्थानीय समयानुसार रात आठ बजे के बाद शंघाई के होंगकिआओ और पुडोंग हवाई अड्डों से प्रस्तावित सभी उड़ाने रद्द कर दी गई है। इस फैसले से 600 से अधिक उड़ानें प्रभावित होंगी। शंघाई प्रशासन ने कुछ पुलो और राजमार्गों पर यातायात आवाजाही पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। चक्रवात बेबिन्का शंघाई तट से कुछ सौ किलोमीटर दूर है। चीन मौसम विज्ञान प्रशासन के मुताबिक, चक्रवात के प्रभाव से क्षेत्र में चलने वाली हवाओं के रविवार रात तक 151 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ने की संभावना है। इसके चलते बेबिन्का को एक तीव्र चक्रवात के रूप मे वर्गीकृत किया गया है। सरकारी मीडिया की खबर के अनुसार, चक्रवात के मद्देनजर शंघाई के एक जिले से 9,318 लोगो को निकालकर सुरक्षित जगहो पर पहुंचाया गया है।

### नेपाल की विदेश मंत्री देउबा कनाडा के लिए रवाना होंगी

**काठमांडू।** नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा 19 से 20 सितंबर तक टोरंटो में आयोजित महिला विदेश मंत्रियो की बैठक मे भाग लेने के लिए सोमवार को कनाडा के लिए रवाना होंगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा की पत्नी और विदेश मंत्री आरजू राणा कनाडा और जमैका द्वारा सह-आयोजित बैठक को संबोधित करेंगी। देउबा 21 सितंबर को अमेरिका के लिए रवाना होंगी जहां वह न्यूयॉर्क मे संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वे सत्र मे नेपाल के प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले एक प्रतिनिधिमंडल मे शामिल होंगी।वह चार अक्टूबर को स्वदेश लौटने से पहले दो-तीन अक्टूबर को दोहा में एशिया सहयोग वार्ता के तीसरे शिखर सम्मेलन में भी भाग लेगी।

### पाकिस्तानः विवादित सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से पूछताछ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर विवादित पोस्ट को लेकर शनिवार को अदियाला जेल में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से करीब 45 मिनट तक पूछताछ की। इस पोस्ट में कथित तौर पर प्रमुख सरकारी संस्थानों के अध्यक्षों को निशाना बनाया गया था। एफआईए ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सरकार और सरकारी संस्थानों के खिलाफ कथित तौर पर विद्रोह भड़काने के आरोप में खान के खिलाफ शुक्रवार को मामला दर्ज किया था।पूछताछ के दौरान खान से पोस्ट के पीछे मकसद को लेकर सवाल जवाब किए गए और यह भी पूछा कि उनका सोशल मीडिया खाता कौन संभाल रहा है।एफआईए टीम के जांच जारी रखने तथा यह निर्धारित करने के लिए पुनः वहां आने की उम्मीद है कि खान के सोशल मीडिया खातों के प्रबंधन तथा ऐसे पोस्ट के लिए निर्देश जारी करने के लिए कौन जिम्मेदार है। खान (71) ने पहले इस बात पर जोर दिया था कि वह केवल अपनी कानूनी टीम की उपस्थिति में ही जांच में सहयोग करेंगे और उन्होंने एफआईए जांच टीम से मिलने से इनकार कर दिया था।

# जीवों की मृत कोशिकाओं से उत्पन्न बायोबॉट्स लाभादायक

● जीवन, मरण और चिकित्सा की सीमाओं से परे ले जाते

भाषा। वाशिंगटन



**जीवन और मृत्यु** को पारंपरिक रूप से एक-दूसरे के विपरीत माना जाता है। लेकिन मृत जीव की कोशिकाओं से नए बहुकोशिकीय जीवन-रूपों का उद्भव एक तीसरी अवस्था का परिचय देता है जो जीवन और मृत्यु की पारंपरिक सीमाओं से परे है। वैज्ञानिक आमतौर पर मृत्यु को किसी जीव के संपूर्ण रूप से सक्रिय रहने में अपरिवर्तनीय रुकावट मानते हैं। हालांकि, अंग दान जैसी प्रथाएं इस बात पर प्रकाश डालती हैं कि कैसे जीव की मृत्यु के बाद भी अंग, ऊतक और कोशिकाएं काम करना जारी रख सकती हैं। इस लचीलेपन से यह सवाल उठता है कि कौन सी क्रियाविधि कुछ कोशिकाओं को किसी जीव की मृत्यु के बाद भी काम करते रहने देती है? हम अनुसंधानकर्ता हैं जो यह जांच करते हैं कि जीवों के मरने के बाद उनके अंदर क्या होता है। हमारी हाल ही में प्रकाशित समीक्षा में, हमने बताया है कि कैसे कुछ कोशिकाएं मृत्यु के बाद नए कार्यों के साथ बहुकोशिकीय जीवों में बदलने की क्षमता तब रखती हैं जब पोषक तत्व, ऑक्सीजन, बायोइलेक्ट्रीसिटी या जैव रासायनिक संकेत प्रदान किए जाते हैं। जेनोबॉट्स गतिक स्व-प्रतिकृति तैयार करने में भी सक्षम हैं, जिसका अर्थ है कि वे बिना बढ़े अपनी संरचना और कार्य को शारीरिक रूप से दोहरा सकते हैं। यह अधिक सामान्य प्रतिकृति प्रक्रियाओं से भिन्न है जिसमें जीव के शरीर के भीतर या बाहर के आकार की वृद्धि होती है। अनुसंधानकर्ताओं ने यह भी पाया कि अकेले मानव फेफड़े की कोशिकाएं छोटे बहुकोशिकीय जीवों में खुद को जोड़ सकती हैं जो इधर-उधर घूम सकते हैं। ए एंथ्रोबॉट्स (मानव श्वासनली कोशिकाओं से बने छोटे रोबोट) नए तरीके से व्यवहार करते हैं और उनकी संरचना भी नई होती है। ए न केवल अपने आस-पास के वातावरण में भ्रमण करने में सक्षम हैं, बल्कि स्वयं की तथा आस-पास स्थित क्षतिग्रस्त न्यूरॉन कोशिकाओं की मरम्मत भी कर सकते हैं। कुल मिलाकर यह दिखाती है कि कोशिका तंत्र की अंतर्निहित प्लास्टिसिटी (पर्यावरणीय कारकों के जवाब में किसी जीव की अपनी समलक्षणी या रूप बदलने की क्षमता) को प्रदर्शित करते हैं और इस विचार को चुनौती देते हैं कि कोशिकाएं और जीव केवल पूर्वनिर्धारित तरीकों से ही विकसित हो सकते हैं। तीसरी अवस्था बताती है कि जीवों की मृत्यु समय के साथ जीवन में होने वाले परिवर्तनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। पोस्टमॉर्टम की अवस्थाएं- कई कारक इस बात को प्रभावित करते हैं कि क्या कुछ कोशिकाएं और ऊतक किसी जीव के मरने के बाद भी जीवित रह सकते हैं और काम कर सकते हैं। इनमें पर्यावरण की स्थिति, चयापचय गतिविधि और संरक्षण तकनीकें शामिल हैं।

## जीवन, मृत्यु और कुछ नए का उद्भव

तीसरी अवस्था वैज्ञानिकों को कोशिका व्यवहार को समझने मे चुनौती देती है। हालांकि, कैटरपिलर का तितली में रूपांतरित होना या टैडपोल का मेंढ़क में विकसित होना, परिचित विकासात्मक परिवर्तन हो सकते है, लेकिन ऐसे बहुत कम उदाहरण है जहां जीवो में ऐसे परिवर्तन होते है जो पूर्वनिर्धारित नही होते। ट्यूमर, ऑर्गेनोइड्स (एक त्रि-आयामी ऊतक संवर्धन होता है, जो स्टेम सेल से विकसित होता है) और कोशिका रेखाएं जो पेट्री डिश में अनिश्चितकाल तक विभाजित हो सकती हैं, जैसे हेला कोशिकाएं, उन्हे तीसरी अवस्था का हिस्सा नही माना जाता है क्योंकि वे नए कार्य विकसित नही करती है। हालांकि, अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि मृत मेंढ़क भ्रूण से निकाली गईं त्वचा कोशिकाएं प्रयोगशाला में पेट्री डिश की नई परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में सक्षम थी, और स्वतः ही बहुकोशिकीय जीवो मे पुनर्गठित हो गईं, जिन्हें जेनोबॉट्स कहा जाता है। इन जीवो ने ऐसे व्यवहार प्रदर्शित किए जो उनकी मूल जैविक भूमिकाओं से कहीं आगे तक विस्तृत थे। विशेष रूप से, ए जेनोबॉट अपने सिलिया (छोटे, बाल जैसी संरचनाओं) का उपयोग अपने आस-पास के वातावरण में मार्गनिर्देशन करने और आगे बढ़ने के लिए करते है, जबकि एक जीवित मेंढ़क भ्रूण में, सिलिया का उपयोग आमतौर पर बलगम को स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है।

## अंतरिक्ष की सैर करके धरती पर लौटे अरबपति जेरेड आइजैक्मैन

**केप केनवरल।** अरबपति प्रौद्योगिकी उद्यमी जेरेड आइजैकमैन अपने साथियों के साथ पांच दिन की अंतरिक्ष की सैर करके रविवार को धरती पर लौट आए। स्पेसएक्स का ड्रैगन नामक एक यान आइजैकमैन, स्पेसएक्स के दो इंजीनियरों और वायुसेना के पूर्व पायलट को लेकर रविवार तड़के फ्लोरिडा के ड्राई टॉर्टुगस द्वीप के निकट मैक्सिको की खाड़ी में उतरा। उन्होंने पृथ्वी से लगभग 460 मील (740 किलोमीटर) ऊपर, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन और हबल स्पेस टेलीस्कोप से भी अधिक ऊंचाई पर पहली निजी यात्रा की। मंगलवार को उड़ान भरने के बाद उनका अंतरिक्ष यान 875 मील (1,408 किलोमीटर) की ऊंचाई पर पहुंच गया था। आइजकमैन अंतरिक्ष की सैर करने वाले 264वें व्यक्ति बन गए हैं। 1965 में पूर्व सोवियत संघ ने अंतरिक्ष सैर की शुरुआत की थी।

# गिल को आराम दिया जाएगा

**● बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम पर चर्चा**

**भाषा** । नई दिल्ली



**भारतीय उपकप्तान** शुभमन गिल उन प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत बांग्लादेश के खिलाफ सात अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए आराम दिया जाएगा। टेस्ट मैचों में भारत के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले गिल, रोहित शर्मा, विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल के साथ टीम के शीर्ष क्रम में अहम खिलाड़ी हैं और उनके इस सत्र में सभी 10 टेस्ट खेलने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए गिल के अलावा कुछ और महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को भी आराम दिया जाएगा। भारत अपने आगामी अंतरराष्ट्रीय सत्र की शुरुआत 19 सितंबर से चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के साथ करेगा जिसका दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा।बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर पीटीआई को बताया, हां, शुभमन को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए आराम दिया जाएगा। अगर आप मैचों की सूची देखें तो तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय सात अक्टूबर (ग्वालियर), 10 अक्टूबर (दिल्ली) और 13 अक्टूबर (हैदराबाद) को खेले जाएंगे। अब न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टेस्ट 16 अक्टूबर से शुरू होगा। इसलिए सिर्फ तीन दिन के अंतर के कारण गिल को आराम देना महत्वपूर्ण है। गिल ने अब तक 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और उनके नाम एक शतक और तीन अर्द्धशतक हैं। उन्होंने लगभग 140 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। उन्हें हाल ही में हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए कप्तान नियुक्त किया गया था जिसे भारत ने 4-1 से जीता था। मौजूदा सत्र में टी20 अंतरराष्ट्रीय भारतीय टीम के लिए सबसे कम महत्वपूर्ण है जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से मिलने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक उसके एजेंडे में सबसे ऊपर हैं। साथ ही टीम के लिए एकदिवसीय प्रारूप भी महत्वपूर्ण है क्योंकि फरवरी-मार्च में चैंपियन्स ट्रॉफी इसी प्रारूप में खेली जाएगी। समझा जा रहा है कि टेस्ट टीम में शामिल अधिकतर खिलाड़ियों के बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में खेलने की संभावना नहीं है। रोहित, विराट और रविंद्र जडेजा की तिकड़ी ने सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया है जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को भी कार्यभार प्रबंधन की जरूरतों के अनुसार आराम दिया जाएगा।

## बांग्लादेश की टीम चेन्नई पहुंची

**चेन्नई।** पाकिस्तान में टेस्ट श्रृंखला में 2-0 की सफलता के बाद आत्मविश्वास से भरी बांग्लादेश की टीम दो टेस्ट मैचों और तीन टी20 मैचों के लिए रविवार को भारत पहुंची, जहां कप्तान नजमुल हसन शंटो ने आने वाले सप्ताह में टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई। बांग्लादेश की टीम 19 सितंबर से शुरू होने वाले शुरुआती टेस्ट के लिए रविवार दोपहर को चेन्नई पहुंची। ढाका से चेन्नई के लिए उड़ान भरने से पहले शंटो ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा यह निश्चित रूप से हमारे लिए एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण श्रृंखला होगी। उन्होंने कहा, एक अच्छी श्रृंखला (बनाम पाकिस्तान) के बाद निश्चित रूप से टीम और देश के लोगो का आत्मविश्वास बढ़ा है। प्रत्एक श्रृंखला एक अवसर है। हम दोनों मैच जीतने के लिए खेलेंगे। भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में शीर्ष पर है लेकिन बांग्लादेश के कप्तान का मानना है कि मैच का प्रदर्शन रैंकिंग पर निर्भर नही होता और यह सब इस बात पर निर्भर करेगा कि उनकी टीम उन पांच दिनों के दौरान कैसा प्रदर्शन करती है। शंटो ने कहा, रैंकिंग में उनकी टीम हमसे काफी आगे है लेकिन हमने हाल ही में अच्छा प्रदर्शन किया है। हमारी श्रृंखला अच्छी रही है। हमारा लक्ष्य पांच दिनों तक अच्छा खेलना होगा। बांग्लादेश की टीम को इस दौरे के लिए पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है। बांग्लादेश टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय टीमों के लिए होने वाला सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू था। टीम की बस के साथ होटल तक दो पुलिस वैन मौजूद थी। होटल पहुंचने पर खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और कर्मचारियों ने उन पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाईं। पूरी टीम होटल की एक मंजिल पर रहेगी और प्रोटोकॉल के तहत वहां सशस्त्र सुरक्षाकर्मी मौजूद रहेंगे। बांग्लादेश पिछले महीने अशांति के दौर से गुजरा है। आरक्षण के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन काफी हिंसक हो गया था जिसके कारण पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद के साथ देश छोड़ना पड़ा था। देश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हमलों के साथ सांप्रदायिक झड़पों खबरें अब भी आ रही है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बांग्लादेश क्रिक्रेट बोर्ड (बीसीबी) को देश में उनके तीन सप्ताह के प्रवास के दौरान पर्याप्त सुरक्षा मुहैया करने का आश्वासन दिया है। बांग्लादेश सोमवार से अभ्यास शुरू करेगा।



# भारतीय टीम एशियाई हॉकी का सेमीफाइनल में प्रबल दावेदार

**● कोरिया के खिलाफ मुकाबला आज**

**भाषा** । हुलुनबुइर (चीन)



**शानदार फॉर्म में चल** रही पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम सोमवार को यहां होने वाले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कोरिया के खिलाफ प्रबल दावेदार होगी। भारतीय टीम ने अभी तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है, उसने पांचों लीग मैच जीते हैं। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने अपने अभियान की शुरुआत मेजबान चीन पर 3-0 की जीत के साथ की। युवा मिडफील्डर राज कुमार पाल ने भी कुछ अच्छे मैदानी गोल दागे। इसके अलावा अनुभवी मनप्रीत सिंह, उप कप्तान विवेक सागर प्रसाद और नीलकांत शर्मा ने मिडफील्ड में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। भारतीय डिफेंस भी दमदार रहा है जिसने केवल चार गोल गंवाए हैं। वहीं गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा ने टीम को करिश्माई पीआर श्रीजेश के संन्यास से पैदा हुए खालीपन को महसूस नहीं होने दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकर में से एक हरमनप्रीत ने पेरिस की अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखते हुए पांच पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। हरमनप्रीत को युवा जुगराज सिंह से अच्छा सहयोग मिल रहा है जो इस समय दुनिया के सबसे तेज ड्रैगफ्लिकर हैं। लेकिन नॉकआउट मुकाबला किसी भी टीम के लिए नई शुरुआत होता है तो भारतीय टीम कोरिया को हल्के में लेने की गलती नहीं कर सकती क्योंकि प्रतिद्वंद्वी टीम का दिन अच्छा रहे तो वह हैरान कर सकती है। कोरिया ने मलेशिया के खिलाफ अंतिम समय में गोल कर वापसी की और 3-3 से ड्रॉ खेलकर अपनी सेमीफाइनल की उम्मीदों को जीवंत रखा। भारतीय डिफेंस को भी बहुत अधिक पेनल्टी कॉर्नर नहीं गंवाने के बारे में सतर्क रहना होगा क्योंकि सात गोल कर चुके टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर जिहुन यांग के रूप में कोरिया के पास एक मजबूत ड्रैगफ्लिकर है। दिन के दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना मेजबान चीन से होगा। फाइनल मंगलवार को होना है। हरमनप्रीत ने अपनी टीम के साथी खिलाड़ियों को चेताया कि वे कोरिया को हल्के में नहीं लें, भले ही उनकी टीम ने इस टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया हो। हम इस टूर्नामेंट में अपने ओलंपिक अभियान के बाद बहुत कम आराम या तैयारी के साथ आए थे

## लाहिड़ी गोल्फ व्यक्तिगत चैंपियनशिप में संयुक्त 12वें स्थान पर खिसके

**शिकागो।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी शनिवार को यहां दूसरे दौर में एक ओवर 71 के स्कोर से 2024 लिव गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर खिसक गए।लाहिड़ी ने दूसरे दिन दो बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी भी कर गए। दो दिन के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर 36 है।लाहिड़ी ने पहले दौर में तीन अंडर 67 के स्कोर से टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की थी। जॉन राहम बोगी रहित छह अंडर 64 के स्कोर से कुल सात अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रहे हैं। सर्जियो गार्सिया उनसे एक शॉट पीछे छह अंडर के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर है।

## शुभंकर तीसरे दौर के बाद संयुक्त 36वें स्थान पर खिसके

**रॉयल काउंटी डाउन (उत्तरी आयरलैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने आयरिश ओपन के तीसरे दिन मुश्किल भरे हालात में पांच ओवर 76 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 15वें से संयुक्त 36वें स्थान पर खिसक गए। शुभंकर ने महज एक बर्डी लगाई जबकि दो बोगी और दो डबल बोगी कर बैठे। तीसरे दिन काफी तेज हवा चल रही थी जिससे केवल चार खिलाड़ी ही 70 के अंदर का कार्ड खेल पाए। रोरी मैकलरॉय तीसरे दिन दो अंडर पार 69 का कार्ड खेलकर शीर्ष पर बने हुए हैं और आयरिश ओपन खिताब जीतने की ओर बढ़ रहे है।

## एमबाप्पे और विनिसियस के गोल से मैड्रिड ने सोसीदाद को हराया

**बार्सीलोना।** काइलियान एमबाप्पे और विनिसियस जूनियर ने पेनल्टी को गोल में बदला जिससे रीयाल मैड्रिड ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में रीयाल सोसीदाद को 2-0 से हराया। सर्जियो गोमेज के हैंडबॉल करने के बाद मैड्रिड को पेनल्टी मिली जिसे विनिसियस ने 58वें मिनट में गोल में बदलकर टीम को।-0 की बढ़त दिलाई। मैड्रिड को सोसीदाद के डिफेंडर जॉन अरामबुरु के फाउल पर 75वें मिनट में एक और पेनल्टी मिली जिसे एमबाप्पे ने गोल में बदलकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। दिन के अन्य मुकाबालों में सेविला ने गेटाफे को।-0 से हराया जबकि इस्पानयोल ने अलावेस को 3-2 से शिकस्त दी।

## 68वीं जनपदीय विद्यालयी क्रिकेट टीम का चयन 20 सितंबर से

लखनऊ। 68वीं जनपदीय विद्यालयी क्रिकेट टीम का चयन 20 सितंबर 2024 से क्रिश्चियन कॉलेज, गोलागंज, लखनऊ के क्रीड़ा स्थल पर किया जा रहा है। इसमें अंडर-17, 19 बालिका वर्ग एवं अंडर-14, 17 व 19 बालक वर्ग के खिलाड़ियों का चयन प्रदर्शन के आधार पर किया जायेगा। सेंटीनियल इंटर कॉलेज के क्रीड़ा अध्यापक स्वपनिल वाटसन ने बताया कि जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व सेंटीनियल इंटर कॉलेज एवं लाला रामस्वरूप शिक्षण इंटर कॉलेज बंथरा को दिया गया हैं। इच्छुक खिलाड़ी अपनी पात्रता जिला विद्यालय निरीक्षक, लखनऊ द्वारा प्रमाणित करा कर आधार कार्डए जन्म प्रमाणपत्र पिछली कक्षा की मार्कशीट तथा पेन नंबर के साथ 20 सितंबर 2024 को सुबह 9 बजे मैदान पर आ सकते हैं।

# भारत सी दलीप ट्रॉफी तालिका में शीर्ष पर पहुंचा

**● कंबोज के आठ विकेट**

**भाषा** । अनंतपुर



**तेज गेंदबाज** अंशुल कंबोज के आठ विकेट की मदद से भारत सी रविवार को यहां दलीप ट्रॉफी मैच के चौथे और आखिरी दिन भारत बी के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल कर तालिका में शीर्ष पायदान पर पहुंच गया। भारत बी ने चौथे दिन सात विकेट पर 309 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन टीम 108 ओवर में 332 रन पर आउट हो गई। मैच के तीसरे तीन पांच विकेट चटकाने वाले कांबोज ने आखिरी तीनों विकेट लेकर प्रथम श्रेणी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत बी के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन 286 गेंदों पर 157 रन बनाकर नाबाद रहे।पहली पारी में 525 रन बनाने वाली भारत सी ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 128 रन बनाए। इसी समय दोनों टीमों ने मैच को ड्रॉ समाप्त करने पर सहमति जता दी। पहली पारी में बढ़त से तीन अंक हासिल करने वाले भारत सी के नाम दो मैचों में नौ अंक हो गए और वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। भारत बी को इस ड्रॉ मैच से एक अंक मिला।भारत सी की दूसरी पारी में कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (62) ने मैच में अपना दूसरा अर्धशतक लगाया, जबकि रजत पाटीदार लगातार दूसरी बार 40 के आसपास आउट हुए।दलीप ट्रॉफी के इतिहास में यह केवल तीसरी बार था जब किसी तेज गेंदबाज ने एक पारी में आठ विकेट या उससे अधिक विकेट लिए हों। कंबोज को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। प्रथम श्रेणी का अपना 15वां मैच खेल रहे हरिणाया के कंबोज ने पहली बार पांच विकेट चटकाए। वह इस सत्र में आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं।इस मैच में भारतीय खिलाड़ी ईशान किशन ने भी प्रभावित किया। राष्ट्रीय टीम से बाहर चल रहे इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने लाल गेंद क्रिकेट में वापसी करते हुए भारत सी के लिए पहली पारी में 126 गेंदों में 111 रन

**भुई के शतक के बावजूद भारत ए से 186 रन से हारा भारत डी**

अनंतपुर। रिकी भुई के शतक ने भारत ए के जीत के इंतजार को बढ़ाया लेकिन शम्स मुलानी और तनुष कोटियान की फिरकी के जादू से टीम रविवार को यहां दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत डी को 186 रन से हराने में सफल रही।कल के 44 रन से आगे खेलते हुए भुई ने 195 गेंद में 14 चौकों और तीन छक्कों से 113 रन की पारी खेली लेकिन इसके बावजूद 488 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत डी की टीम 301 रन पर सिमट गई। इस जीत से भारत ए को छह अंक मिले जिससे टीम खिताब की दौड़ में बनी हुई है। टीम को हालांकि 19 सितंबर से यहां होने वाले अगले मैच में अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे भारत सी (नौ अंक) के खिलाफ अनुकूल नतीजे की जरूरत होगी।लगातार दो हार के साथ खिताब की दौड़ से बाहर हुए भारत डी को अगले मैच में दूसरे स्थान पर मौजूद भारत बी से भिड़ना है जिसके सात अंक है।भारत डी के बल्लेबाजों को कोटियान (73 रन पर चार विकेट) और मुलानी (117 रन पर तीन विकेट) ने काफी परेशान किया। भुई के अलावा कोई भी बल्लेबाज टिक्कर नही खेल पाया। भुई ने यश दुबे (37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 100 रन जोड़े। दुबे के रन आउट होने से यह साझेदारी टूटी। अगले ओवर में

## क्विक न्यूज

### पीएसपीबी ने हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती

**पुणे।** पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) ने रविवार को यहां रोमांचक शूटआउट में रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) को हराकर चौथी हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का खिताब जीता। पिंपरी के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी ) ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को 4-0 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। कांटे की टक्कर वाले फाइनल में दोनों टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ, जिसका फैसला अंततः पेनल्टी शूटआउट से करना पड़ा। दर्शन विभव गावकर (11 वां मिनट) ने शुरुआत में आरएसपीबी को बढ़त दिलाई, लेकिन तलविंदर सिंह (59 वां मिनट) ने आखिरी क्षणों में गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। शूटआउट में, सुमित कुमार, शिलानंद लाकड़ा, कप्तान देवेंद्र वाल्मीकि ने गोल किए जबकि गोलकीपर पंकज कुमार रजक ने शानदार बचाव के साथ पीएसपीबी की जीत सुनिश्चित की।इससे पहले तीसरे स्थान के मैच में शुरुआती हाफ गोल रहित रहने के बाद सुशील धनवार और हरमन सिंह ने दो-दो गोल करके एसएससीबी को शानदार जीत दिलाई।

### झारखंड और ओडिशा जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

**जालंधर।** झारखंड ने रविवार को यहां गुजरात को जबकि ओडिशा ने दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव को हराकर 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।सोमवार को होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में झारखंड का सामना हरियाणा से जबकि ओडिशा का पंजाब से होगा।झारखंड ने गुजरात को 27-0 से करारी शिकस्त दी। उसकी तरफ से एडिसन मिंज ने छह, गौरान लोहरा ने पांच, रोशन एक्का और दीपक सोरेंग ने चार-चार जबकि बारेक कमल ने तीन गोल किए। ओडिशा ने दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव को 5-2 से हराया। इससे पहले खेले गए मैचों में आंध्र प्रदेश और दिल्ली ने 5-5 से ड्रॉ खेला।
दिन के पहले मैच में हरियाणा ने राजस्थान को 6-। से हराया जबकि कर्नाटक ने भी केरल को इसी स्कोर से शिकस्त दी। पंजाब ने मिजोरम को 7-। से हराया।

### मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने फिलाडेल्फिया यूनियन को 3-1 से हराया



**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** लंबे समय बाद वापसी कर रहे स्टार खिलाड़ी लियोनल मेस्सी के दो गोल की मदद से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में शनिवार को यहां फिलाडेल्फिया यूनियन को 3-। से हराया।अर्जेन्टीना के स्टार खिलाड़ी मेस्सी राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और 14 जुलाई को कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया के खिलाफ।-0 की जीत के दौरान दाएं टखने में लगी चोट के कारण एक जून के बाद पहली बार इंटर मियामी की ओर से खेल रहे थे।मेस्सी ने 26वें और 30वें मिनट में गोल दागे और दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में लुई सुआरेज (90 प्लस आठ मिनट) के गोल में मदद भी की।फिलाडेल्फिया यूनियन की ओर से एकमात्र गोल मिखाइल उहरे ने दूसरे मिनट में किया।

### एसी मिलान ने वेनेजिया को हराया

*मिलान।* एसी मिलान ने शनिवार को यहां वेनेजिया को सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में 4-0 से हराया जो नए कोच पाउलो फोनसेका के मार्गदर्शन में टीम की पहली जीत है। थियो हर्नांडेज ने दूसरे ही मिनट में मिलान को बढ़त दिलाई जिसके बाद यूसुफ फोफाना ने 16वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। क्रिस्टियन पुलिसिच (25वें मिनट) और टैमी अब्राहम (29वें मिनट) ने पेनल्टी पर गोल दागकर मिलान की 4-0 से जीत सुनिश्चित की।बोलोगना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोमो को 2-2 से बराबरी पर रोका जबकि यूवेंट्स ने एम्पोली से गोल रहित ड्रॉ खेला।

### भारतीय एफ्टू ड्राइवर मैनी दुर्घटना में बाल-बाल बचे

बाकू। भारतीय ड्राइवर कुश मैनी रविवार को यहां फार्मूला टू रेस के दौरान एक गंभीर दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। फार्मूला टू रेस को फार्मूला वन रेस का सहायक रेस माना जाता है। यह भीषण दुर्घटना फार्मूला वन के अजरबैजान ग्रां प्री से पहले फॉर्मूला टू रेस के शुरुआती लैप में घटी। इस 23 साल के भारतीय ड्राइवर की कार अचानक रुक गई और पीछे से आ रहे उनके साथी ड्राइवरों जोसेप मारिया मार्टी और ओलिवर गोएथे की कारें उनकी कार से टकरा गई। इस भीषण दुर्घटना में कुश की कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह से नष्ट हो गया लेकिन वह सुरक्षित रूप से बाहर निकलने में सफल रहे। कुश के पिता गौतम ने पीटीआई-भाषा से पुष्टि की कि उनका बेटा ठीक है।

### खेल पत्रकारिता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अपील

**काठमांडू।** एआईपीएस (खेल पत्रकारों का अंतरराष्ट्रीय संघ) एशिया महिला मंच के यहां आयोजित विशेष सम्मेलन में खेल पत्रकारिता में महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने की आवश्यकता मुख्य मुद्दा रहा।यह विशेष कार्यक्रम एआईपीएस एशिया की 25वीं कांग्रेस के दौरान आयोजित किया गया था।कार्यक्रम में इस विषय पर चर्चा की गई की क्या खेल पत्रकारिता में महिलाओं के अधिक भागीदारी की जरूरत है।यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार खेल पत्रकारिता में पुरुषों का वर्चस्व है और चर्चा के दौरान महिला खेल पत्रकारों के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर किया गया।विज्ञप्ति में कहा गया, यह मंच इस बात की याद दिलाता है कि खेल पत्रकारिता में महिलाओं की आवाज समान रूप से सुनी जाए यह सुनिश्चित करने के लिए अब भी कितना काम करने की जरूरत है।

### बटलर के चोटिल होने के कारण ब्रूक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में इंग्लैंड का नेतृत्व करेंगे

लंदन। पिंडली की चोट के कारण जोस बटलर के टीम से बाहर होने के बाद हैरी ब्रूक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में पहली बार इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे। इस साल जून के अंत में गुयाना में भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड की हार के बाद से बटलर ने कोई प्रतिस्पर्धी मैच नही खेला है।इस चोट के कारण उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भी टीम में नही चुना गया था। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया था लेकिन चोट से उबरने में विफल रहने के बाद वह टीम से बाहर हो गए है। पच्चीस साल के ब्रूक ने इंग्लैंड के लिए सिर्फ 15 वनडे मैच खेले है लेकिन टीम प्रबंधन उन्हें भविष्य के कप्तान के तौर पर देखता है। बटलर की अगुवाई में जब वनडे टीम की घोषणा की गई थी तब उन्हें उपकप्तान घोषित किया गया था। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला का आगाज गुरुवार को ट्रेंट ब्रिज में होगा।

## क्रिकेट को लेकर अश्विन के दिमाग और सोच का सम्मान करता हूं: ख्वाजा

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा कि वह पिछले कुछ वर्षों से भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाते रहे हैं क्योंकि वह ऐसे गेंदबाज है जिसके पास हमेशा योजना और रणनीति होती है। अश्विन (39 विकेट) ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले भारतीय गेंदबाजों में तीसरे स्थान पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैचों में उनसे अधिक विकेट अनिल कुंबले (49) और कपिल देव (51) के नाम हैं। वह इन दोनों देशों की सभी द्विपक्षीय श्रृंखलाओं (घरेलू और विदेशी) में 114 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज है। इसमें सात बार पांच विकेट चटकाना भी शामिल है। रवि बहुत अच्छे गेंदबाज हैं। वह बहुत रणनीतिक हैं। उनके पास बल्लेबाजों के लिए हमेशा एक योजना होती है। वह बल्लेबाजों की खामियों का पता लगाने और मैच के दौरान दबदबा बनाने की कोशिश करते रहते हैं। मैं इसका सम्मान करता हूं। मैं उसके क्रिकेट दिमाग का सम्मान करता हूं। उसके खिलाफ खेलना हमेशा अच्छा होता है और मैं हमेशा इस तरह की चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहता हूं। यह अश्विन का ऑस्ट्रेलिया का पांचवां टेस्ट दौरा होगा। वह 2011-12, 2014-15, 2018-19 और 2020-21 में खेली गई टीमों का हिस्सा रहे हैं। उन्हें हालांकि पिछले दो दौरों पर चोट की समस्या थी। भारत के खिलाफ लगातार अच्छी बल्लेबाजी करने वाले ट्रेविस हेड का मानना है कि पिछले दो दौरे पर जीत दर्ज करने के बावजूद भारतीय टीम आगामी बॉर्डर गावस्कर टेस्ट श्रृंखला के लिए जीत की प्रबल दावेदार नहीं होगी।

# रामकुमार-बालाजी और सिद्धार्थ हारे

**● डेविस कप: स्वीडन से छठी बार हारा भारत**

**भाषा** । स्टॉकहोम



**रामकुमार रामनाथन** और एन श्रीराम बालाजी टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए तथा पुरुष युगल के करो या मरो मैच में हार गए जबकि सिद्धार्थ विश्वकर्मा भी पहले उलट एकल में कोई कमाल नहीं दिखा पाए जिससे स्वीडन ने भारत के खिलाफ रविवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप एक के इस मुकाबले में 4-0 की अजेय बढ़त हासिल की।भारत शनिवार को दोनों एकल मैच हार गया था और मुकाबले में बने रहने के लिए उसे पुरुष युगल में जीत की जरूरत थी, लेकिन रामकुमार और बालाजी एक घंटे और 19 मिनट तक चले मैच में आंद्रे गोरानसन और फिलिप बर्गेवी से 3-6, 4-6 से हार गए।इस तरह से भारत का स्वीडन के खिलाफ डेविस कप में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। यह उसकी स्वीडन के हाथों छठी हार है।इससे उलट एकल के मैच औपचारिक बन गए थे लेकिन कप्तान रोहित राजपाल ने पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन सिद्धार्थ को आजमाने का फैसला किया। भारत की तरफ से डेविस कप में पदार्पण कर रहे सिद्धार्थ कोई कमाल नहीं दिखा पाए और इलियास यामेर से 2-6, 2-6 से हार गए।भारत के पास स्वीडन को हराने का यह सर्वश्रेष्ठ अवसर था क्योंकि मेजबान देश ने अपनी कमजोर टीम को उतारा था। भारतीय टीम हालांकि इसका फायदा नहीं उठा पाई।

# रायल स्पोर्टिंग बहराईच ने जीते दो मुकाबले

**लखनऊ।** वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के तत्वावधान में डीपी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को खेले मुकाबलों में रायल स्पोर्टिंग बहराईच ने दो मुकाबले जीते। एलडीए स्टेडियम पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में आज टाइगर क्लब व लवकुश नगर गौरी वारियर्स ने भी अपने.अपने मुकाबले जीते। रायल स्पोर्टिंग बहराईच ने पहले मैच में बीएलटीसी को 5 विकेट से हराया। बीएलटीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट पर 82 रन बनाए। जवाब में रायल स्पोर्टिंग बहराईच ने मैन ऑफ द मैच समीर की 50 रन की उपयोगी पारी से 5 विकेट पर 83 रन बनाकर मैच जीत लिया। बेस्ट कैच का पुरस्कार बीएलटीसी के सचिन को मिला।रायल स्पोर्टिंग बहराईच ने अपने दूसरे मैच में निरालानगर क्लब को 55 रन से हराया। रायल स्पोर्टिंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 161 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच मुन्ना ने 19 गेंदों पर 1 चौके व 8 छक्के से 56 व अंकित ने 18 गेंदों पर 1 चौके व 5 छक्के से 42 रन बनाए। जवाब में निरालानगर क्लब 7 विकेट पर 106 रन ही बना सका। रायल स्पोर्टिंग बहराईच से समीर को 4 विकेट की सफलता मिली। बेस्ट कैच का पुरस्कार निरालानगर क्लब के ऋषभ को मिला।दिन के दूसरे मैच में टाइगर क्लब ने अम्बेडकरनगर इलेवन को 32 रन से हराया। जीत में मैन ऑफ द मैच मुकुल ने 6 विकेट की सफलता पाई। टाइगर क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 95 रन बनाए। सुरेंद्र ने 32 व अर्पित ने 30 रन का योगदान किया। अम्बेडकरनगर इलेवन से अंकुर को 4 विकेट की सफलता मिली। जवाब में अम्बेडकरनगर इलेवन 63 रन पर ऑल आउट हो गया। बेस्ट कैच का पुरस्कार अम्बेडकरनगर के अंकुर को मिला।इस मैच के मैन ऑफ द मैच को वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेश वाल्मीकि,कमल वाल्मीकिए आयोजन समिति के संरक्षक चौधरी वीर सिंह, अध्यक्ष वाल्मीकि अंकित घावरीए महामंत्री आशीष घावरीए राहुल राजन व पवन चौधरी ने पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर ललित वाल्मीकिए ईशानए दिनेश वाल्मीकिए रूद्र कुमार, अमन रफ्तार, रमन पंडित व दिनेश भी मौजूद रहे। चौथे मैच में लवकुश नगर गौरी वारियर्स ने बाल्दा सुपर किंग्स को 77 रन से हराया।

### आनन्द किशोर पाण्डेय को खेल सुविधा प्रबंधन के लिए मिला इंटरनेशनल बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड



**लखनऊ।** खेल सुविधा प्रबंधन के माध्यम से स्पोर्ट्स कल्चर के प्रसार में योगदान कर रहे लखनऊ के डाआनन्द किशोर पाण्डेय को इंटरनेशनल बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। साल 2024 के लिए खेल सुविधा प्रबंधन में मोस्ट प्रोमिसिंग एंड डायनेमिक रोल के लिए यह अवार्ड डाआनन्द किशोर पाण्डेय को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह के दौरान दिया गया। ब्रांडमैन इंडिया द्वारा हाल ही में नई दिल्ली के क्राउन प्लाजा में आयोजित इस समारोह में अभिनेता बिंदु दारा सिंह पहलवान दारा सिंह के सुपुत्रने खेल प्रमोटर व स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक डाआनन्द किशोर पाण्डेय को प्रदान किया। अभिनेता बिंदु दारा सिंह ने इस अवसर पर कहा कि खेल प्रमोटर व स्पोर्ट्स फैसिलिटी मैनेजमेंट के माध्यम से खेल व खिलाड़ी को बढ़ावा देने में सतत सक्रिय डाण् आनन्द किशोर पाण्डेय को एक उदाहरण बताया। यह अवार्ड उनकी अथक प्रतिबद्धता का एक प्रतीक है और उनके समर्पण का उदाहरण है। डा.आनन्द किशोर पाण्डेय देश के कई प्रसिद्ध शिक्षण संस्थाओं एवं विश्वविद्यालय के साथ खेल प्रबंधन के लिए कार्य कर रहे हैं।

# फ्रैक्चर के बावजूद डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लिया : चोपड़ा

ब्रसेल्स। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने रविवार को खुलासा किया कि उन्होंने बाएं हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद डायमंड लीग सत्र के फाइनल में हिस्सा लिया। वह दाएं हाथ से भाला फेंकते हैं और यह फ्रैक्चर ट्रेनिंग के दौरान हुआ था। चोपड़ा शनिवार को डायमंड लीग का खिताब जीतने के बेहद करीब पहुंच गए थे लेकिन एक सेंटीमीटर से चूक गए और लगातार दूसरे साल 87.86 मीटर के थ्रो से दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा (26 वर्ष) ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कहा, सोमवार को अभ्यास के दौरान मैं चोटिल हो गया था और एक्स-रे से पता चला कि मेरे बाएं हाथ की (चौथी मेटाकार्पल) हड्डी में फ्रैक्चर है। यह मेरे लिए एक और दर्दनाक चुनौती थी। लेकिन अपनी टीम की मदद से मैं ब्रसेल्स में भाग लेने में सफल रहा। मेटाकार्पल हथेली की वो हड्डियां होती हैं जो हाथ में उंगलियों और कलाई के बीच होती हैं। प्रत्एक हाथ में पांच मेटाकार्पल होते हैं जिनमें से प्रत्एक हड्डी एक विशिष्ट उंगली से जुड़ी होती है। चोपड़ा अपने दाहिने हाथ से भाला फेंकते हैं। वह ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स से पीछे रहे जिन्होंने अपने पहले प्रयास में 87.87 मीटर दूर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता। चोपड़ा ने 2022 में खिताब जीता था और इसके बाद लगातार दूसरी बार डायमंड लीग फाइनल उपविजेता रहे।वह आम तौर पर भाला छोड़ने के बाद फॉलो थ्रू में अपनी बाई हथेली को जमीन पर छूते हुए गिरते हैं। शनिवार को अपने सभी छह प्रयासों में चोपड़ा नीचे गिरने और अपनी बाई हथेली को जमीन से छूने से बचते रहे। हरियाणा का यह एथलीट इस सत्र में फिटनेस से जूझता रहा है और उम्मीद है कि वह ग्रोइन चोट को ठीक करने के लिए डॉक्टर से मिलेंगे जिसने उन्हें पूरे सत्र में प्रभावित किया।अब उन्हें हाथ में चोट लग गई है और उन्होंने इसके बारे में ज्यादा विस्तार से नहीं बताया। इस फ्रैक्चर को ठीक होने में कुछ महीने लगेंगे। तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद पेरिस खेलों में रजत जोड़कर उन्होंने सत्र का शानदार अंत किया।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड,ए-8, सेक्टर-7, जिला-गौतमबुद्ध नगर, नोएडा ( उ.प्र. )-201301, दूरभाष-01202470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।